


राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

पटना एवं दिल्ली से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 श्रेयस अय्यर में कप्तानी के स्वाभाविक गुणः रवि शास्त्री

श्रीलंका के राष्ट्रपति ने 17 मंत्रियों की नयी कैबिनेट का गठन किया 12



वर्ष : 09 | अंक : 340 | पटना, मंगलवार, 19 अप्रैल, 2022 | वैशाख कृष्ण, तृतीया, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


**मौसम**

अधिकतम तापमान 40.0°C
न्यूनतम तापमान 30.0°C

बुधवार और गुरुवार को राजधानी दिल्ली में हल्की बारिश होने के आसार जताए गए हैं।

**पोल**

**बढ़ती महंगाई पर दिल्ली में ओला उबर व ऑटो ड्राइवरों का हड़ताल करना क्या सही है?**

| | |
|---|---|
| हां | 50% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 20% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 55,300 |
| चांदी | 69,900 |
| सेंसेक्स | 57,166 |
| निफ्टी | 17,173 |

## संक्षिप्त खबर

### देश के नए आर्मी चीफ होंगे लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे

नई दिल्ली। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे भारत के अगले थलसेनाध्यक्ष होंगे। पांडे सेना के वर्तमान उप-प्रमुख हैं और वह जनरल एम.एम. नरवणे की जगह लेंगे जो इस महीने के अंत तक सेवानिवृत्त होने वाले हैं। बता दें कि लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे पहले इंजीनियर होंगे, जो भारतीय सेना की कमान संभालेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे ने अपनी 37 साल की सेवा में ऑपरेशन विजय और ऑपरेशन पराक्रम में सक्रिय भाग लिया है। केंद्र सरकार ने उनकी नियुक्ति को हरी झंडी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को कहा, ''सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे को अगले सेनाध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने का फैसला किया है।'' 30 अप्रैल को लेफ्टिनेंट जनरल मनोज पांडे को भारतीय सेना की कमान सौंपी जाएगी।

### मोदी करेंगे दुनिया के पहले वैश्विक परंपरागत औषधि केंद्र का उद्घाटन

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को गुजरात के जामगनगर में मारीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद्र जगन्नाथ तथा विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉ. टेड्रोस घेब्रेयसस की उपस्थिति में दुनिया के पहले डब्ल्यूएचओ वैश्विक परंपरागत औषधि केंद्र (डब्ल्यूएचओ ग्लोबल सेंटर फॉर ट्रेडिशनल मेडिसिन) का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर तीनों नेता केंद्र के भवन का शिलान्यास भी करेंगे। केंद्रीय आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा है कि वैश्विक परंपरागत औषधि केंद्र का प्राथमिक उद्देश्य दुनिया भर से पारंपरिक चिकित्सा के लाभों को आधुनिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी के साथ एकीकृत करना है। यह पहल भारत के साथ-साथ वैश्विक समुदाय के लिए सस्ती और विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाओं को विकसित करने में मदद करेगी।

# धर्म के नाम पर गड़बड़ी फैलाना ठीक नहीं है: नीतीश कुमार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



- बिहार शुरू से सांप्रदायिक सौहार्द का उदाहरण रहा है
- सहयोगियों को स्पष्ट कहा है कि विवादित बयान न दें
- प्रशांत किशोर से मेरे व्यक्तिगत संबंध हैं पर उनके राजनैतिक फैसलों पर कोई बातचीत नहीं होती

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने देश में जारी सांप्रदायिक हिंसा पर स्पष्ट शब्दों में कहा कि धर्म के नाम पर गड़बड़ी फैलाना ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि जो लोग पूजा करते हैं, वो गड़बड़ी कैसे कर सकते हैं। अगर कोई गड़बड़ी करता है, तो वह पूजा पाठ करने वाला व्यक्ति ही नहीं है। मेरा मानना है कि धर्म में विवाद के लिए कोई स्थान नहीं है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जनता दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बात कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि धर्म में विवाद के लिए कोई जगह नहीं होती और न होनी चाहिए। बिहार इस मामले में शुरू से एक उदाहरण रहा है। यहां सभी धर्मों को अपने अपने मुताबिक काम करने और पूजा करने की इजाजत है। हमारे धर्मनिरपेक्ष देश में सभी को अपने धर्म और मजहब के आधार पर यह अधिकार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सब बातों को हम बिहार में जगह ही नहीं देते' पुरे बिहार में माहौल एकदम शांतिपूर्ण है, हम कभी भी, किसी को भी माहौल खराब करने की जरा भी छूट नहीं देते। वर्ष 2006 के पहले यहाँ क्या होता था, सबको मालूम है पर आज ऐसी कोई भी घटना बिहार में कहीं नहीं होती। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो लोग आज विपक्ष में बैठे हैं, वह सवाल भले ही उठा लें लेकिन उनको भी मालूम है कि उनके शासन काल में बिहार में क्या हुआ है।

मुख्यमंत्री से उनके मंत्रिमंडल के कुछ सहयोगियों द्वारा दिए गए बयान के संदर्भ में जब पूछा गया तो उन्होंने कहा कि अगर कोई ऐसा बयान देता है, तो मुझे बताईये, मैं सीधे उनसे पूछूंगा। साथ ही यह भी कहा कि कोई ऐसा बयान भूलवश दे सकता है, लेकिन मैंने अपने सभी सहयोगियों को स्पष्ट कह रखा है कि कोई भी विवादित बयान नहीं दें। मुख्यमंत्री ने प्रशांत किशोर और कांग्रेस की नजदीकियों के संदर्भ में पूछे गये सवाल पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार करते हुए कहा कि प्रशांत किशोर से मेरे व्यक्तिगत संबंध रहे हैं, आज भी हैं। परन्तु उनके राजनैतिक फैसलों के संबंध में कोई बातचीत नहीं होती' वो कहां जा रहे हैं, क्या कर रहे हैं उनकी अपनी मर्जी है। उनसे मेरे व्यक्तिगत रिश्तों का यह मतलब कत्तई नहीं है कि उनके राजनीतिक फैसलों में मैं हस्तक्षेप करूं। वो पहले भाजपा के साथ काम किया करते थे, लेकिन आज कहां हैं सबको मालूम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ स्थानों से कोरोना संक्रमण के मामले बढ़ने की खबरें आई हैं, हालांकि बिहार में अभी इनके मामले काफी कम हैं। लोग एक दूसरे जगह आते जाते रहते हैं, इसे ध्यान में रखते हुए पूरी तरह सतर्कता बरती जा रही है। बिहार में कोरोना जांच की दर भी देश में सर्वाधिक है। बिहार में कुछ स्थानों पर तापमान के 44 डिग्री तक पहुंच जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले अनेक वर्षों से इस वर्ष तापमान में ज्यादा वृद्धि हुई है, हम लोग इसे लेकर पूरे तौर पर अलर्ट हैं। उपचुनाव के नतीजे पर कहा कि बाई इलेक्शन में हम लोगों की हुई हार कोई खास बात नहीं है, इसके पूर्व हुए दो बाई इलेक्शन हमलोग जीते थे। जनता मालिक है, जिसे मन वोट करे, हम लोग इस पर कमेंट नहीं करते। विशेष राज्य के दर्जा के एक सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार को जो जरूरत रहती है, उसके लिए बात करते रहते हैं। कौन क्या कमेंट देता है, उससे कोई मतलब नहीं। हम लोग मांग करने के साथ ही बिहार के लिए काम भी करते हैं।

### मुख्यमंत्री ने जनता के दरबार में 127 लोगों की समस्याओं को सुना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से पहुंचे 127 लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को समुचित कार्रवाई का निर्देश दिया। आज सामान्य प्रशासन, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज, ऊर्जा, पथ निर्माण, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, कृषि, सहकारिता, पशु एवं मत्स्य संसाधन, जल संसाधन, उद्योग, नगर विकास एवं आवास, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, परिवहन, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, लघु जल संसाधन, योजना एवं विकास, पर्यटन, भवन निर्माण, वाणिज्य कर, सूचना एवं जनसंपर्क, गन्ना उद्योग, विधि तथा जीविका से संबंधित मामलों पर मुख्यमंत्री ने सुनवाई की। कार्यक्रम में ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, उद्योग मंत्री शाहनवाज हुसैन, जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा, भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण मंत्री रामप्रीत पासवान, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, पंचायती राज मंत्री सम्राट चौधरी, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री लेसी सिंह, सहकारिता मंत्री सुभाष सिंह, परिवहन मंत्री शीला कुमारी, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री नीरज कुमार सिंह, लघु जल संसाधन मंत्री संतोष कुमार सुमन, ग्रामीण कार्य मंत्री जयंत राज, प्रदेश के मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, पुलिस महानिदेशक एसके सिंघल, संबंधित विभागों के अपर मुख्य सचिव, सचिव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव, सचिव व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जनता के दरबार में रोहतास के एक व्यक्ति ने मनरेगा में अनियमितता की शिकायत की तो वैशाली के पातेपुर से आए व्यक्ति ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सूची में नाम होने के बावजूद आवास नहीं मिलने, शिवहर से आए एक व्यक्ति ने महादलित टोला की सड़क को मुख्य सड़क से नहीं जोड़ने, बेलहर से आए एक बुजुर्ग ने बिना अनुमति के जमीन के बीचो बीच बिजली के 3 पोल लगाने, शिवहर जिले के एक व्यक्ति ने विशंभरपुर पंचायत के वार्ड नंबर 7 के महादलित टोला में सड़क निर्माण की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष रखी' एक फरियादी ने कहा कि सड़क पर कुछ लोगों ने कब्जा कर लिया है। एक ने कहा कि पिछली बार हमने त्रिवेणीगंज में एक पुल निर्माण का आग्रह किया था, लेकिन आज तक उस पर आपके आदेश के बाद भी कुछ नहीं हुआ।

# बिहार में कोविड की तीसरी डोज का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- कैबिनेट की बैठक में लिए गए 26 निर्णय

मुख्यसमंत्री नीतीश कुमार की अध्यखक्षता में कैबिनेट की बैठक के दौरान सोमवार को राज्य सरकार ने आज 26 निर्णय लिया। आज सबसे बड़ा फैसला लेते हुए सरकार ने कहा कि राज्य में कोरोना से बचाव के लिए होने वाले टीकाकरण के किसी भी डोज के लिए कोई पैसा नहीं देना होगा। सरकारी अस्प तालों में कोविड वैक्सी न तीसरी यानी प्रिकाशन डोज भी बिहार के लोगों को फ्री में लगायी जायेगी।

बिहार में कोविड की तीसरी डोज का पूरा खर्च राज्यल सरकार वहन करेगी। सरकार ने इसपर 1314 करोड़ रुपए के व्योय का आकलन किया है। कैबिनेट ने इसके लिए तत्का ल 583.43 करोड़ रुपए बिहार आकस्प्रि कता नीधि से आवंटित कर दिया। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के वैसे लाभार्थी परिवार जो आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के लाभार्थी नहीं हैं उन्हें प्रति परिवार हर साल 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के लिए बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति के माध्यम से इंश्यूरेंस मोड में संचालित करने की स्वीकृति दी गई है। सम्राट अशोक की जयंती चैत्र शुक्ल अष्टमी को सम्राट अशोक कन्वेंशन केंद्र पटना में राजकीय समारोह के रूप में मनाए जाने का निर्णय लिया गया। समस्तीपुर के बाबा केवल स्थान मेला एवं बाबा अमर सिंह की तपस्थली हजरत शिवरा में आयोजित होने वाले मेले को राजकीय मेला का दर्जा दिया गया। पावापुरी चिकित्सा महाविद्यालय का नामकरण वर्धमान आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी के स्थान पर भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी की स्वीकृति दी गई।

राज्य के नगर निकायों के मुख्य पार्षद एवं उप मुख्य पार्षद के पदों पर प्रत्यक्ष निर्वाचन पद्धति से निर्वाचन के लिए बिहार नगरपालिका निर्वाचन संशोधन नियमावली 2022 के प्रारूप की स्वीकृति भी प्रदान की गई, फलस्वरूप मुख्य पार्षद व उप मुख्य पार्षद पदों पर प्रत्यक्ष निर्वाचन होगा। कैबिनेट ने बिहार की दोनों विद्युत वितरण कंपनियों को विद्युत वितरण व्यवस्था सुदृढ़ीकरण के लिए पुनरुत्थान वितरण क्षेत्र योजना के अनुरूप तैयार कार्य योजना को भी स्वीकृति दी। मंडल कारा औरंगाबाद के नए भवन निर्माण के लिए 25.82 करोड़ 97 हजार की स्वीकृति दी गई। बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के नजदीक एनएच- 30 एवं एसएच-106 के बीच आरओबी निर्माण के लिए 62.44 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। हरनौत रेल फैक्ट्री के लेवल क्रॉसिंग के बदले आरओबी निर्माण के लिए 66.13 करोड़ रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। भारतीय प्रबंध संस्थान बोधगया के सेटेलाइट कैंपस के लिए बिहटा औद्योगिक क्षेत्र में आवंटित 5 एकड़ भूखंड के लिए बियाड़ा को 11.24 करोड़ भुगतान की स्वीकृति दी गई।

बिहार राज्य गैर सरकारी मान्यता प्राप्त अनुदानित मदरसा प्रबंध समिति गठन नियमावली 2022 एवं शिक्षण एवं गैर शिक्षक कर्मचारी सेवा शर्त नियमावली 2022 की स्वीकृति दी गई। बिहार व्यवहार न्यायालय अधिकारी एवं कर्मचारी नियमावली 2022 की स्वीकृति दी गयी। मुंगेर एवं पूर्वी चंपारण में मेडिकल कॉलेज के निर्माण के लिए प्रति मेडिकल कॉलेज 603.68 करोड़ कुल मिलाकर 1207.36 करोड़ की स्वीकृति दी गई।

बिहार राजस्व सेवा के मूल कोटि के पदाधिकारी मनोज झा कानूनगो भू अर्जन कार्यालय बांका को अनिवार्य सेवानिवृत्ति दी गई तथा सिकंदरा के तत्कालीन अंचल अधिकारी धर्मेंद्र कुमार भारती को सेवा से बर्खास्त किया गया।

# अधिवक्ता पिटाई मामले में दोषी पुलिसकर्मी हुए निलम्बित

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- मामले में एफआईआर दर्ज कर विभागीय कार्रवाई करने के आदेश दिए गए

पटना में पुलिस की दादागिरी मामले में पटना उच्च न्यायालय ने सख्त तेवर इख़्तियार किया है। सोमवार को पटना उच्च न्यायालय के अधिवक्ता पिटाई मामले में सुनवाई हुई। जहाँ पटना एसएसपी मानवजीत सिंह ढिल्लो को उच्च न्यायालय ने जवाब तलब के लिए बुलाया था।

वही इस मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी मानवजीत सिंह ने दोषी पुलिसकर्मी संतोष कुमार पासवान को निलंबित कर दिया। मामले में एफआईआर दर्ज कर विभागीय कार्रवाई करने के आदेश दिए गए हैं।

वहीं दनियावां थाना प्रभारी से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। जहाँ बीते दिनों दनियावां मुख्य मार्ग पर सीएम के कार्यक्रम के मद्देनजर यातायात को रोका गया था। जिसका कारण अधिववता विनोद कुमार द्वारा पूछने पर वहाँ तैनात पुलिसकर्मियों ने पटना हाईकोर्ट के वकील विनोद कुमार से मारपीट की थी। इसमें अधिवक्ता विनोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें पीएमसीएच में भर्ती किया गया है। अधिवक्ता विनोद कुमार ने दोषी पुलिसकर्मी पर कार्रवाई के लिए हाईकोर्ट में शिकायत की थी।

# मार्च में 4 महीने के उच्च स्तर पर 14.55 फीसदी पहुंची थोक महंगाई दर

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- विनिर्मित वस्तुओं की महंगाई दर मार्च में 10.71 फीसदी रही

भारत की थोक महंगाई दर मार्च में चार महीने के शीर्ष स्तर पर पहुंच गई और यह 14.55 फीसद रही। भले ही हाल में सब्जियों की कीमतों में थोड़ी नरमी दिखी हो लेकिन क्रूड ऑयल की बढ़ती कीमतें और कमोडिटी के दाम बढ़ने से थोक महंगाई दर में उछाल दर्ज किया गया। सोमवार को सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल 2021 के बाद से लगातार 12वें महीने थोक महंगाई दर दहाई अंकों में बनी हुई है।

विनिर्मित वस्तुओं की महंगाई दर मार्च में 10.71 फीसदी रही है जो फरवरी में 9.84 फीसद थी। ईंधन और पावर क्षेत्र की बात की जाए तो मार्च के दौरान इनकी कीमतों में 34.52 फीसद की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मार्च में क्रूड पेट्रोलियम की महंगाई दर में 83.56 फीसद का उछाल दर्ज किया गया जो फरवरी में 55.17 फीसद था। इससे पहले थोक महंगाई दर का ऐसा स्तर नवंबर 2021 में देखा गया था जब यह 14.87 फीसद के स्तर पर पहुंच गया था।

फरवरी में थोक महंगाई दर 13.11 फीसद के स्तर पर थी। वहीं, पिछले साल के मार्च में यह 7.89 फीसद थी। मार्च 2022 में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर घटकर 8.06 फीसद रही जो फरवरी में 8.19 फीसद थी। सब्जियों की महंगाई दर भी थोड़ी नरम हुई और यह फरवरी के 26.93 फीसद के मुकाबले 19.88 फीसद रही।

वाणिज्य मंत्रालय ने अपने एक बयान में कहा है कि 'मार्च में महंगाई दर में बढ़ोतरी की प्राथमिक वजह क्रूड पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, मिनरल ऑयल, बेसिक मेटल्स आदि की कीमतों में बढ़ोतरी रही है। रूस-यूक्रेन विवाद की वजह से इनका सप्लाई चेन प्रभावित हुआ है।'

### हड़तालः ड्राइवरों की हड़ताल के चलते यात्रियों को उठानी पड़ी परेशानी

# ओला-उबर का चक्का जाम, ऑटो भी ऑफरोड

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता




**मांग**

- आज से दो दिन की हड़ताल पर कैब ड्राइवर

दिल्ली में सोमवार को टैक्सी, ऑटो और ओला, उबर के कैब ड्राइवरों ने हड़ताल का ऐलान किया है। ऐसे में टैक्सी, ऑटो, मिनी बस, ओला और उबर कैब के पहिए राजधानी में थमे नजर आ रहे हैं। इसके चलते लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

दरअसल, देशभर में पिछले दिनों पेट्रोल, डीजल और सीएनजी के दामों में लगातार इजाफा हो रहा है, ऐसे में कैब ड्राइवर टैक्सी के किराए को बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। दिल्ली में ऑटो टैक्सी यूनियन की हड़ताल के दौरान ड्राइवर हाथों में मांगों के पोस्टर लिए नजर आए। ड्राइवरों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। इतना ही नहीं ड्राइवरों ने कहा, हम परेशानी झेल रहे यात्रियों से माफी मांग रहे हैं, मगर हम ऐसा नहीं करेंगे तो हमारा गुजर-बसर मुश्किल हो जाएगा। वहीं, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर देश के अलग हिस्सों से यात्री पहुंच रहे हैं, मगर स्टेशन के बाहर उन्हें कोई ऑटो टैक्सी नही मिल रही है। उन्हें दिल्ली के अलग-अलग हिस्सों में जाना है। परिवार और बच्चे साथ हैं। मगर काफी देर इंतजार करने के बावजूद कोई गाड़ी इन्हें नहीं मिल रही है। ऑटो, टैक्सी और कैब ड्राइवर्स एसोसिएशन ने दिल्ली में सोमवार से दो दिन की हड़ताल बुलाई है। दरअसल, कई ऑटो, कैब ड्राइवर मांग कर रहे हैं कि कैब के दामों में इजाफा किया जाए और ईंधन की कीमतें घटाई जाएं। हालांकि, दिल्ली सरकार द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद ड्राइवरों ने हड़ताल बुलाने का फैसला किया है। इस मामले में दिल्ली सरकार ने कमेटी बनाकर ड्राइवर्स की मांगों पर चर्चा करने की बात कही है।

एसोसिएशन का दावा है कि दो दिन की हड़ताल में ज्यादातर कैब और ऑटो ड्राइवर्स हिस्सा लेंगे। इतना ही नहीं दिल्ली में ऑटो, टैक्सी और मिनी बस ड्राइवरों के तमाम संगठनों ने भी हड़ताल का ऐलान किया है। उधर, सर्वोदय ड्राइवर एसोसिएशन के चीफ कमलजीत गिल ने कहा, सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कमी करने और किराया बढ़ाने की दिशा में कोई काम नहीं कर रही है। ऐसे में हमने सोमवार से अनिश्चित काल के लिए हड़ताल बुलाई है। दिल्ली ऑटो रिक्शा एसोसिएशन के महासचिव राजेंद्र सोनी ने कहा, CNG के दामों में इजाफे से ड्राइवरों को परेशानी उठानी पड़ रही है। हमें पता चला है कि दिल्ली सरकार ने कमेटी बनाने की बात कही है। लेकिन हमें अपनी समस्याओं का समाधान चाहिए। हम चाहते हैं कि सरकार सीएनजी में सब्सिडी दे। दिल्ली में 90,000 ऑटो और 80,000 टैक्सी रजिस्टर्ड है। ऐसे में इनमें से ज्यादातर के हड़ताल पर जाने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### कई संगठन आए साथ

दिल्ली ही नहीं पूरे देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में ओला और उबर के कैब ड्राइवर एसोसिएशन ने टैक्सी किराया बढ़ाने की मांग को लेकर सोमवार से हड़ताल का ऐलान किया है। उधर, दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ की तरफ से भी सीएनजी पर सब्सिडी की मांग की गई है। संघ का कहना है कि सरकार अगर उनकी मांग नहीं सुनती, तो वे हड़ताल करेंगे।

**कार्यक्रम** नड्डा ने देशवासियों के नाम खुला पत्र लिखकर मोदी सरकार की 8 वर्षो की उपलब्धियों को सामने रखा

# देश को बांटने के लिए वोट बैंक व तुष्टीकरण की राजनीति कर रहा है विपक्षः नड्डा

नयी दिल्ली



- हम सब आजादी के 75वीं वर्ष पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं: जेपी नड्डा

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज देशवासियों के नाम खुला पत्र लिखकर मोदी सरकार की 8 वर्षो की उपलब्धियों को सामने रखा और विपक्षी दलों पर वोट बैंक एवं तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया। नड्डा ने अंग्रेजी भाषा में लिखे गये इस तीन पृष्ठ के पत्र में लिखा है कि भारत की विकास यात्रा इस समय एक अहम मुकाम पर है। हम सब आजादी के 75वीं वर्ष पर आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। यह मौका है जब हम सबको सोचना चाहिए कि वर्ष 2047 में आजादी का शताब्दी महोत्सव कैसे मनाएंगे और उस समय हमारा देश कैसा होना चाहिए। इस समय भारत पर पूरी दुनिया की निगाहें लगी हैं। एक 135 करोड़ लोगों के देश जिसके बारे में कोविड में बरबाद होने की आशंका जतायी जा रही थी, वह देश विश्व की फामेर्सी के रूप में सम्मान के साथ देखा जा रहा है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि बीते आठ साल में देश की राजनीति बदल गयी है। विभाजनकारी, वोट बैंक और खास लोगों पर केन्द्रित राजनीति को जनता ने ठुकरा दिया है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबका प्रयास के मंत्र पर समान अवसरों पर आधारित सरकार ने हर नागरिक को सशक्त किया है।

उन्होंने पत्र में विपक्षी दलों के संयुक्त अपील वाले पत्र को लेकर कांग्रेस, वामदलों और तृणमूल कांग्रेस आदि पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में एक समान नीति के तहत समाज के सभी तबके का विकास हो रहा है लेकिन विपक्षी दलों को यह रास नहीं आ रहा है और वो फिर से आपस में एकजुट होकर देश को बांटने की राजनीति में जुट गये हैं। विपक्षी दलों के पत्र से यह स्पष्ट हो गया है कि वे देश की पहचान और मेहनती देशवासियों का अपमान कर रहे हैं।

भाजपा अध्यक्ष ने राजस्थान में हुई घटना को शर्मनाक बताते हुए कांग्रेस की चुप्पी पर सवाल उठाया और श्रीमती इंदिरा गांधी के कार्यकाल में 1966 में साधुओं पर की गई गोलीबारी, श्रीमती इंदिरा गांधी की हत्या के बाद श्री राजीव गांधी द्वारा दिए गए बयान और सिख दंगे, 1980 के दशक में कश्मीर में कश्मीरी हिंदुओं के साथ किए गए अत्याचार और कांग्रेस की अन्य सरकारों के कार्यकाल में हुई गोलीबारी और दंगों की कई घटनाओं का जिक्र करते हुए कांग्रेस पर तीखे प्रहार किये तो वहीं पश्चिम बंगाल, केरल और तमिलनाडु की घटनाओं का जिक्र करते हुए सुश्री ममता बनर्जी, वामदलों और द्रविड मुनेत्र कषगम पर भी निशाना साधा। नड्डा ने महाराष्ट्र में एक कैबिनेट मंत्री की गिरफ्तारी का उल्लेख करते हुए शिवसेना-कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी गठबंधन की भी आलोचना की। उन्होंने अपने पत्र में चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में मिली जीत, राज्यसभा में 100 का आंकड़ा पार करने और उत्तर प्रदेश विधानपरिषद में भी बहुमत हासिल करने का जिक्र करते हुए कहा कि बौखलाहट की वजह से विपक्षी दल फिर से देश को बांटने वाली राजनीति करने पर उतर आए है। श्री नड्डा ने देश के लोगों की इच्छाओं का सम्मान करते हुए विपक्षी दलों से अपनी-अपनी राजनीति की दिशा बदल कर विकास के मुद्दे पर राजनीति करने की भी अपील की।

# सुप्रीम कोर्ट ने रद्द की आशीष मिश्रा की जमानत

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



- एक हफ्ते में करना होगा सरेंडर
- फिर से जमानत की अपील कर सकेंगे आशीष

केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय कुमार मिश्रा उर्फ टेनी के बेटे और लखीमपुर खीरी हिंसा मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने आशीष मिश्रा की जमानत खारिज कर दी है। उनको एक हफ्ते के अंदर सरेंडर करना होगा। मामले में सुप्रीम कोर्ट ने चार अप्रैल को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुनवाई पूरी करते हुए फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि आशीष मिश्रा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने जमानत दी थी, जिसको अब सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीड़ित पक्ष का ध्यान नहीं रखा। पीड़ित पक्ष की सुनी नहीं गई। कोर्ट ने फैसला सुनाने के बाद मामले को नए सिरे से सुनवाई के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट को वापस भेज दिया है। लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आशीष मिश्रा की जमानत रद्द करने पर किसान नेता राकेश टिकैत ने सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद दिया है। टिकैत ने कहा कि कोर्ट ने महसूस किया कि यूपी सरकार ने तथ्य प्रस्तुत नहीं किए, इसलिए जमानत याचिका रद्द कर दी। हमें न्यायपालिका पर भरोसा है और उम्मीद है कि आने वाले समय में किसानों को न्याय मिलेगा। हालांकि कोर्ट के फैसले के बाद आशीष मिश्रा को एक राहत भी मिली है। अब वे फिर से जमानत की अपील कर सकते हैं।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार वह नए सिरे से जमानत के लिए इलाहाबाद कोर्ट में एक नई याचिका डाल सकते हैं। जमानत रद करने की याचिका पर फैसला चीफ जस्टिस एनवी रमणा, जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने सुनाया है। हिंसा में मारे गए लोगों के परिवारों द्वारा हाईकोर्ट के जमानत देने के फैसले को चुनौती दी गई थी। वहीं जस्टिस रमणा की पीठ ने सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला चार अप्रैल को ही सुरक्षित रख लिया था। दूसरी ओर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के फैसले पर भी आपत्ति जताई थी जिसमें आरोपी आशीष मिश्रा को जमानत देने के लिए प्राथमिकी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट में 'अप्रासंगिक' जानकारी को आधार माना गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### ऑटो दुर्घटना में आधा दर्जन लोग जख्मी

सिंहवाड़ा। सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र अन्तर्गत अतरवेल जाले पथ पर सनहपुर श्याम चौक से उत्तर एक ऑटो दुर्घटना हो गयी जिसमें ऑटो पर सवार आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही सिंहवाड़ा थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुँच कर ग्रामीणों के सहयोग से जख्मी को इलाज के लिए सिंहवाड़ा पीएचसी पहुंचाया। जहाँ एक जख्मी की हालत गंभीर बताई जा रही है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि अतरवेल जाले पथ पर सोमवार की सुबह तेज रफ्तार से जाले की ओर से ऑटो आ रही थी। ऑटो के सामने एकाएक जंगली सूअर का झुंड सड़क पार करने लगा। सामने जंगली शुगर की झुंड को देख चालक का संतुलन बिगड़ गया। चालक का संतुलन बिगड़ते ही टेंपो सड़क से पश्चिम की ओर तेज रफ्तार से लुढ़क गई। लुढकते समय ऑटो को पेड़ से टक्कर होने के कारण टेंपो के परखच्चे उड़ गए। चीख-पुकार मचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए।

### सड़क दुर्घटना में एक की मौत

बेनीपुर। बहेड़ा थाना क्षेत्र के शिवराम गांव में सड़क दुर्घटना के दौरान सोनकी निवासी विनोद कुमार लाल देव की 18 वर्षीय पुत्र नीतीश लालदेव की मौत घटनास्थल पर ही हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीतीश शिवराम स्थित अपने ननिहाल एक मुंडन समारोह में भाग लेने के लिए रविवार की शाम जा रहा था। इसी दौरान शिवराम गांव में ही सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से जा टकराया जिसमें उनका सर फट गया और उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। स्थानीय लोगों के अनुसार मोटरसाइकिल का अनियंत्रित रफ्तार होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुए। इधर घटना की सूचना पाते ही शिवराम स्थित ननिहाल में जहां मुंडन को लेकर उत्सवी माहौल था पर परिवार की एक सदस्य की मौत की सूचना मिलते ही मांगलिक माहौल कारूणिक माहौल में बदल गया।

### सकरी से चार आरोपित धराए, गए जेल

मधुबनी। मधुबनी जिले के सकरी थानाध्यक्ष अमृत कुमार साह के नेतृत्व मे फरार वारंटी व कोर्ट वारंटी के खिलाफ अभियान चला रहे है। इस दौरान उन्होंने दो मामलों के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है।दो अलग-अलग मामलों के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी आरोपियों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेज दिया गया है। एसएचओ के मुताबिक थाना क्षेत्र के सीमा गांव से मो० उजाले व मो० निराले को गिरफ्तार किया है। वहीं सागरपुर गांव से दुखा पासवान तथा पप्पू पासवान को गिरफ्तार किया है। चारों गिरफ्तार आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय मे प्रस्तुत कर जेल भेज दिया है।

### बाढ़ में डूबकर हुई मृत्यु मामले में मृतक के आश्रितों को सीओ ने दिया दो लाख का चेक

मधुबनी। मधुबनी जिले के हरलाखी में अंचलाधिकारी ने बाढ़ में डूबकर हुई दो युवक की मृत्यु मामले में दोनों मृतक के परिजनों को मुआवजा दी है। जानकारी देते हुए सीओ सौरभ कुमार ने बताया कि वर्ष-2019 में आयी प्रलयंकारी बाढ़ की चपेट में आने से हुई मृत्यु मामले की बेता परसा गांव निवासी मृतक 17 वर्षीय दिलकस राईन के पिता-मो० शमीम व हरिने गांव निवासी मृतक 24 वर्षीय हकीन राईन के पिता-दुखी राईन दोनों आश्रितों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख का अनुदान दिया गया है।

# दरभंगा जिला सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक को पुन: प्रारंभ किया जाए : गोपाल जी

## विशेष रूप से अन्नदाताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है

दरभंगा, प्रात : किरण ब्यूरो



केंद्रीय सहकारिता राज्यमंत्री बनवारी लाल वर्मा के आगमन पर दरभंगा के सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा एयरपोर्ट पर मुलाकात की तथा दरभंगा व मिथिला के विकास को लेकर सार्थक चर्चा हुई। सांसद डॉ. ठाकुर ने दरभंगा में दशकों से बंद दरभंगा जिला सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक को पुन: प्रारंभ किए जाने का आग्रह किया एवं ज्ञापन सौंपा ताकि किसानों व आमलोगों को बैंकिंग के साथ साथ सहकारी गतिविधियों की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिल सकें।

उन्होंने कहा कि इस बैंक के स्थापना का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शीर्ष बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराना, सहकारी गतिविधियों को बढ़ावा देना एवं सहकारी समितियों के लिए ऋण की व्यवस्था करना इत्यादि था। विदित हो कि सांसद गोपाल जी ठाकुर ने दरभंगा जिला सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक को प्रारंभ किये जाने को लेकर पूर्व में केंद्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात कर आग्रह किया था।

**सुविधा**

● किसानों व आमलोगों को बैंकिंग के साथ साथ सहकारी गतिविधियों की सुविधा स्थानीय स्तर पर मिल सके

सांसद ने कहा कि बिहार राज्य को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के अंतर्गत दरभंगा जिला सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक की स्थापना की गई थी, परंतु वर्ष 2003 (जुलाई) में नाबार्ड द्वारा किए गए जांच एवं उसके द्वारा प्रस्तुत जांच रिपोर्ट के आधार पर रजिस्ट्रार को-ऑपरेटिव, आरबीआई द्वारा इस बैंक को बंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इस बैंक के बंद हो जाने से जिले के लाखों लोग, विशेष रूप से अन्नदाताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि दरभंगा जिले की जनसंख्या तथा किसानों व आम लोगों की जरूरत को देखते हुए, इस को-ऑपरेटिव बैंक को प्रारंभ किये जाने की अत्यंत आवश्यकता है। श्री ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार के सहकारिता राज्यमंत्री बी एल वर्मा ने दरभंगा जिला सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक को प्रारंभ किये जाने को लेकर सकारात्मक सन्देश दिया। उन्होंने कहा कि पूर्णिया जाने के क्रम में दरभंगा एयरपोर्ट पर केंद्रीय राज्यमंत्री जी का दरभंगा आगमन हुआ था, इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने सीता पेट्रोल पम्प पर भी मंत्री श्री वर्मा का जोरदार स्वागत किया। मौके पर सांसद के साथ जिला भाजपा उपाध्यक्ष अभयानंद जी, पूर्व महामंत्री कृष्ण भगवान जी, जिला भाजयुमो अध्यक्ष बालेंदु जी, अवधेश जी सहित कई लोग मौजूद थे।

# जारी है लोकतंत्र बचाओ अभियान

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता




मधुबनी। आज मधुबनी समाहरणालय के सामने बाबा भीमराव अंबेडकर प्रतिमा के निकट लोकतंत्र बचाओ आंदोलन 39वे दिन भी चट्टानी एकता, जोश एवं उमंगों के साथ जारी रहा और मांग पूरी होने तक जारी रहेगा। लोकतंत्र बचाओ आंदोलन के नेतृत्वकर्ता एवं दल के प्रदेश अध्यक्ष राम प्रसाद राउत ने प्रेस प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र बचाओ आंदोलन का आज 39वे दिन हो जा रहा है, लेकिन बिहार सरकार के द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं किया गया है।

धन्यवाद के पात्र हैं मधुबनी के उप-विकास आयुक्त, जो बीते शनिवार को प्रतिनिधि मंडल से मांग पत्र लेकर सरकार को अग्रसारित करने का आश्वासन दिए है, आज भी संध्या 6:00 बजे मिलना का समय मिला है। सरकार को पत्र लिखते हुए हमें भी अवगत कर आने की संभावना है। पूर्व में ही ऐसा बातचीत हो चुका है। दल के प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उप विकास आयुक्त को शुभकामनाएं एवं बधाई प्रेषित कर रहा हूं, क्योंकि 39वे दिन भी तो संज्ञान लिए। यह काम लोकतंत्र बचाओ आंदोलन के शुभारंभ के 24 घंटे के अंदर लेना चाहिए। देर ही सही लेकिन बधाई के पात्र हैं, क्योंकि ग्राम रक्षा दल के प्रतिनिधि मंडल से मिलकर सरकार को लिखने का भी तो आश्वासन दिए। श्री राउत ने कहा सच्चाई यह है कि ग्राम रक्षा दल की मांग जिला प्रशासन से संबंधित नहीं है। बिहार सरकार स्तर की मांग है, जिला प्रशासन सिर्फ ग्राम रक्षा दल की जो मांग पत्र है उसे सरकार को अपने मंतव्य के साथ अग्रसारित कर सकते हैं, जो काफी विलंब हो रहा है। ग्राम रक्षा दल से संबंधित सीधे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को प्रतिक्रिया व्यक्त करना चाहिए, लेकिन वर्षो से चल रहे आंदोलन पर कोई प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं करना लोकतंत्र के साथ खिलवाड़ करने के जैसा है। वहीं, दल के प्रदेश महामंत्री विजय कुमार साह ने कहा है कि 25 अप्रैल को बाढ़ रैली, 30 अप्रैल को सड़क जाम, 01 मई को मजदूर दिवस कार्यक्रम का जो ऐलान किया गया है, उसे ग्राम रक्षा दल के नौजवानों से आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाये। इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नारायण झा, प्रदेश कांग्रेस के नेता हिमांशु शेखर, जिला सचिव गुप्ता राजा बाबू, जिला उप निरीक्षक राकेश पासवान, देवेंद्र कुमार, लाल यादव, संजीत कुमार पासवान, हृदय साफी, उमेश साह, जितेंद्र कामत, रामनरेश कामत, पवन कुमार यादव, राजकुमार पासवान, रामधनी कामत, संतोष राय सहित सैकड़ों की संख्या में ग्राम रक्षा दल के नौजवान उपस्थित थे।

**प्रतिक्रिया**

● बिहार सरकार के द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया व्यक्त नहीं किया गया है

# अग्नि से बचाव के लिए प्रशिक्षण दिया गया




कुशेश्वरस्थान, प्रात : किरण संवाददाता

अग्निशमन सेवा सप्ताह के अवसर पर सोमवार को शंकरा माडर्न स्कूल ग्यासपुर मेंअग्निशमन दल के सहायक पदाधिकारी दिलीप कुमार सिंह के नेतृत्व में विधालय के छात्रों को अग्नि से बचाव का प्रशिक्षण दिया गया। सर्व प्रथम अग्निशमन पदाधिकारी , कमीर्यों ने छात्रों के साथ प्रभात फेरी निकाल कर विधालय के आस पास के लोगों को जागरूक किया। इसके पश्चात बच्चों को मॉक ड्रील के माध्यम से गैस सिलेंडर लिकेज से होने वाले अग्निकांड के समय आग पर कैसे काबू पाया जायेगा इस का गुर बताया गया। साथ ही अनेक प्रकार की होने वाली अग्निकांडों में आग पर काबू पाने व जानमाल व सामनो को क्षति कम से कम होने की गुर भी अग्निशमन कर्मी विपिन कुमार ने छात्रों को सिखाया। इस मौके पर विधालय के प्रधान अनिल कुमार झा, राधा रमन झा, शुभंकर झा, रणधीर कर्ण, विवेक सिंह सहित विधालय के अनेक शिक्षक व छात्र मौजुद थे।

# आजाद क्रिकेट क्लब ने जाले जूनियर इलेवन क्रिकेट क्लब को 54 रनों से पराजित किया

**दरभंगा।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में जी डी गोयनका दरभंगा जिला क्रिकेट संघ लीग के प्रथम मैच में आजाद क्रिकेट क्लब ने जाले जूनियर इलेवन क्रिकेट क्लब को 54 रनों से पराजित कर दिया। टॉस जीतकर कर पहले बल्लेवाजी करते हुए आजाद क्रिकेट क्लब ने तीन विकेट के नुकसान पर 174 रन बनाए। आजाद के बल्लेवाज अभिषेक ने 51 गेंदों में 84 रन बनाए जिसमें 12 चौके शामिल हैं। आयुष ने भी 39 गेंदों में 44 रन बनाए। जाले के गेंदवाज रमेश, तालिब एवं नयाब ने एक-एक विकेट लिए। जवाब में खेलने उतरी जाले की टीम 121 रनों पर ऑल आउट हो गयी। जाले के बल्लेवाज माधव ने सर्वाधिक 46, अमन ने 19 एवं दानिश ने 18 रनों का योगदान दिया। बाकी के सभी बल्लेवाज दहाई अंक में नहीं जा सके। विजेता टीम के गेंदवाज भरत एवं फिरोज ने 4-4 और विवेकानंद ने 2 विकेट लिए। दूसरे लीग मैच में जाले सीनियर क्रिकेट क्लब मैच से गैरहाजिर रही जिस कारण केसीसी ब्लू टीम को वॉक ओवर दे दिया गया। उधर रविवार को देर शाम तक खेले गए दूसरे रोमांचक लीग मैच में मिथिला स्पोर्ट्स क्लब ने अलीनगर क्रिकेट क्लब को मात्र एक रन से पराजित किया।

# जयनगर के डीबी कॉलेज कब होगा जीर्णोद्धार ?

सुमित कुमार, प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। मधुबनी जिले के खजौली विधानसभा अंतर्गत जयनगर इस्तिथ एक मात्र अंगीभूत डी.बी. कॉलेज के हजारों छात्र छात्राये पठन-पाठन के अभाव में अपना उज्ज्वल सपना टूटते हुए देख रहे हैं। कॉलेज में तीनों संकाय मिलाकर 5000 से अधिक छात्र-छात्राएं नामांकित है।

लेकिन कॉलेज में वर्षो से डेस्क बेंच नहीं है, जिन पर बैठ कर छात्र पठन-पाठन कर सके। इस कारण छात्र कॉलेज पहुंचते ही नहीं है। छात्रों का कॉलेज नहीं पहुंचने का प्रमुख कारण शिक्षकों का भी घोर अभाव है। इतना ही नही सामान्य संसाधन की भी घोर कमी है। इसलिए छात्र परीक्षा का फॉर्म भरने के समय ही कॉलेज आना मुनासिब समझते हैं। सरकार की अदूर्शिता एवं अनदेखी के कारण कॉलेज में सब कुछ राम भरोसे चल रहा है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तो दूर की बात है। सामान्य पठन पाठन से भी सीमावर्ती क्षेत्रों के हजारों छात्र-छात्राएं वंचित है। जयनगर के डी.बी. कॉलेज और महिला कॉलेज पठन पाठन के मामले में दम तोड़ रही है। हजारों नामांकित छात्र-छात्राए कॉलेज में बिना पठन-पाठन के ही डिग्रियां प्राप्त करते हैं। कॉलेज में प्रोफेसर नहीं है, संसाधन नहीं है, छत नही है। जयनगर डीबी कॉलेज में है शिक्षकों की कमी कॉलेज में 17 प्रोफेसर कार्यरत हैं। जिसमे हिंदी के एक शिक्षक, मैथिली के एक, गणित के एक, अंग्रेजी के एक, इकोनॉमिक्स के एक शिक्षक शामिल है। जबकि भौतकी, रसायन, जीव विज्ञान, भोगोल, नागरिक, इतिहास, मनोविज्ञान के अलावे कॉमर्स तथा अन्य विषयों के शिक्षक कॉलेज में वर्षो से कार्यरत नहीं है। जबकि आपको बता दें कि इस महाविद्यालय में शिक्षकेतर का सृजन पद 46 है, साथ ही नाइट वाचमैन एवं चपरासी का पद वर्षो से रिक्त है। बता दें कि कुछ दिन पहले ही जयनगर में कमला बराज का उद्घाटन करने को जयनगर पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम में कॉलेज की बदहाली का मुद्दा रखे जाने के बाद तुरंत उन्होंने इस पर पहल की।

जयनगर के डी.बी. कॉलेज का जीर्णोद्धार किया जाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम में कॉलेज की बदहाली का मुद्दा रखे जाने के बाद तुरंत इस पर पहल की गई। उन्होंने मंच पर से ही इस कॉलेज के भवन निर्माण किए जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इस कॉलेज को यथा शीघ्र भवन मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि पटना वापस लौटते ही शिक्षा मंत्री से बात कर वह इस कॉलेज की समस्याओं का निदान करेंगे। उधर, सीएम की घोषणा के आधे घंटे के भीतर ही विभाग हरकत में आ गया। बिहार राज्य शैक्षिक आधारभूत संरचना बिहार के कार्यपालक अभियंता अनिल कुमार सिंह, अवर प्रमंडल अभियंता अनिल कुमार एवं कनीय अभियंता वीरेंद्र कुमार कॉलेज परिसर में पहुंचकर कॉलेज के सभी जर्जर भवनों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के बाद उन्होंने बताया कि इस कॉलेज का सभी भवन जर्जर हो चुका है। यह मरम्मत करने के लायक नहीं है, नया भवन बनाने की आवश्यकता है। अधिकारियों ने बताया कि डी.बी. कॉलेज के भवन निर्माण एवं चहारदीवारी निर्माण के लिए प्राक्कलन बनाकर सरकार को भेजा जा रहा है। आदेश आते ही भवन निर्माण का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। सीएम के कॉलेज भवन निर्माण की घोषणा से यहां के लोग में खुशी का माहौल है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यक्रम में सबसे पहले क्षेत्रीय भाजपा विधायक अरुण शंकर प्रसाद व उनके बाद पीएचईडी मंत्री डॉ० रामप्रीत पासवान ने अपने संबोधन में कॉलेज की समस्याओं की चर्चा कर सीएम का ध्यान आकृष्ट कराया।

**जानकारी**

● कॉलेज में वर्षो से डेस्क बेंच नहीं है

# वर्षो से लंबित रोड बनाने का विधायक ने किया शिलान्यास

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के खुटौना प्रखंड के कारमेघ पश्चिमी पंचायत के मालीन गांव से भोलापुर तक 2 किलोमीटर लंबी सड़क का किया उद्घाटन। जिसकी उद्घाटन विधायक भारत भूषण मंडल ने फीता काटकर किया। इस उद्घाटन की अध्यक्षता कारमेघ पश्चिम के मुखिया सतनारायण मंडल ने किया।

श्री मंडल ने कहा कि मेरा लक्ष्य है एक गांव दूसरे गांव से जुड़े खासकर ग्रामीण इलाकों में क्योंकि वहां लोगों की दिक्कत काफी होती है। उद्घाटन हुए रोड की कुल लंबाई 2 किलोमीटर की है, और यह रोड एक करोड़ 77 लाख 65 हजार 210 रूपए की लागत से बनेगी। स्थानीय लोगों में काफी खुशी का माहौल दिखा। लोगों का कहना है कि अब हमारी दिक्कत नहीं रही। वहीं, श्री मंडल ने कहा मैं अपने विधानसभा में दिसंबर तक खुटौना में टोटल 21 रोड जिसकी लंबाई होगी 26.2 किलोमीटर, लौकही मैं टोटल 34 रोड जिसकी लंबाई 58.8 किलोमीटर, और फुलपरास में 10 रोड बनाएगे, और ये मधुबनी जिला में ऐसा पहली बार होगा। मेरा सपना है कि हर ग्रामीण इलाका एक दूसरे से जुड़े, ताकि लोगों की किसी प्रकार की समस्या न हो। हम जनता का सेवक हैं। इस उद्घाटन समारोह में विधायक प्रतिनिधि भारत मंडल, मिंटू शहजादा, बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ राज्य परिषद सदस्य नसीम अहमद, रामदुलार, अशोक मंडल, विभाग के एसडीओ जितेंद्र कुमार इत्यादि लोग थे।

# एसिड अटैक पीड़ित के परिजनों से मिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव

**दरभंगा।** दरभंगा जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश जावेद आलम ने सोमवार को हायाघाट प्रखंड के शिवाई सिंहपुर गांव पहुंचकर एसिड अटैक पीड़ित के परिजनों से मिलकर उनका हाल जाना और मामले की जानकारी ली। श्री आलम ने घटना को ले स्वतः संज्ञान लेते हुए डीएमसीएच अधीक्षक और थानाध्यक्ष को आवश्यक निर्देश दिया है। श्री आलम ने एसिड हमले से पीड़ितों के चिकित्सा, जलन प्रतिशत आदि के संबंध में अविलंब जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा को रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। ताकि उन्हें बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत राहत मिल सके. विदित हो कि विगत दिन हायाघाट प्रखंड के शिवाई सिंहपुर गांव में जमीनी विवाद को ले हुए दो पक्षों के बीच मारपीट में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तेजाब फेंक दिया था, जिससे परिवार के कई लोग जख्मी हो गए थे।

# आंगनबाड़ी सेविका को दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता



जिले के खजौली प्रखंड कार्यालय मे सोमवार को समेकित बाल विकास परियोजना कार्यालय के सभागार में 22 अप्रैल एवं 26 अप्रैल को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम को लेकर स्थानीय स्वास्थ्य प्रबंधक प्रभात कुमार के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के आंगनबाड़ी सेविका का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान उपस्थित आंगनबाड़ी सेविका को निर्देशित करते हुए प्रशिक्षक व बीएमसी कालीचरण झा ने कहा कि कोविड 19 महामारी से बचाव के लिए निर्गत सभी दिशा-निर्देश व आवश्यक सुरक्षा उपायों को ध्यान में रखते हुए सभी आंगनबाड़ी सेविका अपने पोषक क्षेत्र में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम 22 अप्रैल एवं मॉप-अप दिवस 26 अप्रैल 2022 को सभी 1से 5 वर्ष तक के बच्चों एवं 6-19वर्ष के स्कूल नही जाने वाले बच्चों व किशोर-किशोरियों को निर्धारित खुराक के अनुसार कृमि मुक्ति की दवाई एल्बेंडाजॉल आवश्यक रूप से खिलाना है। वही मौके पर मौजूद स्थानीय स्वास्थ्य प्रबंधक प्रभात कुमार ने आंगनबाड़ी सेविका को बताया कि 1 से 2 वर्ष के बच्चों को आधा गोली 2 से 3 वर्ष के बच्चों एवं 19 वर्ष के बच्चों तक को पूरी गोली खुराक खिलाना है।वही इस दौरान उन्होंने बताया कि 1 से 3 बर्ष के बच्चों को एल्बेंडाजोल की आधी गोली को पूर्ण रूप से चुरकर बारीकी से बुरादा बनाने के बाद पीने बाले पानी के साथ खिलाना है।

वही बच्चों को एल्बेंडाजॉल की खुराक खिलाने से पूर्वसभी आवश्यक रूप से सुनिश्चित करें कि बच्चों में सर्दी, खांसी, बुखार, सांस लेने में किसी भी प्रकार की समस्या के साथ-साथ किसी बीमारियों की बच्चों में लक्षण तो नही है। वही एल्बेंडाजोल की खुराक खिलाने से पहले यह आवश्यक रूप से जान ले, कि जिस बच्चों को खुराक खिलाया जा रहा है वह बच्चा किसी बीमारियों से ग्रस्त होकर पूर्व से कोइ दवा तो नही सेवन कर रहा है। इस मौके पर बीएमसी कालीचरण झा, स्वास्थ्य प्रबंधक प्रभात कुमार, एलएस अर्पणा कुमारी, रीता कुमारी, रुपा कुमारी, पुनम कुमारी, शमा परवीन, ममता कुमारी, पुनम भारती एवं अन्य कई मौजूद रहे।

# मवेशी घर में आग लगने से हजारों का संपति जल कर राख



मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र के फुलहर गांव में जोखन मरीक के मवेशी घर में अचानक आग लगने से एस्बेस्टस की घर सहित दो पुआल की टाल जल कर राख गया। घटना रविवार मध्य रात्रि का बताया जा रहा है। पीड़ित परिवार ने बताया कि घटना स्थल के कुछ दूरी पर सपरिवार आवासीय घर में सो रहे थे। रात करीब बारह बजे ग्रामीणों की शोरगुल पर जब जागकर बाहर निकले, तो देखा कि मेरा मवेशी घर धु-धु कर जल रहा था। आनन फानन में मवेशी को खोलकर भगाया, लेकिन उक्त घर में रखे करीब पंद्रह बोरी गेंहू, चावल, कपड़े समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। वहीं घर के बगल में लगाए गये दो पुआल की टाल भी जल गया। आग लगने की कारणों का पता नहीं चल सका है।

# अमन-भाईचारा और दरभंगा जिला में शांति माहौल स्थापित करने को लेकर भाकपा माले शिष्टमंडल एसएसपी से मिलकर सौंपा ज्ञापन

दरभंगा, प्रात : किरण ब्यूरो



दरभंगा जिला में बढ़ते लूट, हत्या, उत्पीरण,अपराध, जिला को अशांत करने वाली घटना, उन्मांद उत्पात की घटना में रोक लगाने, शहर से देहात तक ( घनश्यामपुर, बुदेव कुम्हरौली) में अल्पसंख्यकों को सुरक्षा देने, एवं दुकान लूटपाट की घटना की जांच कर दोषियों पर करवाई करने तथा करवाई में लापरवाही बरतने वाले अधिकारी पर करवाई करने, भूमि विवाद का साप्ताहिक निपटारा करने, गरीबो को उजड़ने, हटाने से पहले बसाने की प्रक्रिया करने, नगर थाना अंतर्गत जीएम रॉड आगजनी कांड, बहादुरपुर थाना अंतर्गत पुरखोपट्टी दो सहेली हत्याकांड तथा लहेरियासराय थाना अंतर्गत जटा शंकर चौधरी हत्याकांड की उच्चस्तरीय जांच कराने, अपराध पर लगाम लगाते हुए अपराधी पर संख्त करवाई करने, जिला में शांति व्यवस्था बहाल करने की मांग को लेकर सोमवारको भाकपा(माले) की जिला स्तरीय टीम भाकपा(माले) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव के नेतृत्व में दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक से मिलकर एक ज्ञापन सौंपा तथा करवाई की मांग की है। टीम में भाकपा(माले) जिला कमिटी सदस्य सह आइसा राज्य सह सचिव प्रिंस राज, इनौस प्रदेश उपाध्यक्ष रंजीत राम, अताउर रहमान शामिल थे। इस अवसर पर भाकपा(माले) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव ने कहा कि भाजपा-जदयू की सरकार के उन्मादी-उत्पाती ताकतों को खुली छूट मिली हुई है। रामनवमी के दिन घनश्यामपुर और शहर में भाजपा और आरएसएस के लोगो के द्वारा उत्पात मचाया गया। घनश्याम पुर में उन्मादी ताकतों के द्वारा अल्पसंख्यक समाज के कई दुकानों में लूट पाट किया गया लेकिन अभी तक कोई करवाई नही हुई है। सिर्फ एफआईआर दर्ज कर पुलिस चुप बैठी हुई है। उन्होंने कहा कि शहर और घनश्यामपुर में हुए घाटन में भाजपा-आरएसएस नेता के साथ-साथ स्थानीय प्रशासन के भूमिका की जांच होनी चाहिए तथा दोषियों पर संख्त से संख्त करवाई हो, तथा अल्पसंख्यक समाज को सुरक्षा की गारंटी करना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि आज जिला के अपराध चरम पर पहुच गया है। अपराधी खुलेआम अपराध की घटना को अंजाम दे रहे है। लेकिन स्थानीय पुलिस इस ओर अग्रसर नही है। उन्होंने कहा कि आज जीएम रोड कांड का कई महीना बीत गया लेकिन आज तक घटना की उच्चस्तरीय जांच नही हुई,पुरखोपट्टी में दो सहेली की हत्या हो जाती है लेकिन आज तक पुलिस घटना का उद्भेदन नही कर पाई न ही दोषियो पर करवाई हो सका, दिनदहाड़े लहेरियासराय थाना के सैदनगर में कैश लूटकर जटाशंकर चौधरी की हत्या हो जाती है लेकिन आज तक इन सभी कांडों का संहि से जांच नही हो पाया, श्री यादव में दरभंगा एसएसपी से इस सभी कांडों का उच्चस्तरीय जांच कराकर अभिलम्भ दोषियों पर करवाई की मांग की है तथा पीड़ित परिवार को मुआवजा देने की मांग की है।

# राजद विधायक समीर महासेठ ने दी इफ्तार पार्टी

मधुबनी, प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी। मधुबनी में कोरोना काल के बाद पहली बार राजद विधायक समीर महासेठ की तरफ से मधुबनी इस्तिथ उनके निज आवास परिसर में रमजान के पाक महीने में इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस इफ्तार दावत में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोगों और दर्जनों नेताओं ने शिरकत की। इफ्तार के दौरान च्हदू-मुस्लिम एकता को बढ़ाने व देश में अमन-शांति की दुआ मांगी गई, साथ ही जनता के सलामती और लंबी आयु की भी कामना की गई।

इस दौरान विधायक समीर महासेठ ने मुस्लिम समुदाय के लोगों को रमजान महीने की मुबारकबाद देते हुए उनकी तरक्की की कामना की। उन्होंने कहा कि रमजान के पाक और पवित्र महीने में देश की एकता और अखंडता का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने चहिन्दू-मुस्लिम एकता पर जोर देते हुए आपसी भाईचारे को बढ़ाने का आह्वान भी किया। इस मौके पर स्थानीय मस्जिद के इमाम ने राजद विधायक समीर महासेठ का स्वागत करते हुए इफ्तार की दावत के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि रमजान का मुबारक महीना खुदा की इबादत का महीना होता है। इस दौरान बुराई से बचने और नेक कार्यों के लिए दुआ मांगी जाती है।

वहीं, विधायक समीर महासेठ ने कहा कि कोरोना काल में दो साल से हमारे आवास में इफ्तार पार्टी नहीं हो रही थी। वैसे तो हम हर बार ही इफ्तार पार्टी देते थे, लेकिन इस बार का आयोजन खास है। इस मौके पर सैकड़ों लोगों इफ्तार पार्टी में शिरकत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### धार्मिक जुलूसों पर लगे रोक इससे देश की एकता और अखंडता को खतरा : मांझी



पटना। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक जीतन राम मांझी ने अब धार्मिक जुलूस को लेकर बड़ा बयान दिया है। धार्मिक जुलूस को देश की अखंडता और एकता के लिए खतरा बताते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से देश में धार्मिक जुलूस बंद करने की मांग की है। सोमवार को ट्वीट कर मांझी ने कहा कि अब वक्त आ गया है जब देश में हर तरह के धार्मिक जुलूस पर रोक लगा दी जाए। धार्मिक जुलूसों के कारण देश की एकता और अखंडता खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। इसे तुरंत रोकना होगा। अभी 4 दिन पहले ही उन्होंने 15 अप्रैल को सिकंदरा की एक सभा में उन्होंने श्रीराम के अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा कर दिया था। श्रीराम को उन्होंने वाल्मीकि और तुलसीदास के एक काव्य का पात्र भर बता दिया था। इससे पहले पिछले साल सितंबर में भी जीतन राम मांझी भगवान राम के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा कर चुके हैं। उस दौरान उन्होंने कहा था कि हम रामायण की कहानी को सत्य नहीं मानते हैं। अगर राम को कहा जाए कि वो महापुरुष थे, जीवित थे, तो इस बात पर मैं विश्वास नहीं करता हूं।

### डॉ संतोष को हम का अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई

पटना। पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी द्वारा पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव बिहार सरकार में मंत्री डॉक्टर संतोष कुमार सुमन को अपने स्थान पर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उनके इस निर्णय का स्वागत करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालों में पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ दानिश रिजवान, श्याम सुंदर शरण, फैज सादिक सिद्दीकी, प्रदेश प्रवक्ता विजय यादव, रामविलास प्रसाद, गीता पासवान, अनिल रजक, रघुवीर मोची, सुनीता अशोक, श्रवण कुमार राजन राज, आकाश कुमार, संजू राज, लकी पासवान, रोशन पासवान, राम पुकार पासवान आदि शामिल हैं।

## विश्व विरासत दिवस पर बिहार संग्रहालय में पारंपरिक कलाओं का प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

# युवाओं के हाथों में हमारी कलात्मक विरासत सुरक्षित : अंजनी

### प्रदेश के सांस्कृतिक धरोहरों को बचाने की आवश्यकता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



विश्व विरासत दिवस के अवसर पर बिहार के पारंपरिक कलाओं के प्रशिक्षण के लिए बिहार संग्रहालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पटना मंडल, बिहार पुराविद परिषद, फेसेस पटना और बिहार म्यूजियम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यशाला में पटना विमेंस कॉलेज, नोट्रे डेम अकैडमी, इंटरनेशनल स्कूल, रेडियंट इंटरनेशनल स्कूल, केंद्रीय विद्यालय नंबर-2, आर्मी पब्लिक स्कूल दानापुर और उपेन्द्र महारथी शिल्प अनुसन्धान संस्थान से कुल 70 छात्रों ने मधुबनी पेंटिंग, मृण्मूर्ति कला, पटना कलम, मञ्जूषा कला और टिकुली कला का प्रशिक्षण प्राप्त किया। युवा कलाकार एवं प्रशिक्षकों ने छात्रों को उनके पसंद की कलाओं का प्रशिक्षण दिया। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। बिहार संग्रहालय के महानिदेशक एवं मुख्यमंत्री के सलाहकार अंजनी कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्घाटन भाषण में आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि बिहार की पारंपरिक कला को सीखने और समझने के लिए इतनी संख्या में छात्रों के उत्साहपूर्ण भागीदारी से मैं अभिभूत हूँ। यह इस बात का प्रमाण है कि दुनिया चाहे जितनी बदल गई हो, बिहार के युवाओं की कला-प्रियता कम नहीं हुई है।

हमारे युवाओं के हाथों में हमारी कलात्मक विरासत सुरक्षित है। बिहार की पारंपरिक कलाएं केवल शौकिया ही नहीं बल्कि रोजगार का भी बहुत बड़ा साधन है। हमने सरकार की ओर से एक प्रशिक्षण संस्थान भी खोला है, जिसमें प्रशिक्षण देने के लिए प्रोफेसर की नियुक्त डिग्री के आधार पर नहीं बल्कि काम के आधार पर की गई है।

बिहार के मूर्धन्य कलाकार और रेलवे स्टेशनों को मधुबनी कला से सजाने वाले राजेन्द्र प्रसाद मंजुल ने विशिष्ट अतिथि के रूप में कहा कि बिहार की धरती परंपरागत कलाओं की विविध रंगों से सजी एक बड़े कैनवास की तरह है, जिसे समय का धूल कभी धूमिल नहीं कर सकता। युवा पीढ़ी में इन कलाओं के प्रति अनुराग पैदा करने के इस पावन कार्य की मैं भूरि-भूरि प्रशंसा करता हूँ। बिहार पुराविद परिषद् के महासचिव डॉ. उमेश चन्द्र द्विवेदी ने अपने संबोधन में कहा कि बिहार की भूमि कला-प्रसूता है। मानव सभ्यता के विकास की उषा काल में ही यहाँ कलाओं का उदय हुआ, जिसके पुरातात्विक प्रमाण शैल और गुफा चित्रों के रूप में आज भी हमारे सामने हैं। बिहार की कलाएं मानव जीवन की गहराइयों से उद्भूत हैं, अतः शाश्वत हैं। इन कलाओं के प्रति हमारा प्रेम ही इनके संरक्षण और विकास की गारंटी है। अतः आवश्यक है कि हम इन्हें अपनी नयी पीढ़ी को सौंपने का अथक प्रयास करें।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण पटना मंडल के सहायक अधीक्षक पुरातत्वविद डॉ. प्रसन्ना दीक्षित, फेसेस की महासचिव सुनिता भारती, फेसेस के संस्कृति सचिव शुभम सिंह, बिहार संग्रहालय के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. सुनील कुमार झा सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। इस अवसर पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, पटना सर्किल द्वारा नालंदा महाविहार पुरातात्विक स्थल (प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय) में भी छात्रों के बीच चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता, विश्व धरोहर स्थलों की फोटो प्रदर्शनी और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अपनी विरासत के प्रति जन जागरूकता पैदा करने के लिए प्रति वर्ष 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाया जाता है। इस समय 1150 के करीब विश्व विरासत स्थल हैं, इनमें से 40 भारत में स्थित हैं। विश्व विरासत स्थल के बारे में यह स्वीकार्य है कि इनका निर्माण किसी देश, जाति या पंथ का न होकर संपूर्ण मानव जाति की उपलब्धि है और इस प्रकार उनका सार्वभौमिक मूल्य है और उनके अस्तित्व को संरक्षित एवं सुरक्षित रखना संपूर्ण मानव जाति का कर्तव्य है।

# प्रदेश के सांस्कृतिक धरोहरों को बचाने की आवश्यकता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- डिजास्टर पर पांच दिवसीय ट्रेनिंग हुई शुरू
- ट्रेनिंग कार्यक्रम में वक्ताओं ने दिया सुझाव

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट द्वारा संयुक्त रूप से प्रिजवेसन एंड कंजर्वेसन ऑफ कल्चरल हेरिटेज साइट्स प्रिसिंकट्स फ्रॉम डिजास्टर विषय पर पांच दिवसीय ट्रेनिंग आज शुरू हुआ। 18 से 22 अप्रैल तक चलने वाली ट्रेनिंग कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनआईडीएम के संतोष कुमार ने कहा कि बिहार देश के तीन प्रमुख राज्यों में सबसे अधिक सांस्कृतिक धरोहर वाला राज्य है। इस कल्चरल साइट्स को बचाने की अवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बिहार में तीन-चार सौ सांस्कृतिक धरोहर हैं। इसमें से 78 प्रतिहत धर्म से जुड़े हैं।

इसका संरक्षण बहुत जरूरी है। अगले पांच दिनों तक प्रतिभागियों को सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण की जानकारी दी जाएगी। उन्होंने बिहार म्यूजियम की प्रशंसा करते हुए कहा कि यहां रखरखाव का बेहतर इंतजाम हैं। बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ उदय कांत मिश्र ने सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण की आवश्यकता पर बल देतें हुए कहा कि विक्रमशिला, भागलपुर के तिल्ला कोठी, राजभवन समेत अन्य धरोहरों के बनावट और निर्माण की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि भवन निर्माण के पांच मानस होतेहैं। इन पांच मानस को अपनाकर अपने धरोहरों को बचा सकते हैं। सांस्कृतिक भवनों के बचाव के बारे मे कहा कि क्लाइमेट के साथ भवनों के निर्माण आवश्यक है। वहीं, प्राधिकरण के सदस्य पी एन राय नेकहा कि छोटी आपदा भी हमारे धरोहरों को बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। इससे बचाव के लिए पूर्व से तैयारी करने की आवश्यकता है। सदस्य मनीष कुमार वर्मा ने वैशाली, राजगीर, गया आदि साइट्स की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा यह ट्रेनिंग ऐसे साइट्स की सुरक्षा के लिए बेहतर साबित होगा। बिहार म्यूजियम के डीजी और पूर्व मुख्य सचिव अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि बिहार में बड़े पैमानेपर सांस्कृतिक सामग्रीयों का भंडार है। इसके लिए लोगों को जागरूक करना एक चुनौती है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण के लिए कोर्स शरू किया जाएगा। कोर्स करने वालों को यही रोजगार भी दिया जाएगा।

# न्याय प्रणाली में आम आदमी बेचारा बना : पूर्व जिला जज रतेरिया

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



देश में आज भी अंग्रेजों की बनाई न्याय प्रणाली चल रही है' तब कानून बनता था इंग्लैंड में और लागू होता था घोड़ासहन में। अंग्रेजों को कानून लागू करने के लिए मिडिलमैन (बिचौलिया) की जरूरत थी। उसने वकील बना दिया। काले कोट, टाई, भारी-भरकम लिबास जनता को आतंकित करने के लिए बनाया गया। दुर्भाग्य से आज भी वही सबकुछ चल रहा है। 25 हजार जज तथा 20 लाख वकील ही देश में सबकुछ हैं। करोड़ों आम लोग बेचारा बने हुए हैं। जरूरत है कि आज न्याय प्रणाली को पीपुल्स फ्रेंडली बनाया जाए।

पूर्व जिला न्यायाधीश और बिहार न्यायिक अकादमी के पूर्व निदेशक रमेश कुमार रितेरिया ने एक टॉक शो ह्लराज्य की न्यायिक प्रणाली को समझने और मजबूत करने में युवाओं की भूमिका पर एक चर्चाह्व विषय पर बोलते हुए इसी के साथ कहा कि अंग्रेजों ने न्याय प्रणाली को राजतंत्र के प्रतीक या राज शक्ति के प्रतीक के रूप में खड़ा किया था। आज लोकतंत्र है, अब ये प्रतीक बदले जाने चाहिए। कोर्ट में आज भी सारा काम-काज सौ साल पुराने ढंग से हो रहा है' आज भी धूल भरी फाइलें ही हैं, कुछ स्वार्थी तत्व कंप्यूटराइजेशन नहीं होने दे रहे हैं जबकि कंप्यूटराइजेशन से पारदर्शिता आएगी।

उन्होंने कहा कि आनेवाले वर्षों में न्याय प्रणाली पूरी तरह बदल जाएगी। पूरी न्याय प्रणाली को संस्थागत करने की योजना पर कार्य हो रहा है। ये कई स्तरों पर होगा। पहला विधिक जागरूकता अर्थात न्यायिक अधिकारी, वकील सभी को उनके उत्तरदायित्व के प्रति सचेत करना, दूसरा विधिक साक्षरता अर्थात आम लोगों को कानून की जानकारी तथा उसके अनुपालन के लिए प्रेरित करने का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि युवक और जन प्रतिनिधि हर स्तर पर विधिक सेवा प्राधिकार से जुड़ें, लोगों को जोड़े और इसकी व्यवस्था के साथ योगदान करते हुए इसके संसाधनों, संकल्प के माध्यम से विधिक जागरूकता, विधिक साक्षरता का प्रसार करें। सेवानिवृत्त न्यायाधीश परिचर्चा में तीन घण्टे तक प्रश्नोत्तर शैली में संबोधित करते रहे। इस दौरान बख्तियारपुर के विधायक ललन सिंह, उद्योगपति साकेत बगेरिया, अधिवक्ता सौरभ कुमार, लोकेश कुमार, सत्यम, पीयूष, युवा उद्यमी और छात्र उपस्थित थे।

### मलेरिया के केस में 6 सालों में आयी भारी कमी : मंगल पांडेय

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि आगामी 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस के दौरान राज्य के प्रत्येक जिला मुख्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मलेरिया उन्मूलन से संबंधित जन जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

स्कूल के बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाल लोगों में मलेरिया से बचाव के संदेश दिये जाएंगे। श्री पांडेय ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग मलेरिया उन्मूलन के प्रति सजग है। मलेरिया के केस में राज्य में वर्ष 2015 की तुलना में वर्ष 2021 में 84% कमी दर्ज हुई है। राज्य में वर्ष 2021 में कुल 3,04,635 लोगों के मलेरिया की जांच की गई, इसमें महज 647 लोग ही मलेरिया से पीड़ित मिले।

जबकि 2015 में इस रोग से 4,006 लोग पीड़ित मिले थे। वर्ष 2021 में राज्य के 38 जिलों में भोजपुर, दरभंगा, किशनगंज, मधेपुरा, शेखपुरा और सिवान 6 जिले ऐसे थे, जहां में एक भी व्यक्ति मलेरिया से पीड़ित नहीं मिला। जबकि राज्य के 26 जिलों में 20 से कम मलेरिया के रोगी मिले हैं।

# गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुलभ कराना सरकार की प्राथमिकता : आयुक्त

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



पटना। पटना प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने कहा है कि सृदृढ़, विश्वसनीय एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सुचारू काम-काज एवं सुविधाओं की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सभी को प्रतिबद्ध होना पड़ेगा। वे आज आयुक्त कार्यालय स्थित सभाकक्ष में पीएमसीएच के रोगी कल्याण समिति की बैठक में अध्यक्षीय संबोधन कर रहे थे। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि विकसित बिहार एवं आत्मनिर्भर बिहार के सात निश्चय में सभी के लिए उत्तम स्वास्थ्य सुविधा का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसे प्रभावी, कुशल एवं जवाबदेह प्रणाली से ही हासिल किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं किसी भी प्रणाली की रीढ़ है, जो सभी नागरिकों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराती है। आज के इस बैठक में रोगी कल्याण समिति द्वारा प्रस्तावित एजेंडा पर एक-एक कर चर्चा की गई। अस्पताल के प्रबंधन एवं संचालन पर विस्तृत विमर्श किया गया। मरीजों के हित में दवाओं एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता, स्वास्थ्य प्रबंधक एवं अस्पताल प्रबंधक की नियुक्ति, आइजीसीसी, संस्थान में जलापूर्ति, नियमित एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति, स्वच्छता सहित विभिन्न बिन्दुओं पर पीएमसीएच के अधीक्षक द्वारा उपस्थापित प्रस्तावों पर समिति के सदस्यों ने चर्चा की। आयुक्त ने कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में पारदर्शिता एवं उत्तरदायित्व सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बीएमएसआइसीएल को त्वरित गति से कार्य करने का निदेश दिया। आयुक्त श्री रवि ने कहा कि दूर-दराज और वंचित समुदाय के लोगों के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवा ही एक मात्र स्त्रोत है। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों के इलाज को प्राथमिकता दी जाए। अस्पताल का त्रुटिरहित ढंग से संचालन हो। इस बैठक में आयुक्त-सह-अध्यक्ष, रोगी कल्याण समिति के साथ जिलाधिकारी, पटना-सह- उपाध्यक्ष, रोगी कल्याण समिति, क्षेत्रीय विकास पदाधिकारी, क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएं, अधीक्षक, पीएमसीएच, उपाधीक्षक पीएमसीएच, सिविल सर्जन, उपमहाप्रबंधक, बीएमएसआईसीएल एवं अन्य उपस्थित थे।

# तपिश ने बढ़ाई परेशानी राजधानी का तापमान 42 डिग्री

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



बिहार में तपिश भरी गर्मी ने सितम ढा रहा है। चिलचिलाती धूप व लू ने लोगों को घर में दुबकने को मजबूर कर दिया है। स्कूली बच्चों को भी भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह 10 बजे से ही आसमान आग उगल रहा है। ऐसे में 12 बजे दोपहर को स्कूल से वापस लौटने के क्रम में बच्चों की हालत खराब हो रही है। सूबे में 44 डिग्री सेल्सियस तक तापमान पहुंच गया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों को सतर्क रहने को कहा है। बढ़ते गर्मी और लू को लेकर मौसम विभाग ने येलो-अलर्ट जारी किया है। पटना के डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने जिले में सभी स्कूलों को 11.45 बजे तक ही खुल रखने के निर्देश दिये हैं। रविवार को बिहार का सबसे गर्म स्थान शेखपुरा और बांका रहा। दोनों ही जगहों का तापमान 44.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। प्रदेश के कई शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार दर्ज किया गया है। दक्षिणी बिहार के साथ ही उत्तर पश्चिम भाग के कुछ जिलों में भी लू का असर देखने को मिल रहा है। उत्तर बिहार के कई जिलों में मौसम शुष्क होने के साथ गर्म पछुआ हवा का प्रवाह जारी है। मौसम विज्ञानी की मानें तो पछुआ गर्म हवा का प्रवाह समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक बना हुआ है। इसके प्रभाव से अगले तीन दिनों तक प्रदेश में गर्म हवा का प्रवाह जारी रहेगा। दक्षिण बिहार के 10 शहरों में लू का प्रभाव जारी रहेगा। वहीं, उत्तर पूर्व जिलों में 72 घंटों के दौरान मेघ गर्जन व बिजली चमकने व हल्की बारिश का पूवानुर्मान है। इन मौसमी प्रभाव को देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र पटना की ओर से येलो-अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में लोगों को दोपहर के समय घरों में रहने की सलाह दी गई है। मौसम विज्ञान केंद्र पटना की ओर से प्रदेश में अगले तीन दिनों तक यानी 20 अप्रैल तक प्रचंड गर्मी व लू का कहर जारी रहेगा। प्रदेश के दक्षिण बिहार के बक्सर, कैमूर, रोहतास, भोजपुर, औरंगाबाद, भोजपुर, नवादा, बांका, जमुई के अलावा उत्तर बिहार के सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, पूर्वी एवं पश्चिमी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, भागलपुर जिले के एक दो स्थानों पर मेघ गर्जन और बिजली चमकने के आसार हैं। इन मौसमी कारण को देखते हुए मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से येलो अलर्ट जारी किया गया। इन जगहों पर रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है।

# गांधी संग्रहालय में वीरेंद्र यादव न्यूज के 80वें अंक के लोकार्पण पर हुआ वैचारिक विमर्श

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



मासिक पत्रिका वीरेंद्र यादव न्यूज ने अपने प्रकाशन के निर्बाध 80 अंक पूरे करने पर गांधी संग्रहालय में एक विचार गोष्ठी आयोजित की। इस यात्रा में पत्रिका का हर अंक संग्रहणीय, पठनीय और विश्वयसनीय रहा। पत्रिका के संपादक वीरेंद्र यादव ने इस अवसर पर कहा कि पत्रिका सामाजिक सरोकारों को लेकर शुरू की गयी थी। इसका मकसद वंचित समाज के लोगों की आवाज, उनका सरोकार और संवेदनाओं को मंच प्रदान करना था। नियमित प्रकाशन के 80 अंक पूरे करने का श्रेय पाठकों, शुभेच्छुरओं और पत्रिका के लिए आर्थिक सहयोग करने वालों को जाता है। वैचारिक विमर्श के विषय- मीडिया का सरोकार और खबरों के बाजार पर अपनी बात रखते हुए वीरेंद्र यादव ने कहा कि मीडिया का सरोकार और खबरों का बाजार अलग-अलग चीजे हैं, पर अब एक नया शब्द गढ़ा गया है एडवरटोरियल। अब विज्ञापन और खबरों का भेद मिटता जा रहा है।

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफार्म के बिहार समन्वयक राजीव कुमार ने कहा कि पत्रिका में पंचायतों के सशक्तिकरण और चुनाव सुधार के मुद्दों को भी शामिल किया जाना चाहिए। ई संतोष यादव ने कहा कि अब मीडिया में जनसरोकार का पक्ष कमजोर होता जा रहा है। प्रो बीएन विश्वरकर्मा ने कहा कि किसी भी पत्रिका का नियमित रूप से प्रकाशित करते रहना बड़ी चुनौती है। पत्रकार हेमंत कुमार और अभिषेक चंद्रा ने कहा कि इसका हर अंक संग्रहणीय होता है। इस मौके चितरंजन प्रसाद, प्रमोद यादव, आनंद कुमार, अमित कुमार गौतम, सुलभा सुप्रिया, संतोष कुमार, दुर्गेश यादव, सचिन कुमार यादव, महबूब आलम अंसारी, नसीम अहमद, अरुण नारायण, मिथिलेश शर्मा आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

### केन्द्रीय करों में हिस्से के रूप में बिहार को अभी तक की सर्वाधिक राशि हुयी प्राप्त : सुशील मोदी

**पटना।** राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री सम्प्रति राज्य सभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने आज एक वक्तव्य में कहा कि कोविड के बाद अर्थव्यवस्था में सुधार का परिणाम है कि केन्द्रीय करों में हिस्से के रूप में बिहार को 2020-21 की तुलना में 2021-22 में 34% ज्यादा राशि केंद्र से प्राप्त हुई है। जहां 2020-21 में मात्र 59 हजार 861 करोड़ प्राप्त हुआ था वहीं 2021-22 में 91 हजार 352 करोड़ प्राप्त हुए हैं।

ज्ञातव्य है कि केंद्र सरकार को आय-कर, कॉरपोरेट कर, एक्साइज, कस्टम्स ड्यूटी, जीएसटी से प्राप्त टैक्स वित्त आयोग की अनुशंसा पर राज्यों को डीवोल्युसन के रूप में प्राप्त होता है। इस राशि को राज्य सरकार किसी भी कार्य पर व्यय कर सकती है। 15वें वित्त आयोग ने केन्द्रीय करों में राज्यों को 41 प्रतिशत और उसमें बिहार को 10 प्रतिशत की हिस्सेदारी निर्धारित की है। पंचायती राज संस्थाओं को 3709 करोड़ रुपये अनुदान के रूप में प्राप्त हुआ परंतु शहरी निकायों के लिए 1827 करोड़ के विरुद्ध 836.25 करोड़ ही प्राप्त हो सका।

# रंजीत के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी व हत्यारों को मिले फांसी : वैश्य महासभा

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



राष्ट्रीय वैश्य महासभा के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ पीके चौधरी एवं सभा के प्रदेश युवा अध्यक्ष मंजीत आनन्द साहू तथा चंदन बागची ने घर जाकर पीड़ित परिवार का हाल जाना और घटना कि विस्तृत जानकारी ली तथा मृतक रंजीत के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने व हत्यारों के विरुद्ध स्पीडी ट्रायल चलाकर फांसी की सजा देने की मांग की।

सहरसा के बैधनाथ पुर निवासी निर्वाचित मुखीया रंजीत साह की हाल ही में गोलीमार कर हत्या कर दी गई थी। उनके घर जाकर इन लोगों ने पीड़ित परिवार का हाल जाना और घटना कि सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी ली। मुलाकात के बाद राजद नेता डॉ पीके चौधरी ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि सम्पूर्ण बिहार में वैश्य समाज के लोगों को दिन दहाड़े गोलियों का शिकार बनाया जा रहा है। बन्दूक की नोक पर कहीं सरार्फा कारोबारियों को, तो कभी कहीं कपड़े के व्यापारियों के प्रतिष्ठानों को लूट लिया जाता है' कमजोर वर्ग के जनप्रतिनिधियों तक को मार दिया जा रहा है। समाज का एक हिस्सा ऐसा है जो नहीं चाहता है कि कमजोर वर्ग के लोग राजनीति में हिस्सा लें। आज वैश्य समाज के लोगों की जान और माल दोनों खतरे में है।

प्रदेश युवा अध्यक्ष मंजीत आनन्द साहू ने कहा कि महासभा लम्बे समय से वैश्य व्यवसायी वर्ग के हितों के संरक्षण के लिए व्यवसायिक आयोग के गठन की मांग करता रहा है, ताकि वैश्य समाज के हितों को ध्यान में रखकर उसकी रक्षा के साथ साथ उनकी जरूरतें एवं व्यवसाय के संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाये।

# अगलगी की घटनाओं को रोकने के लिए चलेगा जागरूकता अभियान : जिलाधिकारी

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

- नागरिकों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन मुस्तैद
- आम जनता से सावधानी बरतने का किया आह्वान



जिलाधिकारी डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने आम जनता से अग्नि-सुरक्षा हेतु निर्धारित मापदंडों का पालन करने का आह्वान किया है। जिलेवासियों के नाम एक संदेश में उन्होने कहा कि ग्रीष्मकाल में विभिन्न क्षेत्रों में अग्निकांड की संभावना काफी बढ़ जाती है।

आग की छोटी-सी लौ भी एक क्षण में पूरी तरह से अनियंत्रित होकर बड़ी आग में परिवर्तित हो सकती है। अतः हर व्यक्ति के स्तर पर अपेक्षित सतर्कता आवश्यक है। डीएम डॉ सिंह ने कहा कि अग्निकांड की आपदा से निपटने हेतु मानक संचालन प्रक्रिया एसओपी एवं समय-समय पर विभाग द्वारा निदेश भेजे गये हैं।

इसके अक्षरशः अनुपालन से अगलगी की घटनाओं को रोका जा सकता है। डीएम डॉ सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अग्निकांड की सूचना प्राप्त होते ही अंचल अधिकारी ,अनुमण्डल पदाधिकारी घटना स्थल पर पहुंच कर राहत एवं बचाव के कार्य कराना सुनिश्चित करें।

जहां पर अग्निकांड की बड़ी घटना प्रतिवेदित हो, वहांअपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन स्वयं शीघ्रातिशीघ्र पहुंच कर राहत एवं बचाव कार्य कराना सुनिश्चित करें। अग्निकांड की सूचना प्राप्त होते ही आवश्यकतानुसार फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर रवाना करें।

गर्मी के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में आगलगी की घटनाओं की रोकथाम के संबंध में फायर ब्रिगेड के पदाधिकारी मुस्तैद रहेंगे। अग्निकांड पीड़ितों को 24 घंटे के अंदर अनुमान्य साहाय्य यथा पॉलिथिन शीट, नकद अनुदान तथा वस्त्र एवं बर्तन के लिए अनुदान उपलब्ध कराया जाए।

इसी प्रकार घायलों के इलाज की समुचित व्यवस्था की जाएगी तथा मृतकों के आश्रितों को अनुग्रह अनुदान का भुगतान अविलंब किया जाए। जले एवं क्षतिग्रस्त मकानों का सर्वेक्षण कर इसका जियो टैगिंग एवं फोटोग्राफी कराकर गृह क्षति अनुदान का भुगतान शीघ्रातिशीघ्र कर दिया जाए।

विशेष राहत केन्द्रों के संचालन की स्थिति में कोरोना वायरस संक्रमण के परिदृश्य में सामाजिक दूरी, मास्क एवं अन्य स्वास्थ्य मानकों का अनुपालन आवश्यक रूप से किया जाए।

## अग्निशमन सेवा सप्ताह पर किया गया फायर मॉक ड्रिल

अग्नि संरक्षा सतर्कता सप्ताह (अग्निशमन सेवा सप्ताह) के अवसर पर अतिथि के रूप में जिला अग्निशमन पदाधिकारी अनिरुद्ध प्रसाद, राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की पूर्व परियोजना पदाधिकारी डॉ. मधुबाला, जी पी सिन्हा इंस्टिट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट के निदेशक राजन सिन्हा, रेड क्रॉस सोसाइटी के डॉ. दीपक शरण, इंटक के चंद्रप्रकाश सिंह, फायर सेफ्टी अफसर प्रमोद कुमार तथा गाँधी मैदान थाना प्रभारी अरुण कुमार ने अग्नि सुरक्षा को लेकर अपने- अपने विचार प्रकट किए।



प्रशिक्षित कर्मचारियों द्वारा सोमवार को होटल मौर्या में फायर मॉक ड्रिल किया गया। इस दौरान कर्मचारियों ने आग बुझाने के अद्भुत तरीके प्रस्तुत किए गए। फायर अलार्म द्वारा आग की सूचना मिलते हीं मार्शल टीम हरकत में आ गई।

अतिथि को इमरजेंसी लैंडर द्वारा रूम से बारी- बारी से सुरक्षित उतारा। इसके बाद उन्हें प्राथमिक उपचार मुहैया कराया गया और एम्बुलेंस द्वारा नजदीक के अस्पताल भेजा गया। इस अवसर पर होटल ट्रेनर टी एन प्रताप ने कार्यक्रम में अग्नि सुरक्षा पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर लोगों को इससे अवगत कराया। होटल मौर्या के प्रबंध निदेशक आदित्य प्रकाश सिंह व महाप्रबंधक बी डी सिंह ने भी अपने विचार साझा किए। मंच संचालन एडमिनिस्ट्रेटर आर के सिंह ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक ने किया।

## अगलगी की घटनाओं को रोकने के उपाय

स्टोव या लकड़ी, गोइठा आदि के जलावन वाले चूल्हे पर खाना बनाते वक्त सावधनी बरतें हमेशा सूती वस्त्र पहनकर ही खाना बनायें। गेहूं, ओसनी का काम हमेशा रात में तथा गांव के बाहर खलिहान में जाकर करें। घर व खलिहान पर समुचित पानी व बालू की व्यवस्था रखें। खाना पकाते समय रसोईघर में वयस्क मौजूद रहें, बच्चों को अकेला न छोड़ें।

खिड़की से स्टोव के बर्नर तक हवा न पहुंच पाए, इस बात की पूरी तसल्ली कर लें। सरकारी सहायता पाने के उद्देश्य से जानबूझकर अपनी सम्पत्ति में आग लगाने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने में प्रशासन की मदद कर जागरूक नागरिक अवश्य बनें। तौलिये या कपड़े का इस्तेमाल सावधानी से गर्म बर्तन उतारने के लिए करें। तैलीय पदार्थ से लगी आग पर पानी न डालें। गैस चूल्हे का इस्तेमाल करने के तुरंत बाद सिलिंडर का नॉब तुरंत बंद कर दें। घर में अग्निशमन कार्यालय तथा अन्य आपातकालीन नंबर लिखा हुआ हो और घर के सभी सदस्यों को इन नंबरों के बारे में पता हो। आग लगने पर दमकल विभाग को फोन करें और उन्हें अपना पूरा पता बतायें फिर दमकल विभाग जैसा कहें वैसा ही करें। बच्चों को माचिस या आग फैलाने वाले एवं अन्य सामानों के पास न जाने दें।

बीड़ी, सिगरेट, हुक्का आदि पीकर जहां-तहां न फेंकें, उसे पूरी तरह बुझने के बाद ही फेंकें। चूल्हा, ढिबरी, मोमबत्ती कपूर इत्यादि जलाकर न छोड़ें। सार्वजनिक स्थलों, ट्रेनों एवं बसों आदि में ज्वलनशील पदार्थ न ले जाएं। डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने अधिकारियों को आम जनता के बीच अग्नि सुरक्षा हेतु लगातार जागरूकता अभियान चलाने का निदेश दिया है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन पूर्णतः मुस्तैद है।

## संक्षिप्त खबरें

### मोरवा हाट पर नीरा संग्रहण सह विक्रय केंद्र का उद्घाटन किया गया

मोरवा, समस्तीपुर। मोरवा प्रखंड क्षेत्र के मोरवा हाट पर संचालक स्वास्थ्य जीविका महिला नीरा उत्पादक समूह के द्वारा गगन जीविका महिला ग्राम संगठन में नीरा संग्रहण सह विक्रय केंद्र का उद्घाटन समूह के अध्यक्ष बीना देवी के द्वारा किया गया। वहीं बीपीएम गोपाल कुमार झा के द्वारा बताया गया कि तार से निकलने वाला रस तारी नही नीरा कहलाता है इससे पीने से शरीर को बहुत फायदा होता है। मोरवा प्रखंड के सभी पंचायत में नीरा संग्रह सह विक्रय केंद्र खुलेगा। मौके पर एसी ललन कुमार, सीसी बबीता कुमारी, पिंकी कुमारी, बीके बिरन कुमार सिंह, एमबीके सुबोध कुमार चौधरी, वीआरपी रतन देव शर्मा, खुशबू कुमारी, एमआरपी अजीत कुमार, सीएम खुशबू देवी, सहित जीविका के अन्य लोग मौजूद थे।

### योग प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कराया गया योगाभ्यास

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के चकहबीब पंचायत अंतर्गत हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर सह स्वास्थ्य उप केंद्र के प्रांगण में आयुष्मान भारत एचडब्ल्यूसी अभियान के तहत योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम डॉ अमरनाथ शर्मा की अध्यक्षता में योग प्रशिक्षक प्रेमचंद के द्वारा सोमवार की सुबह 6:30 बजे ग्रामीण छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के योगासनों का अभ्यास कराया गया।

### कर्मचारी और किरानी पर लगाया मनमानी का आरोप

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के ग्राम पोस्ट मंदा निवासी मोहम्मद चांद ने अंचलाधिकारी को लिखित आवेदन देते हुए कर्मचारी व किरानी पर मनमानी व घूस मांगने का आरोप लगाया है। आवेदन के माध्यम से मोहम्मद चांद ने बताया कि मेरा वाद संख्या 1017 वर्ष 2011-12 जिसका रिसीविंग चिरकुट फाईल संख्या 207 दिनांक 8 फरवरी 2022 और वाद संख्या 2016 वर्ष विषय 2011-12 चिरकुट फाइल संख्या 210 दिनांक 14 फरवरी 2022 है। पंजी 2 पर दर्जी जमाबंदी संख्या 183 तथा181 संपूर्ण नकल के लिए चिरकुट फाइल किए। वही रिसीविंग संख्या 193 और 193 वाद संख्या 515 का भी संपूर्ण नकल के लिए चिरकुट फाइल किए। दो महीने लगातार दौरान गया। कभी शुद्धि पत्र खोजने का चार्ज तो कभी ही टिकट का चार्ज बताकर पैसा लिया गया। पूछे जाने पर बताया गया कि का महीना और लगेगा। अंचलाधिकारी से शिकायत करने की बात कही तो अभद्र भाषा का प्रयोग किया।

# डीएम की अध्यक्षता में की गई जल जीवन हरियाली एवं नलकूप संबंधी व अन्य योजनाओं की समीक्षा

## जिला पंचायती राज पदाधिकारी को सरकारी और निजी कुओं का सर्वेक्षण कराने का निर्देश

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

समस्तीपुर समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में सोमवार को डीएम योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन हरियाली मिशन, हर खेत को पानी, राजकीय नलकूप योजना, बिहार शताब्दी निजी नलकूप योजना, नीली क्रांति समेकित विकास एवं मत्स्य पालन की समीक्षात्मक बैठकआयोजित की गई। बैठक में कार्यालय द्वारा भेजे गए प्रतिवेदन और एमआईएस पोर्टल पर अंकित प्रतिवेदन दोनों में अंतर आ रहा है।

इसको लेकर डीएम के द्वारा विभाग से संपर्क कर इस को सुधारने का निर्देश दिया गया। पोखर, चौर, कुआँ का भूमि सर्वे कराकर प्रतिवेदन समर्पित करने हेतु कहा गया। रैंकिंग सुधार की दिशा में सतत प्रयास करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा योजना अंतर्गत सभी अपूर्ण योजनाओं जिसमें पहले, दूसरे और तीसरे, जो भी योजना पूर्ण नहीं की गई है, उसको अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया एवं जिन-जिन लाभुकों को अब तक राशि नहीं दी




गई। उनका भुगतान करने का निर्देश दिया गया। सभी प्रखंडों की समीक्षा लक्ष्य के आधार पर की गई एवं जहां-जहां शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण नहीं किया गया है उनको अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इमेज प्रोसेसिंग मैपिंग हेतु जिला पंचायती राज पदाधिकारी को जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी के साथ मिलकर निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। सरकारी एवं निजी कुओं का सर्वेक्षण जमीनी स्तर पर करने का निर्देश जिला पंचायती राज पदाधिकारी

**बैठक**

● मनरेगा योजना अंतर्गत सभी अपूर्ण योजनाओं जो पूर्ण नहीं की गई है, उसको अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया

को दिया गया। खेत में सिंचाई हेतु कुल सिंचित एवं असिंचित भूमि का समीक्षा किया गया एवं बचे हुए असिंचित भूमि पर सिंचाई करवाने का निर्देश दिया गया। इसकी जांच का जिम्मा जिला स्तर पर उप विकास आयुक्त को दिया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त संजय कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डीपीओ मनरेगा, कार्यपालक अभियंता मनरेगा, कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग, एमआईएस पदाधिकारी एवं सभी प्रखंड के कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा उपस्थित थे।

### जिलाधिकारी ने दिया समाजिक सुरक्षा कोषांग के सभी लम्बित आवेदनों के शत-प्रतिशत निष्पादन का निर्देश



समस्तीपुर, समस्तीपुर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को डीएम योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आईटी, आरटीपीएस, जनसंपर्क, सीएससी (श्रम, आयुष्मान, दिव्यांगजन आदि) की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम के द्वारा आईटी कार्यों की समीक्षा की गई एवं ईएमएस सॉफ्टवेयर को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश आईटी प्रबंधक को दिया गया। लोक सेवा केंद्र अन्तर्गत आर्थिक रूप से कमजोड़ वर्ग के प्रमाण पत्र में उजियारपुर प्रखंड अंतर्गत 16 प्रमाण पत्रों की अवधि समाप्त पाया गया। जिसको अविलंब निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। समाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत सभी लम्बित आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। ई-श्रम कार्ड का कार्य लगभग 85 फीसदी पूर्ण हो चुका है। शेष को अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित लोक सेवा में प्राप्त आवेदनों को ससमय निष्पादित करने हेतु जिला आपूर्ति पदाधिकारी और सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा को वीसी के माध्यम से प्रखंड, अनुमंडल के स्तर पर समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी जिला बीपीएसएम कोषांग, दिव्यांगजन कोषांग पदाधिकारी, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग, श्रम अधीक्षक जिला कार्यक्रम समन्यवयक स्वास्थ्य विभाग उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुकों का समाजिक अंकेक्षण ग्राम सभा से किया गया

**उजियारपुर।** उजियारपुर प्रखंड के लोहागीर पंचायत के पुस्तकालय भवन में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुको का समाजिक अंकेक्षण ग्राम सभा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर विरेन्द्र कुमार सिंह( कृषि समन्वयक लोहागीर) ने कहा कि पति व पत्नी में से एक ही व्यक्ति इस योजना का लाभ ले सकते हैं और वैसे किसान जिनको अभी तक इस योजना का लाभ नहीं मिला है, और जमाबंदी उनके नाम से है, वो अपना रजिस्ट्रेशन करवा लें, और सभी लाभुक किसान अपना ई-केवाईसी व बैंक खाता में एनपीसीआई लिंक अविलंब करवा लें ताकि इस योजना का लाभ मिलता रहे, मौके पर पंचायत सचिव जयचंद्र राय, किसान सलाहकार हेम प्रभा, पूर्व मुखिया उमेश राय, वार्ड संख्या-12 के वार्ड सदस्य राजीव कुमार राय, वार्ड-8 के वार्ड सदस्य सुरजीत कुमार, वार्ड-7 के वार्ड सदस्य सुभाष कुमार राय, पूर्व वार्ड सदस्य के प्रखंड अध्यक्ष अरूण कुमार सुमन, वार्ड-15 के पूर्व वार्ड सदस्य लक्ष्मण कुमार, उमेश प्रसाद सिंह, राम एकबाल राय, शंभू नारायण ठाकुर, गौरीशंकर पौदार, अजित सिंह, के अलावे अन्य लोग मौजूद थे।

### एनसीआर एटीएम इंजीनियर के साथ लूटपाट

**उजियारपुर।** बेखौफ अपराधियों ने एक बार फिर से लूट की घटना को अंजाम दिया है। ताजा मामला उजियारपुर थाना क्षेत्र का है। जहां हथियारबंद अपराधियों ने एनसीआर एटीएम इंजीनियर से लूट की घटना को अंजाम दिया है।

# रोसड़ा में पंचायत समिति की पहली बैठक कोरम के अभाव में स्थगित

रोसड़ा, प्रात: किरण संवाददाता

रोसड़ा प्रखंड पंचायत समिति की बैठक पंचायत समिति भवन में आराधना कुमारी की अध्यक्षता में आहूत की गई। घंटों इंतजार के बाद भी पंचायत समिति सदस्यों की कुल संख्या का आधा से एक अधिक सदस्य बैठक में उपस्थित नहीं हुए। कोरम के अभाव में बैठक स्थगित कर दिया गया। रोसड़ा प्रखंड में पंचायत समितियों की संख्या 20 है।

जिसमें 9 पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहे। रोसड़ा प्रखंड अंतर्गत मुखिया की संख्या 15 है। जिसमें एक मुखिया उपस्थित रहे। प्रखंड पंचायत समिति की बैठक में पहुंचने वाले पंचायत समितियों में प्रमुख आराधना कुमारी पंचायत समिति सदस्य शैलेंद्र कुमार, शंभू राय, रमेश यादव, राजेश कुमार पासवान, मंजू देवी, रवीना कुमारी, साक्षी कुमारी, प्रमोद पंडित सहित 9 पंचायत समिति सदस्य तथा 15 मुखिया में से मात्र एक मुखिया लीला देवी (जहांगीरपुर पंचायत उत्तर) बैठक में पहुंचे। मुखिया लीला देवी ने बताई कि नहीं आने वाले मुखिया विकास नहीं कर राजनीति कर रहे हैं। कई पंचायत समिति सदस्य ने बताया विकास नहीं करना चाहते राजनीतिक किया जा रहा है। प्रखंड पंचायत समिति के बैठक में समिति तो गायब ही रहे वहीं स्थानीय विधायक एवं सांसद की आने की बात थी उन्होंने इस बैठक में आने से परहेज किया आने वाले अगली बैठक 26 अप्रैल को समय निर्धारित की गई है अब देखना है कितने पंचायत समिति और मुखिया प्रखंड पंचायत समिति के बैठक में भाग लेते हैं आने वाले समय में स्पष्ट हो जाएगा। उपस्थित मुखिया पंचायत समिति क्या कहते हैं।

# स्वास्थ्य मेला को लेकर सीएचसी मोहिउद्दीन नगर में की गई बैठक

मोहिउद्दीन नगर, प्रात: किरण संवाददाता

प्रखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहिउद्दीन नगर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अमित कुमार के द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित होने वाले स्वास्थ्य मेला को लेकर सोमवार को चिकित्सा पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक की गई।

इस संदर्भ में जानकारी देते हुए डॉक्टर अमित कुमार के द्वारा बताया गया कि आगामी 24 अप्रैल को उच्च विद्यालय मोहिउद्दीन नगर के प्रांगण में आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में स्वास्थ्य मेला का आयोजन सरकार के दिशा निर्देश के आलोक में किया जा रहा है जिसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही है



● विशेषता-स्वास्थ्य मेला में भाग लेने वाले मरीजों का बनेगा आयुष्मान कार्ड

जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेले में लगभग 35 स्वास्थ्य स्टॉल लगाए जाएंगे जिसमें विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा मेले में पहुंचने वाले मरीजों का इलाज किया जाएगा उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेले में मुख्य रूप से सामान्य चिकित्सक, विशेषज्ञ दंत चिकित्सक, मातृत्व सुरक्षा स्टॉल, शिशु सुरक्षा स्टॉल, पोषण मेला सहित यक्ष्मा एवं मलेरिया, काला जार इत्यादि बीमारियों का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न स्टॉल पर किया जाएगा। उक्त मेले में मरीजों के ब्लड सैंपल का जांच भी किया जाएगा जिसमें मलेरिया, आरके 39 कालाजार, एचआईवी एड्स, एनीमिया, ब्लड शुगर, ब्लड प्रेशर सहित दर्जनों जांच निशुल्क किया जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि सभी स्थानों पर मरीजों को सरकार द्वारा उपलब्ध करवाई गई दवाइयां भी निशुल्क वितरित की जाएगी। स्वास्थ्य मेला में भाग लेने वाले मरीजों का आयुष्मान कार्ड भी अस्पताल के माध्यम से बनाया जाएगा। बैठक में विशेषज्ञ दंत चिकित्सक डॉक्टर नागेंद्र प्रसाद सिंह, यूनानी चिकित्सक डॉक्टर सरफराज अहमद, स्वास्थ्य प्रबंधक धीरेंद्र कुमार सिंह, प्रखंड मूल्यांकन अधिकारी अमित कुमार सिन्हा के साथ अन्य संबंधित स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

# मालीनगर इंस्टाकार्ट लूटकांड के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

चकमेहसी थाना क्षेत्र के मालीनगर इंस्टाकार्ट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में हुई लूटकांड मामले में फरार चल रहे आरोपी अमन यादव को पुलिस ने उसके घर से छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि विगत 9 जनवरी को मालीनगर स्थित शैल भवन में चल रहे इंस्टाकार्ट कंपनी में 6 नकाबपोश अपराधियों ने हथियार के बल पर 17 लाख 41 हजार रुपए लूट कर फरार हो गए थे। जिस मामले में पुलिस काफी समय से तहकीकात में जुटी हुई थी। हालांकि लूट की वारदात के बाद एसपी हृदयकांत सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी मामले की जांच में जुटी हुई थी। काफी समय से अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस के द्वारा लगातार अपराधियों के संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस ने लूटकांड में सम्मिलित एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान मालीनगर सिमरी गांव निवासी अश्वनी रायपुर लोहा सिंह के पुत्र अमन कुमार यादव उर्फ अमन यादव के रूप में हुई है। जिसे पुलिस ने उसके घर से छापेमारी कर गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में चकमेहसी थानाध्यक्ष चंद्र किशोर टुडू ने बताया कि उक्त आरोपी काफी समय से फरार चल रहा था। हालांकि सूचना मिलते ही उसके घर से छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है, जिसे जेल भेज दिया गया है।

# विद्यापतिनगर: आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षुओं को प्रदान किया गया प्रमाण पत्र

विद्यापतिनगर, प्रात: किरण संवाददाता

चलो कुछ नया करते हैं फाउंडेशन समस्तीपुर कमिटी के द्वारा चलाए जा रहे आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह सोमवार को आयोजित हुआ।

समापन समारोह में अतिथि के रूप में जीएमआरडी कॉलेज के पूर्व करानी सुरेश प्रसाद राय, सुजीत भगत पर्यावरणविद एवं जिला कराटे संघ समस्तीपुर के अध्यक्ष डीके मल्लिक, उमा सर शिक्षाविद और अनिल कुमार वर्तमान जिला पार्षद उपस्थित थे। इस समारोह में चलो कुछ नया करते हैं फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष बब्लू कुमार, सहायक महासचिव रणधीर




कुमार एवं जिला कमिटी का अध्यक्ष गुड्डू कुमार एवं उपाध्यक्ष सिमरन कुमारी, महासचिव अजय कुमार व कोषाध्यक्ष मीरा कुमारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु प्रिया कुमारी, निशा भारती, तनु कुमारी झा सात दिवसीय प्रशिक्षण उपरांत अपने कला का प्रदर्शन किए। जो काफी सराहनीय रहा। इस तरह के कार्यक्रम चलो कुछ न्यारा करते हैं फाउंडेशन के द्वारा बिहार के सभी जिले में चलेगी। द्वितीय चरण का आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण मोहउद्दीननगर प्रखंड में आयोजित करने की घोषणा, चलो कुछ नया करते हैं फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष बबलू कुमार किया। यह कार्यक्रम जिला कराटे संघ समस्तीपुर के निरीक्षण में चलाई जा रही है।

# प्रखंड में चल रहे विकास कार्यों को लेकर बीडीओ ने की बैठक

मोहिउद्दीन नगर, प्रात: किरण संवाददाता

प्रखंड अंतर्गत सभी 17 पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी ओमप्रकाश से सोमवार को पंचायत समिति भवन के सभागार में समीक्षात्मक बैठक की। समीक्षात्मक बैठक में उनके द्वारा प्रखंड के सभी पंचायतों के सभी वार्डों में सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी योजनाओं के बारे में संबंधित कर्मचारियों एवं अधिकारियों से अद्यतन वस्तुस्थिति की जानकारी लेते हुए उचित दिशा निर्देश दिया गया

उनके द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया कि उनके पंचायत में जितनी



भी योजनाएं चल रही हो उसका ऑडिट एक सप्ताह में करवाना सुनिश्चित करेंगे साथ ही जिन कर्मचारियों का ऑडिट एक सप्ताह में नहीं हो पाएगा उन्हें नोटिस देते हुए उन पर इंडियन पेनल कोड के विभिन्न धाराओं में उन पर प्राथमिकी दर्ज करवाई जाएगी अतः सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया जाता है कि एक सप्ताह के अंदर वे लोग सभी योजनाओं से संबंधित अपना ऑडिट करवा लें।

# पुलिस ने रामपुरा गांव से एक पिस्तौल व दो गोली के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

कल्याणपुर, प्रात: किरण संवाददाता

कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रामपुरा गांव से पुलिस ने एक घर से एक युवक को एक पिस्तौल व दो गोली के साथ गिरफ्तार किया है। इस मामले में थाने में दो अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज की गई। जिसमें रामपुरा गांव निवासी महेश्वर ठाकुर के पुत्र ब्रजेंदर ठाकुर ने एक आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। जिसमें उसने कहा है कि शनिवार की देर रात तीन युवक घर के पीछे से दीवार फांदकर आंगन में घुसे थे।

आवाज सुनकर घर के लोगों की नींद खुली तो देखा कि तीन युवक घर का सारा कीमती सामान लेकर भाग रहा है तो हमने हिम्मत दिखाकर एक युवक को पकड़ लिया। वहीं दो अन्य युवक भागने में सफल रहा। वहीं उसके पास से एक पिस्तौल दो गोली भी बरामद किया गया है। तो वहीं दूसरी ओर पूसा थाना क्षेत्र के हरपुर गांव निवासी भारत भूषण ने थाने में एक आवेदन दिया। जिसमें उसने कहा है कि उनके पुत्र अंकित राज के साथ रामपुरा गांव निवासी ब्रजेंद्र कुमार विगत 4 वर्षों से गाली-गलौज करता था और ब्रजेंद्र कुमार के द्वारा जान मारने की धमकी भी दी जाती थी। जिसको लेकर हम अपने पुत्र अंकित राज को पढ़ाई के लिए लुधियाना भेज दिया। अचानक बगैर सूचना दिए ही अंकित राज रामपुरा पहुंच गया। फिर देर रात ही हमारे पुत्र ने हमें मोबाइल पर मैसेज दिया कि हमारे साथ मारपीट हो रही है और हमारे जान का खतरा है। इसी बीच रविवार की सुबह एक फोन आया जिस पर हमसे रुपए की गई रुपए की मांग की गई। इसके बाद हम कल्याणपुर पुलिस से सहयोग मांगा तो पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रामपुरा गांव में ब्रजेंद्र कुमार के घर पर छापेमारी किया। इसमें ब्रजेंद्र कुमार के द्वारा एक पिस्तौल और दो गोली अंकित राज को दिया गया। जिसे उसने पुलिस को सुपुर्द किया। इसके बाद पुलिस ने मारपीट में जख्मी हुए युवक को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कल्याणपुर में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने इलाज के लिए उसे सदर अस्पताल समस्तीपुर के लिए भेज दिया। वहीं पुलिस ने सोमवार को दोनों युवक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से आवेदन दिया गया है। फिलहाल दोनों को संदिग्ध मानते हुए जेल भेज दिया गया। मामले की जांच उपरांत विधि सम्मत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन का दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन सपंन्न

समस्तीपुर, प्रात: किरण संवाददाता

ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन का दो दिवसीय द्विवार्षिक अधिवेशन सोमवार को संगठन चुनाव के साथ संपन्न हो गया। अधिवेशन के दौरान लोको कर्मियों की समस्याओं के सामाधान के साथ निजीकरण के विरोध देशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया गया। इस अधिवेशन में आकर्षक का केंद्र रेलवे कर्मियों के छोटे-छोटे बच्चे रहे जिन्होंने दो दिनों तक कार्यक्रम के बीच में रंगारंग प्रस्तुति से लोगों का दिल मोह लिया।

मौके पर जोनल वर्किंग कमेटी का चुनाव किया गया। इस दौरान एके राउत को पुनः जोनल सचिव चुन लिया गया। इनके अलावा जहांगीर आलम को सम्मानित अध्यक्ष, डीपी श्रीवास्तव को अध्यक्ष, संजय कुमार सिंह को कार्यकारी अध्यक्ष, पीके निराला, आरसी पटेल व कमलेश कुमार सिन्हा को उपाध्यक्ष बनाया गया। पिनाकी




नंदन, अशोक कुमार, डीके मिश्रा, सत्यम कुमार, पन्नालाल, रौशन कुमार, श्याम कुमार सिंह, मदनलाल कुमार व विकास प्रसाद को संगठन सचिव बनाया गया। राजीव कुमार को कोषाध्यक्ष, जीएसपी सिंह को अंकेक्षक, जबकि यूएस चौपाल, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, चंदन कुमार यादव, सुरेश यादव, कमल कुमार, राजेश कुमार,सुधीर कुमार वर्मा, अजय कुमार राम व वीपेश कुमार को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

**समस्तीपुर शाखा के नये कमेटी का हुआ चुनाव**

इस मौके पर समस्तीपुर शाखा के नये कमेटी का भी चुनाव किया गया। अभिषेक कुमार को सचिव चुना गया। जबकि श्याम नंदन शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया।

इनके अलावा संदीप कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष, सचिन कुमार शर्मा व बबलु कुमार को उपाध्यक्ष, सुभाष पासवान को सहायक सचिव, विकास कुमार को संयुक्त सचिव, विनय कुमार दास को सहायक संगठन सचिव, मनोज कुमार कोषाध्यक्ष, संतोष कुमार ऑडिटर, चंदन कुमार मीडिया प्रभारी, अवन कुमार सहायक मीडिया प्रभारी व अमरदीप कुमार को कार्यकारी सदस्य बनाया गया।

**अधिवशेन के दौरान बच्चों की प्रस्तुति देख मंत्रमुग्ध हुए रेलवे कर्मी:**

अधिवेशन का आकर्षण का केंद्र रेलवे कर्मियों के बच्चों द्वारा पेश किया गया रंगारंग कार्यक्रम रहा। इस दौरान पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न रेलवे मंडलों से आये रेलवे कर्मियों के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। बच्चों की प्रस्तुति देख रेलवे कर्मी दंतोतले अंगुली दबाने लगे। लोको पायलट रमेश कुमार सिंह की पांच वर्षीय पुत्री पायल के डांस ने सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। पायल डांस कंपिटिशन का नेशनल अवार्ड भी जीत चुकी है। इसके अलावा अशोक राउत की पुत्री वंदना व साधना की प्रस्तुति को भी लोगों ने खुब सराहा। कार्यक्रम में अवनि सिंह, नीतू कुमारी , कोमल कुमारी, रेखा कुमारी, आदि बच्चों ने भी एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति देकर लोगों का खुब मनोरंजन किया।

### शादीपुर पंचायत में हुआ शिक्षक नियोजन, मिला नियुक्ति पत्र



**खानपुर।** खानपुर प्रखंड के शादीपुर पंचायत में लंबित नियोजन प्रक्रिया आज जिला शिक्षा पदाधिकारी, समस्तीपुर के 13 अप्रैल को जारी ज्ञापांक संख्या- 891 के आलोक में सम्पन्न हुआ। उक्त पत्र के आलोक में पंचायत शिक्षक नियोजन इकाई शादीपुर द्वारा अत्यंत पिछड़ा वर्ग कोटि, बेसिक ग्रेड (1-5) के शिक्षक के रूप में लाल कृष्ण महतो को संबंधित पंचायत सचिव तथा स्थानीय मुखिया राम बालक सहनी द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। नियुक्ति पत्र प्राप्त कर अभ्यर्थी तथा उनके परिजन के चेहरे पर खुशी झलक रही थी। मौके पर पंचायत सचिव देवेंद्र नारायण चौधरी, मुखिया राम बालक सहनी, नियोजन कर्मी ललित कुमार सिंह, उमेश दास, शिक्षक हरेराम प्रसाद, लालबाबू, बिनोद प्रसाद, विष्णु कुमार आदि मौजूद थे।

# रोसड़ा:शिक्षा विभाग की मासिक बैठक में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर विचार

रोसड़ा, प्रात: किरण संवाददाता

विभागीय नियमानुसार सोमवार को रोसड़ा प्रखंड अंतर्गत स्थानीय प्लस टू उच्च विद्यालय रोसड़ा में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी रोसड़ा अखिलेश्वर प्रसाद की अध्यक्षता में प्रखंड के सभी प्रधानाध्यापकों एवं विभागीय कर्मियों सहित विभिन्न शिक्षक संगठनों के अध्यक्षों के साथ मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला अंतर्गत रोसड़ा प्रखंड के सरकारी विद्यालयों में किस तरह से बेहतर शिक्षा की व्यवस्था हो जिससे कि रोसड़ा प्रखंड अन्य 20 प्रखंडों एक नंबर बने। इस पर विशेष चर्चा की गई। शिक्षक संगठन की ओर से टीईटी-एसटीईटी उत्तीर्ण नियोजित शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार साहू ने वर्तमान सरकारी स्कूल शिक्षा शिक्षा में गुणात्मक सुधार हेतु सुझाव देते हुए का की विद्यालयों में मूलभूत सुविधा जैसे पेयजल की समुचित



व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था व्यवस्था, विभागीय पदाधिकारीयों द्वारा रचनात्मक सुधार हेतु विद्यालयों में जांच आदि की जानी चाहिए, शिक्षक और पदाधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित कर, शिक्षकों को समय पर वेतन, बकाया वेतन के लिए ऑफिस का चक्कर ना लगाने पड़े, विभिन्न प्रखंडों में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा शिक्षा दरबार लगाकर के उनके समस्या को ससमय निपटा दिया जाए तो गुणवत्तापूर्ण शिक्षा में सुधार लाया जा सकता है। संगठन के सचिव के द्वारा एक 14 सूत्री मांग पत्र जिसमें नगर नगर परिषद की परिधि से 8 किलोमीटर पर अवस्थित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का आवास भत्ता 8 पर्सेंट किए जाने, प्रधान शिक्षक नियुक्ति में 8साल अनुभव की बाध्यता समाप्त करवाने, नवनियुक्त शिक्षकों को वेतन भुगतान समेत कई मांगे शामिल थे। बैठक को बिहार नगर पंचायत प्रारंभिक शिक्षक संघ मूल के जिलाध्यक्ष कुमार रजनीश, मदन पासवान, प्रशांत कुमार श्रद्धारति, प्रदीप कुमार शर्मा, बीआरपी आलोक कुमार, लक्ष्मीकांत महतो, उदय महतो, सुधीर सिंह, अमरनाथ झा, एकाऊन्टेंट अवधेश कुमार आदि ने भी संबोधित किया बैठक में सभी 123 स्कूल के प्रधानाध्यापक, समेत सभी विभागीय कर्मी मौजूद थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com


# नीतीश सरकार ने ढ़ाई लाख लड़कियों को शिक्षक और पुलिस में नौकरी दी : विश्वास

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

स्थानीय दिग्घी कला मंडल कारा के सामने स्थित कर्पूरी सभागार में जनता दल यूनाइटेड प्रधान कार्यालय में महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष श्वेता विश्वास ने पार्टी से जुड़ी महिलाओं एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से मिलकर बातचीत की। जिलाध्यक्ष सुभाष चंद्र सिंह ने अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की जदयू ने अपने संगठन में महिलाओं को भारी हिस्सेदारी दी है। यहां 33 फीसदी पद महिलाओं को देने वाली जदयू देश की पहली पार्टी है।

जेडीयू का यह फैसला नीतीश कुमार के महिला सशक्तिकरण वाली सोच को दर्शाता है। साल 2005 में सत्ता संभालने के बाद से ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महिलाओं पर विशेष जोर दिया है। आज उसी का नतीजा है कि समाज के हर क्षेत्र में महिलाएं अपना लोहा मनवा रही हैं। नीतीश सरकार की कई योजनाओं को दूसरे राज्यों में भी अपनाया जा रहा है। पंचायत एवं शहरी निकायों में महिलाओं के लिए पचास फीसदी आरक्षण करने वाला बिहार देश का पहला राज्य है। आरक्षण के कारण




निर्णय लेने की प्रकिया में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। जिला परिषद हो या नगर निगम, महिलाओं की सशक्त मौजूदगी हर जगह दिखती है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2008 में मुख्यमंत्री नारीशक्ति योजना लागू किया गया। इस योजना का मुख्य मकसद आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक सशक्तिकरण के रूप में महिलाओं को पहचान दिलाना है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, कन्या उत्थान योजना तथा कन्या सुरक्षा योजना के जरिए बाल विवाह को रोकने और कन्या जन्म

**बातचीत**

● संगठन में 33 फीसदी पद महिलाओं को देने वाली जदयू देश की पहली पार्टी: प्रदेश अध्यक्ष

को प्रोत्साहित करने की सफलतम कोशिश की गई। वर्ष 2016 में राज्य की सभी सरकारी नौकरियों में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत तथा शिक्षा विभाग की नौकरियों में 50 प्रतिशत तक आरक्षण का प्रावधान किया गया। सरकार की कोशिश है कि आरक्षण के अनुपात में महिलाएं एसडीएम, बीडीओ, सीओ और थानेदार जैसे पद पर भी तैनात हो रहे हैं। आरक्षण के कारण ही नियोजित शिक्षकों की कुल संख्या 3 लाख 51 हजार में करीब 2 लाख महिलाएं हैं। पुलिस बल की कुल संख्या करीब 92,000 है, जिसमें 23,245 महिलाएं है। किसी भी राज्यों से यह सर्वाधिक संख्या है और यह राष्ट्रीय औसत 10.3 प्रतिशत से दोगुनी है। वर्ष 2015 तक यह आंकड़ा महज 3.3 प्रतिशत ही था।

लड़कियों की शिक्षा के क्षेत्र में नीतीश कुमार की गेम चेंजर योजना मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना तथा मुख्यमंत्री बालिका प्रोत्साहन योजना से स्कूलों में लड़कियों के नामांकन में भारी इजाफा हुआ। अब तो सरकार ने मेडिकल, इंजीनियरिंग और प्रस्तावित स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी में नामांकन में 33 प्रतिशत सीट लड़कियों के लिए आरक्षित कर दी हैं। ऐसा करने वाला बिहार देश का पहला राज्य बन गया है। बिहार सरकार ने इस साल अपने बजट में इंटरमीडिएट बारहवीं पास अविवाहित लड़कियों को 25 हजार रुपये और स्नातक पास लड़कियों को 50 हजार रुपये दिए जाने का प्रावधान किया है।

प्रदेश अध्यक्ष ने महिलाओं से जदयू में अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. आसमा परवीन, निवर्तमान जिलाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ विभा सिंह, पूर्व महिला जिलाध्यक्ष मोनिका सिंह, प्रो. सुनीता कुमारी, मोनी सिंह, हुस्न आरा, विमला चौरसिया, रेणु देवी, लक्ष्मी कुमारी, प्रतिमा देवी, शकुंतला देवी, सुदामा देवी, कमला देवी, अनीता देवी, सरिता देवी, सपना चौधरी, प्रतिमा देवी, बुधन देवी, चमेली देवी आदि महिलाएं आदि उपस्थित थे।

# बिहार को साम्प्रदायिक हिंसा में झोंकने की साजिश के खिलाफ भाकपा माले ने किया विरोध मार्च

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता

रामनवमी के दिन आरएसएस-भाजपा द्वारा मुजफ्फरपुर के पारू प्रखंड के काजी मोहम्मदपुर गांव में मस्जिद पर भगवा झंडा फहराने के खिलाफ भाकपा माले और इंसाफ मंच ने बेतिया रेलवे स्टेशन से समाहरणालय गेट तक विरोध मार्च किया, मुजफ्फरपुर के पारू में मस्जिद पर भगवा झंडा फहराने के मामले में स्थानीय भाजपा विधायक की भूमिका की जांच करें,पारू कांड के मुख्य अभियुक्त ऋषभ ठाकुर को अविलंब गिरफ्तार करो।

शेरघाटी में धार्मिक पहचान को लेकर नसीम शाह पर हमला करने वाले दंगाइयों पर कार्रवाई करो।, पर्व-त्योहारों को मुस्लिम विरोधी हिंसा का मंच बनाने के खिलाफ उठ खड़े हों।,नीतीश कुमार शर्म करो, अल्पसंख्यक प्रेम का ढोंग बंद करो। भाजपा के सामने आत्मसमर्पण करना बंद करो। सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाली ताकतों को सबक सिखाओ। आदि नारा लगा रहे थे, समाहरणालय गेट पर सभा को संबोधित करते हुए भाकपा माले केन्द्रीय कमिटी सदस्य सह सिकटा विधायक वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि पर्व-त्योहारों को मुस्लिम विरोधी हिंसा का मंच बना दिया गया है भाजपा के इस नफरती अभियान के खिलाफ तमाम लोकतंत्र




● पारू में हिंदू पुत्र नामक संगठन ने मचाया उपद्रव, प्रखंड अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर को गिरफ्तार करो

पसंद, संविधान में यकीन रखने वाले लोगों से आवाज उठाने की अपील की, आगे कहा कि अभी तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गया आदि जिलों से हिंसा की घटनाओं की खबरें मिली है। जुलूस में शामिल लोग अपने हाथों में तलवार-बंदूक लिए हुए थे और प्रशासन द्वारा तय जुलूस के रास्ते को मनमाने ढंग से बदलकर मस्जिद की गली में घुस गए, मुस्लिम विरोधी नारे लगाए और मस्जिद के गेट पर भगवा झंडा फहरा दिया। इस पूरे साम्प्रदायिक हिंसक कृत्य के दौरान पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी जुलूस के साथ चल रही थी। वीरेन्द्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि माले के जांच के दौरान पाया गया है कि स्थानीय भाजपा विधायक राजू सिंह हिंदू पुत्र संगठन के संस्थापक और संरक्षक भी हैं। सभी दंगाई विधायक के गांव के ही हैं। इस कांड के मुख्य आरोपी हिन्दू पुत्र संगठन के प्रखण्ड अध्यक्ष ऋषभ ठाकुर की भी अभी तक गिरफ्तारी नहीं हुई है। यह पूरा मामला भाजपा-आरएसएस व हिंदु पुत्र संगठनों द्वारा सुनियोजित साजिश का नतीजा है। बिहार में भाजपा के इस नफरती अभियान को बर्दाश्त नहीं करेगी। इंकलाबी नौजवान सभा सह इंसाफ मंच के नेता फरहान राजा ने कहा कि मुजफ्फरपुर जिले के ही कथैया थाना क्षेत्र के असवारी बंजरिया गांव में भी हिन्दुवादी संगठन द्वारा ईदगाह के गुम्बद पर भगवा झंडा टांग दिया। दरभंगा जिले के घनश्यामपुर में हिंदुवादी ने मुस्लिम समुदाय की आधा दर्जन दुकानों में तोड़-फोड़ की, सामान लूट लिए और पूरे इलाके में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिश की। गया जिले के शेरघाटी में एक ई रिक्शा चालक नसीम शाह पर उनके धार्मिक पहचान को लेकर हमला किया गया। उन्हें जय श्रीराम का नारा लगाने के लिए बाध्य करते हुए बुरी तरह से पीटा गया। फरहान राजा ने कहा कि नीतीश कुमार को अल्पसंख्यक के प्रति प्रेम का ढोंग बंद करना चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा का चरणबद्ध आंदोलन शुरू

औरंगाबाद ।राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के द्वारा दूसरा चरण का कार्यक्रम रैली प्रदर्शन गांधी मैदान सेअपनी मांगों को लेकर ओबीसी की जाति आधारित गिनती कराओ वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा नहीं चलेगा ईवीएम हटाओ बैलट पेपर लाओ जबरदस्ती वैक्सीन लगाना बंद करो बंद करो करो, मजदूरों के खिलाफ लॉकडाउन में चुपके से बनाए काला कानून को ,यह आजादी झूठी है देश की जनता भूखी है,एवं विभिन्न नारा लगाते हुए समाहरणालय तक गई एवं जिला अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम सौंपा गया ज्ञापन इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला संयोजक एडवोकेट विनोद यादव बहुजन मुक्ति पार्टी के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण राम ,बहुजन क्रांति मोर्चा के जिला संयोजक मिथिलेश यादव, बबन ,सुरेंद्र राम, सुमन , सुधीर रजक, करण पासवान सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पर्यावरणविद पूर्व प्राचार्य को किया गया सम्मानित

बगहा, प्रात : किरण संवाददाता

प्रख्यात पर्यावरणविद, प्रकृति प्रेमी पूर्व प्राचार्य पंडित भरत उपाध्याय, राजकीयकृत हरदेव प्रसाद इंटरमीडिएट कॉलेज मधुबनी को बगहा के नैतिक जागरण मंच के सचिव निप्पू पाठक ने प्रशस्ति पत्र, घोंसला तथा गंधराज, महुआ का वृक्ष देकर सोमवार को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रख्यात पर्यावरणविद, प्रकृति प्रेमी पंडित उपाध्याय ने कहा है कि ,नैतिक जागरण मंच के सचिव निप्पू पाठक के द्वारा विलुप्त होते पक्षियों के पक्ष में सराहनीय कार्य तथा आने वाली पीढ़ी की सुरक्षा हेतु, पेड़ पौधों का वितरण समाज के लिए प्रेरणादाई है। इनकी कथनी करनी स्वागत योग्य है। प्रकृति के रूठने का दुष्परिणाम हम सभी को झेलना पड़ रहा है ।मौसम की तल्खी दिखने लगी है, सड़क पर चलने वाले



लोग धूप और गर्मी से बचने के लिए पेड़ की छांव खोजने लगे हैं, ऐसे में वृक्षों की महत्ता बढ़ गई है। विकास के नाम पर अंधाधुंध पेड़ों की कटाई से धरती का श्रृंगार उजड़ रहा है ।सड़क के किनारे लगे छायादार पेड़ लोगों को सुकून देते थे। आज हालत यह है कि फरार्टा भरते वाहनों के लिए राजमार्ग तो है ,पर पेड़ों की छांव नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि पर्यावरण संरक्षण की पहल करते हुए हम सभी अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। साथ ही समाज को जागरूक करें ,जिसका लाभ आने वाली पीढ़ी को मिलें।

# दहेज हत्यारोपी पति को मिली आजीवन सश्रम कारावास की सजा

औरंगाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के जिला जज मनोज कुमार तिवारी ने खुदवा थाना कांड संख्या 26/20 जी आर 407/20 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए मृतका रूपा देवी के पति विकास राजकुमार पंचहरा खुदवा को भा द वी की धारा 304 बी में आजीवन कारावास और पचास हजार जुर्माना लगाया है।

जुर्माना न देने पर छः माह अतिरिक्त कारावास होगी तथा सास ढाकुरमनी देवी और ससुर कारू सिंह दोनों को दस ,दस साल की सजा, पच्चीस, पच्चीस हजार जुर्माना, जुर्माना न देने पर चार माह अतिरिक्त कारावास होगी।बचाव पक्ष से अधिवक्ता योगेश पांडे, अशोक कुमार ने सास ससुर के वयोवृद्ध होने के कारण कम सजा की मांग की साथ ही पति के कम उम्र के कारण घर गृहस्थी



देखरेख के लिए कम सजा देने की आग्रह की। जबकि सुचक की ओर से अनील चोबे, योगेन्द्र प्रसाद योगी, दिलीप कुमार ने कहा कि यह जघन्य अपराध है, सभी आरोपी दया के पात्र नहीं हैं क्योंकि निर्दयता से शादी के छः माह के भीतर नवविवाहिता के गला दबाकर हत्या कर दिये है। श्रीमान द्वारा ऐसी सजा सुनाई जाए कि समाज में इस तरह के जघन्य कृत्य करने से लोग बचे, दोनों पक्षों के सुनने के पश्चात जिला जज ने फैसला सुनाया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नवविवाहिता मृतका के पिता सुर्दशन प्रसाद खत्री टोला दाउदनगर ने प्राथमिकी 03/06/20 को दर्ज.कराया था, दहेज के लिए अपने दामाद, समधी,समधीन पर अपनी पुत्री के हत्या का आरोपी बनाया था। तीनों आरोपी मृतका के लाश आंगन में छोड़ कर फरार हो गए थे, तीनों आरोपी को पुलिस ने छापामारी कर पौथु धनाही से गिरफ्तार किया था। पति ने माता पिता के साथ मिलकर दहेज के लिए रूपा के हत्या गला दबाकर कर करने की बात स्वीकारी थी। जो प्रर्दश 9 साक्ष्य में अंकित किया गया था,अन्य साक्ष्यीयो और पोस्टमार्टम रिपोर्ट, अनुसन्धान के दौरान उपलब्ध साक्ष्य ने भी घटना की पुष्टि की थी,सुचक सुदर्शन खत्री के आंख से आंसु निकल गया उसने कहा कि आज हमें और हमारी बेटी को न्याय मिल गया। हमें न्यायालय पर पुरा भरोसा था कि न्याय मिलेगा, हमें दो वर्ष के अन्दर न्याय मिल गया है, आरोपियों को 12/04/22 को दोषी ठहराया गया था।

# बीजेपी मानपुर नगर मंडल की बैठक संपन्न

गया , प्रात : किरण संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी मानपुर नगर मंडल की बैठक सोमवार को संयास आश्रम में अध्यक्ष मुन्ना सिंह के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें आगामी 23 अप्रैल को 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के नायक बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती के अवसर पर मानपुर नगर मंडल से सैकड़ों की संख्या में भोजपुर जिला के जगदीशपुर गांव में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया गया। उक्त कार्यक्रम में लगभग एक लाख से ज्यादा लोगो ने अपने हाथों में भारतीय ध्वज तिरंगा को लेकर वर्ल्ड गिनीज बुक में नाम दर्ज करने का लक्ष्य रखा गया बाबू वीर कुंवर सिंह देश की एकता अखंडता और स्वाधीनता के लिए अपना सर्वस्व देश के प्रति निछावर करने का काम किया ऐसे महान नायक जिन्होंने 80 वर्ष की उम्र में अंग्रेजो के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए अपने तलवार से अंग्रेजों को मार भगाने के काम किया। मौके पर जिला से प्रभारी के रूप में भाजपा जिला मंत्री विनोद सिंह उपस्थित हुए साथ ही उन्होंने मानपुर नगर मंडल से सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं युवा शक्ति उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दो बस उपलब्ध कराने का आश्वासन दिए मौके पर प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य प्रमोद चौधरी, बुनकर नेता दुखन प्रसाद पटवा, प्रीतम वर्मा, अनंत सिंह मंडल महामंत्री, दीपक कुमार, अकेला युवा नेता अमर शेखर राहुल उर्फ सिप्पू सिंह, राजेंद्र कपूर, डब्लू कुमार गुप्ता धीरज चौधरी दीपक स्वर्णकार मनोज वर्मा सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता बैठक में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिए।

# सफाईकर्मी दंपति की बेटी की शादी में शामिल हुई सभापति, दिया आशीर्वाद



गया, प्रात : किरण संवाददाता

नगर के जगजीवन में नगर निगम एक सफाईकर्मी दम्पति की लाडली बेटी कंचन की शादी रविवार को देर रात सम्पन्न हुई। नगर निगम की निवर्तमान सभापति गरिमा देवी सिकारिया भी महादलित बस्ती के इस शादी समारोह में शामिल होने और वर-वधू को आशीर्वाद देने पहुंचीं।

महादलित समाज के सफाईकर्मी नरेश राउत दम्पति की वधु बनी बेटी कंचन के वर बनकर आये गोपालगंज (हजियापुर) निवासी योगेंद्र राम के पुत्र विक्की कुमार को उन्होंने आशीर्वाद दिया। इस मौके पर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि स्नेह और सामाजिक सम्मान हर तबके के प्रत्येक व्यक्ति का मौलिक हक है। हमारे सफाईकर्मी भाई-बहनों को तो और सम्मान की नजर से देखा जाना चाहिये। क्योंकि ये लोग अपने स्वास्थ्य को दांव पर लगाकर अपने कार्यों से समाज में स्वच्छता सुनिश्चित करते हैं। इस मौके पर नगर निगम के सफाईकर्मी यथा प्रदीप राम, जितेंद्र प्रसाद, दिनेश राउत और इंदल प्रसाद, दीपू राउत, रामनाथ राउत आदि गणमान्य मौजूद रहे।

# गया: मानपुर बाजार में राहगीरों की सुविधा के लिए खुला पनशाला

अमरेन्द्र, प्रात : किरण संवाददाता

**गया।** बैसाख महीने में पड़ रही भीषण गर्मी एवं तपिश से आम नागरिकों, राहगीरों, मुसाफिरों, व्यापारी बंधुओं एवं गरीबों को शुद्ध शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य वार्ड संख्या-49 अंतर्गत मानपुर बाजार मुख्य मार्ग स्थित बागेश्वरी मंदिर मुख्य द्वार पर क्षेत्रीय पार्षद प्रमिला देवी पटवा के सौजन्य से शीतल जल सेवा पनशाला का शुभारंभ किया गया।

इस पुनीत कार्य में वार्ड पार्षद प्रमिला देवी पटवा, विशिष्ट अतिथि के रूप में पटवा समाज के अध्यक्ष प्रेमनारायण प्रसाद ,बिहार प्रदेश बुनकर कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद पटवा एवं व्यवसायी भूनेशवर प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर पनशाला का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राहगीरों, मुसाफि रो सहित कामगार मजदूरो




● राहगीरों मुसाफिरों एवं कामगारों को मिलेगा शितल पेयजल : प्रमिला

छात्र - छात्राओं,आम आवाम के लिए निःशुल्क शीतल जल सेवा पनशाला में पेयजल के साथ अंकुरित चना और गुड़ उपलब्ध रहेगी।

प्रमिला देवी पटवा ने समाजसेवियों को सामाजिक कार्यों में आगे आने की अपील करते हुये कहा जल ही जीवन , जल नहीं तो कल नहीं ।सार्वजनिक शीतल जल सेवा पनशाला मानपुर सब्जी बाजार में संचालित होने से गांव कस्बे एवं दूर-दराज से खरीददारी करने आने वाले लोगों को पेयजल के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। वही गोपाल प्रसाद पटवा ने कहा गया नगर निगम द्वारा मानपुर शहरी क्षेत्र में पनशाला नहीं खोलने पर मानपुर के साथ भेदभाव सौतेलापन , उपेक्षा का व्यवहार क्यों ? गया शहर में अनेक स्थानों पर गया नगर निगम द्वारा पेयजल सुविधा उपलब्ध कराई गई है परंतु मानपुरवासियों को जनउपेक्षित कर इस भीषण गर्मी में भी प्याऊ की व्यवस्था नहीं की गई है। इससे लगता है कि मानपुरवासियों के लिए नगर निगम संवेदनहीन हो गया है।

# प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटकाया

गोपालगंज, एजेंसी

बिहार के गोपालगंज जिले के भोरे थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह पेड़ से लटका एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान विकेश कुमार के रूप की गई है। आरोप है कि प्रेम प्रसंग में युवक की हत्या कर शव को पेड़ से लटका दिया गया।

पुलिस के मुताबिक, ग्रामीणों की सूचना के आधार पर पुलिस ने लामीचौर गांव में स्नातक का छात्र विकेश कुमार का शव एक पेड़ से लटका बरामद किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि विकेश का पास के ही एक लड़की के साथ प्रेम संबंध काफी दिनों से चल रहा था। दो अप्रैल विकेश अपनी प्रेमिका के साथ फरार हो गया। इसके बाद लड़की को उसके परिजनों ने यूपी पुलिस की मदद से देवरिया से बरामद कर लिया। लड़की के परिजन लड़की को लेकर उसी दिन घर आ गये, लेकिन विवेश शनिवार को घर आया। लड़की के

● पुलिस प्रेमिका के पिता को हिरासत में लेकर कर रही है पूछताछ

पिता और उसके परिजनों को जब इस बात की जानकारी मिली तो छात्र को रविवार सुबह उसे उसके घर से बुलाकर ले गए और आरोप है कि उसकी पीट - पीटकर हत्या कर दी और शव को रात में एक पेड़ से लटका दिया। सोमवार की सुबह गांव में पेड़ से युवक का शव लटकते देख ग्रामीणों की भीड़ जुट गई और इसकी खबर पुलिस को दी गई।

गोपालगंज के पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। मृतक के पिता के बयान के आधार पर संबंधित थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने इस मामले मृतक की प्रेमिका के पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रथम ध्ष्टया प्रेम प्रसंग में हत्या का मामला लगता है, पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# विधायक ने बंद पड़े चापाकल को ठीक करने का किया मांग

**औरंगाबाद** । ओबरा विधायक ऋषि कुमार ने ओबरा क्षेत्र के विभिन्न गांव पंचायतों में बंद पड़े चापाकल को पुनः चालू करने के लिए लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण को अपने लेटर पैड के माध्यम से इस भीषण गर्मी में पानी की समस्या से निजात दिलाने के लिए अविलंब मरम्मती कार्य आरंभ करने की मांग की है। विभाग ने विधायक जी के बातों को अपने आलोक में लेते हुए ओबरा क्षेत्र के बंद पड़े चापाकल को त्वरित मरम्मती के लिए आश्वासन दिया है। विधायक ऋषि ने जानकारी देते हुए बताया कि वैसे जगह को भी चिन्हित कर हमें सूचना दें जहां पर चापाकल की आवश्यकता लग रही हो इसकी सूचना अविलंब हमें दें ताकि उस समस्या का समाधान हो सके। स्थानीय लोगों ने बताया कि विधायक की तत्परता और कड़ी मेहनत का प्रतिफल है कि लोगों के जितना भी समस्या उन तक जाती है शत-प्रतिशत उन्हें समाधान करने का प्रयास करते हैं। वे आमजनों की समस्या को प्राथमिकता के साथ धरातल पर उतारने का कार्य कर रहे हैं।

# ट्रक पर लदे चोरी की विधुत केबल जब्त चालक सहित तीन गिरफ्तार

बगहा, प्रात : किरण संवाददाता

बगहा पुलिस जिला के वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र स्थित बगहा- वाल्मीकि नगर मुख्य पथ पर टंकी बाजार के समीप मानव बल की निशानदेही पर चोरी का विद्युत केबल तार लदे एक ट्रक को बाल्मिकीनगर पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस इन्स्पेक्टर सह वाल्मिकीनगर थानाध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि वाल्मीकिनगर में विद्युत वायर की चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों की गिरफ्तारी हुई है। इन सभी ने जिला के कई जगहों पर सड़क किनारे या अन्यत्र रखे गए 11 केवी विद्युत केबल या अन्य विद्युत सामग्रियों की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। ताजा घटना भक्कू चौक के समीप में रखे गए वायर की चोरी कर भागने के क्रम में इनकी गिरफ्तारी हो गई। दरअसल शनिवार रात्रि गश्ती के दौरान करीब 9:30 में ये ट्रक लेकर बगहा जाने वाले थे तभी वाल्मीकिनगर गश्ती पुलिस को शक हो गया और ट्रक को कब्जे में ले लिया गया। जैसे ही ट्रक चालक की गिरफ्तारी हुई और पुलिस ने सख्ती से पूछताछ किया तो उसने सारा राज उगल दिया। ट्रक चालक ने बताया कि वे लोग ट्रक के साथ साथ क्रेन यानी हाइड्रा लेकर चलते हैं और जहाँ कहीं भी केबल दिखता है उसे क्रेन की सहायता से उठाकर ट्रक पर लाद लेते हैं। इस बात की जानकारी होते ही हाइड्रा को भी जब्त कर लिया गया जो कि ट्रक से दो किमी की दूरी पर खड़ा था। गौरतलब हो कि मामले की जानकारी के क्रम में सहायक विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बगहा को दी गई। जिसके बाद वो मौके पर पहुंचे और पूछताछ के बाद बताया कि अब तक करोड़ो रुपए के केबल की चोरी हो चुकी है। जिसकी बात इस गिरोह के लोगों ने भी स्वीकार की है। सहायक कनीय अभियंता ने बताया कि ये लोग सुनियोजित तरीके से चोरी की घटना को अंजाम देते हैं। इन पर सरकारी सामग्रियों की चोरी, सरकारी काम मे बाधा समेत अन्य मामले दर्ज किए गए हैं। इस गिरोह में नालंदा, मोतिहारी और रक्सौल के लोग जुड़े हैं। समाचार लिखे जाने तक बाल्मीकि नगर पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर कांड संख्या 41/22 के तहत इन आरोपियों के विरुद्ध मामला दर्ज कर इन्हें न्यायिक हिरासत में बगहा न्यायालय में भेज दिया गया हैं।

# मारपीट में पांच लोग घायल,6 लोग गिरफ्तार

**जहानाबाद।** घोसी थाना क्षेत्र के गुलगुलिया मखदुमपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में कुल पांच लोग घायल हो गए। घायल राकेश कुमार, अरविंदा देवी, उमेश दास एवं अधीर दास को इलाज हेतु घोसी पीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से राकेश कुमार एवं अरविंदा देवी को विशेष इलाज हेतु चिकित्सक ने जहानाबाद सदर अस्पताल रेफर किया। इस संदर्भ में दोनों ओर से अलग-अलग दर्ज प्राथमिकी में कॉल 19 लोगों को नामजद अभियुक्त बनाया गया है। मारपीट के घटना के बाद पुलिस कार्रवाई करते हुए छह लोगों को मौके से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष भुपेश मंडल ने बताया कि गिरफ्तार गौरव कुमार, उदेश कुमार, अनीश कुमार, सिकंदर कुमार, संतोष कुमार सभी साकिन गुलगुलिया मखदुमपुर एवं सोनू कुमार महादेव विगहा थाना बेलागंज जिला गया को मौके से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# अग्नि सुरक्षा सप्ताह पर मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत 14 से 20 अप्रैल 2022 तक के होने वाले कार्यक्रमों में जिले के विभिन्न क्षेत्रों बगहा, नरकटियागंज, मझौलिया एवं बेतिया आदि क्षेत्रों में जन जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है।

जागरूकता अभियान के तहत फिट इंडिया मुंभ मेंट के तहत मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन कर अग्नि सुरक्षा में जागरूकता अभियान आयोजित, जिला समादेष्टा गृह रक्षा वाहिनी सह जिला अग्निशमन पदाधिकारी अमन कुमार सिंह के निर्देशन के आलोक में अग्निशमन पदाधिकारी, बेतिया रमेश कुमार यादव के नेतृत्व में अग्नि सप्ताह कार्यक्रम पुलिस लाइन से सर्किट हाउस होते हुए समाहरणालय चौक होते हुए बस स्टैंड होते हुए हजारी



मेला ग्राउंड होते हुए पुलिस लाइन में इसका समापन किया गया। श्री यादव ने बताया कि कर्मियों को फिजिकली फिट रहने के लिए प्रत्येक दिन पीटी परेड भी कराया जाता है कि किसी भी आपदा से लड़ने के लिए फिजिकली फिट रहना अनिवार्य है। आगे उन्होंने कहा कि हमारे अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा जिले के विभिन्न विभागों में अग्नि सप्ताह के तहत नुक्कड़ नाटक, मॉक ड्रिल, सार्वजनिक स्थान व विद्यालयों, कॉलेज, अस्पताल एवं गैर सरकारी प्रतिष्ठानों पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिससे लोगों में आगजनी के प्रति जन जागरण हो सके। उन्होंने बताया कि आग लगने पर हमें किन-किन सावधानियां को अपनाना चाहिए, कैसे आग से बचाव किया जा सके, ।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में लू तथा खेतों में गेहूं की कटनी व थरेसरी के चिनगारी लगने की संभावना जैसे समस्याओं को उत्पन्न करती है, जहां हमें इस आगजनी होने से होने वाले क्षति एवं बचाव को विशेष ध्यान में रखते हुए लोगों को जागरूकता करना होगा। श्री यादव ने अग्नि सप्ताह के मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि मुंबई बंदरगाह पर हुए विस्फोटक सामग्री से भरा पानी का जहाज आग की लपटों से घिर गया, आग पर काबू पाने के लिए मुंबई फायर सर्विस के एक सौ से अधिक अधिकारी एवं कर्मचारी घटनास्थल पर भेजे गए और अपने अटूट साहस व पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए इन जांबाज अग्निशमन कर्मचारियों ने धधकती ज्वाला पर काबू करने का भरसक प्रयास किया, जहां आग पर काबू पा लिया गया, परंतु इस कोशिश के दौरान 66 अग्निशमन के कर्मचारी देते हुए वीरगति को प्राप्त हुए , जिनके श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अग्नि सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। इस मौके पर के के गुप्ता समेत अग्निशमन विभाग सभी कर्मी मौजूद रहे।

# धर्म पर पहरा

विगत एक माह से देश के कई हिस्सों से आए समाचार और उन पर तथाकथित धर्मनिरपेक्ष नेताओं का रवैया बहुत ही खतरनाक संकेत दे रहा है। हिजाब विवाद से लेकर रामनवमी और हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर निकाली गई शोभायात्राओं पर पथराव तक हिंदुओं के विरुद्ध हिंसा की घटनाओं का होना और उन पर सेकुलर दलों की रहस्यमयी चुप्पी देश के सामाजिक ताने बाने के लिए घातक है। हिंदू नववर्ष के दिन राजस्थान के करौली शहर में शोभायात्रा पर हमला हो या फिर रामनवमी के दिन देश के पांच राज्यों के नौ जिलों सहित दिल्ली स्थित जेएनयू में कथित बवाल, हर मौके पर समाज में जहर घोलने की कोशिश की गई। देश के पांच राज्यों के नौ जिलों में रामनवमी की शोभायात्रा पर जानबूझकर पथराव किया गया और फिर उसके बाद सुनियोजित तरीके से हिंसा व आगजनी की घटनाओं को अंजाम दिया गया। इन हिंसक वारदातों को भी करौली की घटना के तर्ज पर ही अंजाम दिया गया। रामनवमी के दिन गुजरात के हिम्मतनगर और खंभात में हिंसक झड़प हुई। साबरकांठा के छपरिया इलाके में शोभायात्रा पर हमला बोला गया। मध्य प्रदेश के खरगौन और बड़वानी में शोभायात्रा पर पथराव के बाद जमकर हंगामा और आगजनी हुई। बारूद के ढेर पर बैठे बंगाल के दो जिलों में रामनवमी के जुलूस पर पथराव के बाद व्यापक हिंसा और आगजनी की गई। झारखंड में भी उपद्रव किया गया। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि श्री रामनवमी के दिन जो हिंसा हुई है उसमें एक खास समुदाय के लोगों का ही हाथ था। अब दिल्ली में हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभायात्रा में भी खास मकसद से विघ्न डाला गया। जब से अयोध्या विवाद का माननीय सुप्रीम कोर्ट ने पूरी तरह से समाधान कर दिया तब से देश के तथाकथित सेकुलर दलों, वामपंथियों व लेकर आजादी के नारे लगाने वाले लोगों को शोभायात्रा पसंद नहीं आ रही है। खैर, रामनवमी पर कई राज्यों में हुए बवाल की आग शनिवार को दिल्ली भी पहुंच गई। हनुमान जयंती के मौके पर दिल्ली के जहांगीरपुरी में निकाली जा रही शोभा यात्रा पर कुछ शरारती तत्वों ने पथराव कर दिया। इसके बाद हालात बिगड़ गए। दोनों समुदाय के लोग आमने सामने आकर पथराव करने लगे। छतों पर से शोभायात्रा निकाल रहे लोगों पर पथराव किया गया। उपद्रवियों ने सड़क पर खड़े वाहनों के अलावा पुलिस के कुछ वाहनों में तोड़फोड़ और आगजनी कर दी। यह पहली बार नहीं है जब हिंदुओं का त्योहार रामनवमी और मुसलमानों का रमजान साथ-साथ मनाया गया हो। यह भी पहली बार नहीं है जब साझे त्योहारों के मौसम में देश में सांप्रदायिकता फैलने का खतरा उमड़ा हो। इस तरह की घटनाएं अक्सर होती रहती हैं और अक्सर पूरा भारतीय समाज इसका खामियाजा भुगतता रहा है। यह भी सही है कि समय के साथ अक्सर घाव भरते भी रहे हैं। लेकिन इस हकीकत से आंख नहीं चुराई जा सकती कि धर्म के नाम पर भारतीय समाज को बांटने की कोशिशें लगातार होती रही हैं। कभी राजनीतिक स्वार्थों के लिए यह काम होता है और कभी बहुसंख्यकों के अधिकारों की दुहाई देकर। सवाल यह नहीं है कि पहला पत्थर किस ओर से फेंका गया या पहले ज्यादती किसने की, सवाल यह है कि बहुधर्मी संस्कृति वाले भारत में जब-तब सांप्रदायिकता की आग क्यों जल उठती है? दशकों से (या सदियों से) साथ-साथ रहने वाले, साथ उठने-बैठने, खाने-पीने वाले, अचानक एक-दूसरे के दुश्मन कैसे बन जाते हैं? हमारा संविधान हर नागरिक को धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार देता है। हमारी सरकार किसी भी धर्म-विशेष से जुड़ी हुई नहीं है। हर नागरिक को यह अधिकार है कि वह अपने विश्वास के अनुसार अपने धर्म का पालन करे। एक-दूसरे के धार्मिक व्यवहार में बाधा डालने का किसी का कोई अधिकार नहीं है। सवाल तो यह उठता है कि बाधा डालने की आवश्यकता ही क्यों पड़े? और सवाल यह भी उठता है कि हर नागरिक को यह क्यों न लगे कि जितना मुझे अपना धर्म प्रिय है, उतना ही प्रिय दूसरे को उसका धर्म हो सकता है? हम तो हजारों साल से एक ईश्वर की बात कहते-मानते रहे हैं। फिर ईश्वर और अल्लाह में आस्था का बंटवारा कैसे हो सकता है? परंपरा रही है हमारी ईद और दीवाली मिल-जुल कर मनाने की। यह परंपरा बनी रहनी चाहिए और मजबूत होनी चाहिए।

# उपचुनाव : घटते वोट फीसद ने बढ़ाई बंगाल भाजपा की चिंता

शंकर जालान



किसी भी दल या उम्मीदवार के लिए चुनाव में पराजय का सामना करना चिंताजनक होता है और हो सकता है, लेकिन दल के लिए उससे भी चिंताजनक यह कि उसका वोट फीसद बीते चुनाव की तुलना में घट जाए। चुनाव में कई दलों के उम्मीदवारों के साथ-साथ कुछ लोग निर्दलीय तौर पर भी भाग्य आजमाते हैं, लेकिन जीत किसी एक को ही नसीब होती, इसलिए चुनाव में हार के सामने को उतना गंभीर नहीं माना जाता, जितना गंभीर दल के जनाधार के घटने यानी वोट फीसद के कम होने को माना जाता है और फिलहाल प्रदेश भाजपा इसी चिंता में डूबी है। लोकसभा (आसनसोल) व विधानसभा (बालीगंज) के लिए हुए उपचुनाव में मिली पराजय के साथ-साथ घटते वोट फीसद ने प्रदेश भाजपा की चिंता बढ़ा दी है। बीते आम चुनाव (2019) में भाजपा नेता जितनी बुलंद आवाज में बोलते थे कि तमाम विपक्ष एकजुट होकर भी भाजपा को नहीं हरा सकता, अब सूबे में हुए उपचुनाव के नतीजों यह बता दिया कि तमाम विरोधी दल एक होकर भी ममता यानी तृणमूल कांग्रेस को नहीं हरा सकते।

भाजपा के वोट फीसद में भारी गिरावट ने भगवा खेमे को चिंता में डाल दिया है। उपचुनाव के नतीजे ऐसे समय पर सामने आए हैं, जब अगला आम चुनाव (2024) करीब-करीब दो साल दूर है। दक्षिण कोलकाता स्थित बालीगंज विधानसभा इलाके में भाजपा उम्मीदवार केया घोष कुल मतों का मात्र 12.8 फीसद प्राप्त करके तीसरे स्थान पर रहीं। लगभग एक साल पहले यानी 2021 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के लोकनाथ चटर्जी यहां से न सिर्फ दूसरे स्थान पर रहे थे, बल्कि उन्होंने 20.50 फीसद वोट भी हासिल किया था।

आसनसोल लोकसभा सीट भाजपा उम्मीदवार ने 2014 और 2019 में दो बार जीत हासिल की थी। इस बार तृणमूल के शत्रुघ्न सिन्हा ने 3,03,209 मतों के बड़े अंतर से जीत हासिल कर अपनी पार्टी के लिए एक नहीं दो-दो रिकॉर्ड बनाए। सिन्हा इस लोकसभा क्षेत्र के निर्माण के बाद से न केवल आसनसोल से जीतने वाले पहले तृणमूली उम्मीदवार बने, बल्कि इस मामले में आसनसोल से उनके अंतर ने पिछले सभी रिकॉडर को पीछे छोड़ दिया है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि लगभग 2 लाख मतों के पिछले अंतर को पाटने के बाद 3 लाख से अधिक वोटों का अंतर से जीत हासिल करना काफी दुर्लभ था, जिसे तृणमूल उम्मीदवार ने पूरा कर दिखाया।

आसनसोल में तृणमूल ने 2019 में प्राप्त अपने वोट फीसद को 35.19 से बढ़ाकर 56 फीसद तक बढ़ाया। वहीं, भाजपा का वोट फीसद 2019 में मिले 51.16 घटकर इस बार केवल 30 फीसद रह गया।

राजनीतिक पंडितों का मानना है कि 2021 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के बाद से भाजपा के वोट फीसद में गिरावट और बढ़ गई है और उपचुनावों में गिरावट भगवा खेमे को खतरे के संकेत है। ताजा नतीजों से लगता है कि भाजपा के पक्ष में कोई रणनीति या प्रचार अभियान काम नहीं कर रहा है।

### एक नजर, नतीजों पर

आसनसोल लोकसभा

| पार्टी | मत (2019) | मत (2022) |
|---|---|---|
| भाजापा | 6,33,378 | 3,53,149 |
| तृणमूल | 4,35,741 | 6,56,358 |
| माकपा | 87,608 | 90,412 |
| कांग्रेस | 21,038 | 15,035 |
| नोटा | 14,447 | 12,827 |

000000

बालीगंज विधानसभा

| पार्टी | मत (2021) | मत (2022) |
|---|---|---|
| तृणमूल | 1,06,585 | 51,199 |
| भाजापा | 31,226 | 13,220 |
| माकपा | 8,747 | 30,971 |
| कांग्रेस | उम्मीदवार नहीं | 5,218 |
| नोटा | 1,317 | 1196 |

# कोरोना की चौथी लहर, कितने तैयार हैं हम?

कोरोना के नये केस सामने आ रहे हैं। इनकी संख्या में लगातार वृद्धि भी हो रही है। इससे पहले कोरोना के ओमिक्रान वैरियंट के लगभग बेअसर रहने के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि कोरोना का अब नाश हो गया है। लेकिन, कहते ही हैं कि वायरस कभी खत्म नहीं होता। हां, उसका असर कमजोर पड़ने लगता है। तो ओमिक्रान के बाद आने और चले जाने के बाद यही लग रहा है कि अगर चौथी लहर आई भी तो वह भी समुद्री लहर की तरह सागर किनारे आकर वापस चली जाएगी। यानी वह घातक नहीं होगी। पर यह सब पक्के से तो नहीं कहा जा सकता है। देखिए कोरोना के नए-नए वेरिएंट्स अपने साथ नए-नए लक्षण साथ लेकर आने लगे हैं। एक बात पर आपने गौर किया होगा कि जैसे ही कोरोना के नियमों में ढील दी जाने लगी।





आर.के. सिन्हा
लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं

पिछले साल अप्रैल के महीने में आई कोरोना वायरस की भीषण लहर ने देश में प्रलय मचा कर रख दी थी। उन दिनों को याद करके भी घबराहट होने लगती है। एक साल के बाद फिर से कोरोना की चौथी लहर का खतरा हमारे सामने है। कोरोना के नये केस सामने आ रहे हैं। इनकी संख्या में लगातार वृद्धि भी हो रही है। इससे पहले कोरोना के ओमिक्रान वैरियंट के लगभग बेअसर रहने के बाद यह उम्मीद बंधी थी कि कोरोना का अब नाश हो गया है। लेकिन, कहते ही हैं कि वायरस कभी खत्म नहीं होता। हां, उसका असर कमजोर पड़ने लगता है। तो ओमिक्रान के बाद आने और चले जाने के बाद यही लग रहा है कि अगर चौथी लहर आई भी तो वह भी समुद्री लहर की तरह सागर किनारे आकर वापस चली जाएगी। यानी वह घातक नहीं होगी। पर यह सब पक्के से तो नहीं कहा जा सकता है।

देखिए कोरोना के नए-नए वेरिएंट्स अपने साथ नए-नए लक्षण साथ लेकर आने लगे हैं। एक बात पर आपने गौर किया होगा कि जैसे ही कोरोना के नियमों में ढील दी जाने लगी. लगभग तब ही कोरोना फिर से सामने आ गया। इसने लोगों को अपनी चपेट में लेना चालू कर दिया। स्कूल-कॉलेज खुले तो छात्रों में कोरोना फैलना शुरू हो गया है। तो बहुत साफ है कि कोरोना का असर कम भी होने पर मास्क लगाना ही होगा तथा सामाजिक दूरी अपनानी ही होगी।

हाल ही में आईआईटी-कानपुर ने अपने एक शोध के बाद दावा किया है कि भारत में जून में कोरोना की चौथी लहर आ सकती है। यह कहना होगा कि जिस प्रकार से कोरोना के नए मामले बढ़ रहे हैं, उसे देखकर लगता है आईआईटी का दावा सही हो सकता है। पर क्या यह दूसरी लहर जितनी घातक होगी? इस सवाल का जवबा देने की स्थिति में तो अभी कोई नहीं है।

बहरहाल, जिस किसी ने कोरोना की दोनों डोज ले ली है, वे काफी हद तक सुरक्षित हो गए हैं। उन पर कोरोना के नए-नए वेरियंट का असर कम होगा। अब कहा जा रहा है कि 18 से 59 साल तक की उम्र के लोगों को भी ऐहतियातन बूस्टर ज लगवा लेनी चाहिए।

लेकिन, यह जानना आवश्यक है कि टीका लगवाने के बाद जो ऐंटिबॉडी बनती है, वह ज्यादातर मामलों में 8 महीनों तक ही रहती है। एक बात और कि फिलहाल तीसरी डोज उन लोगों को लगवा लेनी चाहिए जिनकी इम्यूनिटी कमजोर है। इसे

अस्पतालों, पुलिस तथा बैंकों कर्मियों को लगवा लेनी चाहिए। कैंसर, लिवर, किडनी, हार्ट, लंग्स खासकर टीबी की बीमारी के रोगी भी इसे लगवा लें।

देखिए कोरोना के नए-नए वेरिएंट्स अपने साथ पहले से अलग नए लक्षण लेकर आ रहे हैं। जैसे कि कंपकंपी के साथ बुखार होना या थकान महसूस करना,

शरीर में दर्द होना, गले में खराश, नाक का बहना या बंद होना आदि। खैर, यह तो सब मानते हैं कि अब हमें कोरोना के नए-नए वेरिएंट के साथ ही जिंदा रहना सीखना होगा। पर इसके लिए जरूरी है कि अगर हमने अभी तक भी दोनों टीके नहीं लगवाए तो हम अब देर न करें। हमारे अपने देश में अभी तक 65 प्रतिशत लोगों ने ही दोनों टीके लगवाए हैं। एक तिहाई जनता को एक ही टीका लगा है। बच्चों को टीके पूरे नहीं लगे। यह जान लें कि यदि टीका लग गया है तो कोरोना का वायरस कमजोर पड़ेगा। यह अफसोस की बात है कि तमाम सरकारी प्रयासों के बावजूद अब भी बहुत से लोग टीका नहीं लगवा रहे हैं। वे अब भी इसको लेकर सवला खड़े कर रहे हैं। मेरे अपने सर्किल में कुछ लोग समझाने पर भी नहीं मान रहे हैं। इस तरह के लोग अपने को खतरे में डाल रहे हैं। अब वे लोग फिर से मास्क पहन लें जो इसे उतार चुके थे। निश्चित रूप से मास्क कोरोना के नया वेरिएंट के विरूद्ध खड़ा तो होता ही है।

हालांकि अभी कोरोना की चौथी लहर ने अपना असर दिखाना शुरू ही किया है, इसलिए केन्द्र तथा राज्य सरकारों को किसी भी आपातकालीन स्थिति का सामना करने के लिए अपनी तैयारी पूरी कर लेनी चाहिए। जैसे कि कोरोना रोगियों के लिए अलग से वॉर्ड तथा बिस्तरों की व्यवस्था करना, पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन सप्लाई सुनिशिचत करना तथा एम्बुलेंस सेवा को तैयार करना। यह सब जानते हैं कि किसी भी राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था का काम राज्य सरकार ही देखती है। हमने देखा था कि स्वास्थ्य मंत्रालय की गाइडलाइन पर चलते हुए सभी राज्य और केंद्र शासित राज्य कोरोना की दूसरी लहर के वक्त इससे होने वाली मौतों की जानकारी स्वास्थ्य मंत्रालय को दे रहे थे। हालांकि तब तमाम राज्यों और केंद्र शासित राज्यों में ऑक्सीजन की कमी से बहुत से लोग मारे भी गए थे। लेकिन, सरकारें नहीं मानती कि ऑक्सीजन की कमी के कारण लोग जान से हाथ धो बैठे थे। लेकिन, जरा उनसे भी तो पूछिए जिनके परिजन ऑक्सीजन की कमी के कारण संसार से विदा हो गए। मुझे नहीं पता कि सरकारी दावों का क्या आधार है कि कोरोना की दूसरी लहर के समय ऑक्सीजन की कमी के कारण किसी की जान नहीं गई। हालांकि सच इससे बहुत ही अलग तथा बहुत कठोर है। तब ऑक्सीजन की किल्लत के कारण लाखों लोग कितने बेबस और बेहाल थे, यह सबको पता है।

मुझे याद है तब इंडियन मेडिकल एसोसिशन (आईएमए) के पूर्व अध्यक्ष डॉ विनय अग्रवाल तब हालातों से इतने खिन्न हो गए थे कि उन्होंने यहां तक कह दिया था कि यदि सरकारों ने ऑक्सीजन की सप्लाई को बेहतर न बनाया तो वे खुदखुशी कर लेंगे। जरा सोचिए कि देश के डॉक्टरों की सर्वोच्च संस्था का नेता कितना असहाय था तब। डॉ. अग्रवाल ने इस तरह की चेतावनी इसलिए दे डाली थी क्योंकि उनका कहना था कि ऑक्सीजन की कमी के कारण डॉक्टर रोगियों का सही से इलाज नहीं कर पा रहे हैं। इस विकट स्थिति से सैकड़ों डॉक्टर गुजरे थे। भगवान न करें कि अब वही स्थिति फिर कभी आए। तब सारा देश घरों में दुबका हुआ था और सड़कों पर सिर्फ एंबुलेंसों के सायरन बजने की आवाजें आती थीं। सारे माहौल में भय तथा डर था। ऐसे माहौल को फिर से कभी आने नहीं देना है।

# खाद्यान्न प्रचुरता का सुकूनदेह परिदृश्य

देश को अपने किसानों पर गर्व है। किसानों के सशक्तिकरण और कृषि व ग्रामीण विकास की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से देश में खाद्यान्न प्रचुरता के फायदों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि देश में खाद्यान्न प्रचुरता के कारण दो अभूतपूर्व सुकूनदेह अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, सरकार के मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम के कारण जहां कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन की मार से गरीबों को बहुत कुछ बचाया जा सका है, वहीं इस समय दुनिया की तुलना में देश में महंगाई कम है। दो, रूस-यूक्रेन के बीच भारत ने वैश्विक खाद्यान्न जरूरतों की पूर्ति के मद्देनजर गेहूं निर्यात का अभूतपूर्व मौका मुट्ठियों में लिया है। उल्लेखनीय है कि देश में गेहूं सहित खाद्यान्नों के रिकॉर्ड उत्पादन का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। देश का कृषि उत्पादन आम आदमी और अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा सहारा बन गया है।





डा. जयंतीलाल भंडारी
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं

दस अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि और कृषि से जुड़ी अनेक योजनाएं देश के करोड़ों किसानों को नई ताकत दे रही हैं। देश को अपने किसानों पर गर्व है। किसानों के सशक्तिकरण और कृषि व ग्रामीण विकास की योजनाओं के सफल क्रियान्वयन से देश में खाद्यान्न प्रचुरता के फायदों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि देश में खाद्यान्न प्रचुरता के कारण दो अभूतपूर्व सुकूनदेह अनुकूलताएं उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, सरकार के मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम के कारण जहां कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन की मार से गरीबों को बहुत कुछ बचाया जा सका है, वहीं इस समय दुनिया की तुलना में देश में महंगाई कम है। दो, रूस-यूक्रेन के बीच भारत ने वैश्विक खाद्यान्न जरूरतों की पूर्ति के मद्देनजर गेहूं निर्यात का अभूतपूर्व मौका मुट्ठियों में लिया है। उल्लेखनीय है कि देश में गेहूं सहित खाद्यान्नों के रिकॉर्ड उत्पादन का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। देश का कृषि उत्पादन आम आदमी और अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा सहारा बन गया है। खाद्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित खाद्यान्न उत्पादन के दूसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार फसल वर्ष 2021-22 में देश में कुल खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड 31.60 करोड़ टन पर पहुंच जाने का अनुमान है, जो पिछले फसल वर्ष में 31.07 करोड़ टन रहा था। इस वर्ष गेहूं का उत्पादन रिकॉर्ड 11.13 करोड़ टन रहने का अनुमान है। गेहूं का उत्पादन पिछले वर्ष 10.95 करोड़ टन रहा था। 2021-22 के दौरान चावल का कुल उत्पादन 12.79 करोड़ टन रिकॉर्ड अनुमानित है। साथ ही इस साल तिलहन उत्पादन 3.71 करोड़ टन रह सकता है जो पिछले साल 3.59 करोड़ टन से ज्यादा है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक किसानों को दी जा रही पीएम सम्मान निधि, किसानों के लिए लागू की गई विभिन्न योजनाओं के सफल क्रियान्वयन, कृषि शोध और किसानों के परिश्रम से खाद्यान्न उत्पादन वर्ष-प्रतिवर्ष रिकॉर्ड ऊंचाई बनाते हुए दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश में खाद्य सबसिडी कार्यक्रम गरीब वर्ग को सहारा देते हुए दिखाई दे रहा है। हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के एक कार्य पत्र में कहा गया है कि सरकार के प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न कार्यक्रम ने कोविड-19 की वजह से लगाए गए लॉकडाउन के प्रभावों की गरीबों पर मार को कम करने में अहम भूमिका निभाई है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि पिछले दशक में देश में जिस तेजी से गरीबी में कमी आ रही थी, उसे अकल्पनीय कोरोना संकट ने बुरी तरह प्रभावित किया और देश के अधिक जनसंख्या वाले बड़े प्रदेशों में गरीबी का स्तर बढ़ गया। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2015-16 में भारत में 27.9 फीसदी लोग गरीब थे और इसमें लगातार कमी आती जा रही थी। कोरोना के एक साल ने गरीबी के मामले में देश को कई वर्षों पीछे धकेल दिया। आईएमएफ के कार्यपत्र में कहा गया है कि खाद्य सबसिडी कार्यक्रम कोविड-19 से प्रभावित वित्तीय वर्ष 2020-21 को छोड़कर अन्य वर्षों में गरीबी घटाने में सफल रहा है। कार्य पत्र में अमेरिकी शोध संगठन प्यू रिसर्च सेंटर के द्वारा प्रकाशित की गई उस रिपोर्ट को खारिज किया गया है जिसमें कहा गया है कि कोरोना महामारी ने भारत में साल 2020 में 7.5 करोड़ लोगों को गरीबी के दलदल में धकेल दिया है। आईएमएफ की रिपोर्ट में कहा गया है कि प्यू का अध्ययन चलन से बाहर हो चुके संदर्भ पर आधारित था। कहा गया है कि यद्यपि 2020-21 के दौरान करीब 1.5 से 2.5 करोड़ लोग गरीबी में आ गए थे, लेकिन 80 करोड़ लोगों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से खाद्यान्न के मुफ्त वितरण की व्यवस्था ने बड़ी संख्या में लोगों को गरीबी से उबारने में मदद की। गौरतलब है कि कोरोना महामारी शुरू होने के बाद मोदी सरकार ने अप्रैल 2020 में गरीबों को मुफ्त राशन देने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) की शुरूआत की थी। गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत लाभार्थी को उसके सामान्य कोटे के अलावा प्रति व्यक्ति पांच किलो मुफ्त राशन दिया जाता है। पीएमजीकेएवाई के तहत अप्रैल 2020 से लेकर इस साल मार्च 2022 तक सरकार 2.60 लाख करोड़ रुपए खर्च कर चुकी है। इस साल अप्रैल से सितंबर तक 80 करोड़ जनता को मुफ्त में राशन देने से सरकार पर 80 हजार करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ आएगा। इस प्रकार खाद्य सुरक्षा से जुड़ी दुनिया की सबसे बड़ी योजना पर सरकार इस साल सितंबर तक 3.40 लाख करोड़ रुपए खर्च कर देगी। खास बात है कि एक राष्ट्र, एक राशन कार्ड स्कीम के तहत कोई भी व्यक्ति देश के किसी कोने में इस योजना का लाभ ले सकता है। इसमें कोई दो मत नहीं है कि प्रचुर खाद्यान्न उत्पादन के कारण मुफ्त खाद्यान्न की आपूर्ति से गरीबों को राहत मिली है और करोड़ों लोगों को गरीबी के नए दलदल में फंसने से बचाया गया है। यह भी स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि जिस तरह कोविड-19 की आपदाओं के बीच भारत ने वैश्विक स्तर पर दुनिया के जरूरतमंद देशों को खाद्यान्न की आपूर्ति में अहम भूमिका निभाई है, उसी तरह एक बार फिर रूस और यूक्रेन युद्ध के चलते भारत से गेहूं सहित अन्य खाद्यान्नों की मांग कर रहे जरूरतमंद देशों को खाद्यान्नों के अधिक निर्यात बढ़ाने का मौका मुट्ठियों में लिया जा रहा है। चूंकि रूस और यूक्रेन मिलकर वैश्विक गेहूं आपूर्ति के करीब एक-चौथाई हिस्से का निर्यात करते हैं, लेकिन युद्ध के चलते इन देशों से गेहूं की वैश्विक आपूर्ति रुक गई है। ऐसे में 24 फरवरी के बाद भारत से गेहूं निर्यात में तेज इजाफा हो रहा है। स्थिति यह भी है कि अफ्रीका, पश्चिम एशिया और दक्षिण पूर्वी एशिया के गेहूं आयात करने वाले अधिकांश देश जो गेहूं खरीदने के लिए रूस-यूक्रेन क्षेत्र पर निर्भर थे, उन्होंने अपनी जरूरत के लिए भारत को आपूर्ति आदेश भेजना शुरू कर दिए हैं। ऐसे में रूस और यूक्रेन की अनुपस्थिति की भरपाई भारत काफी हद तक कर रहा है। इस समय भारत ही एकमात्र देश है जिसके पास बड़ी मात्रा में अधिशेष गेहूं भंडार है। आसान उपलब्धता के अलावा भारत को इन देशों को गेहूं की आपूर्ति करने का भौगोलिक लाभ भी हासिल है। उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा और मध्यप्रदेश आदि लगातार निर्यात बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में गेहूं की कीमतें घरेलू बाजार से काफी अधिक हैं। ऐसे में निर्यातक किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य की तुलना में ऊंचे दाम पर गेहूं खरीद रहे हैं। सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीद करती है। चूंकि घरेलू गेहूं उत्पादन में भी कोई कमी आने की संभावना नहीं है, ऐसी स्थिति ने गेहूं और चावल को लाभप्रद वाणिज्यिक फसल बना दिया है जिस पर उत्पादकों को तयशुदा अच्छी कीमत मिलती है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि भारत से 2021-22 में लक्ष्य से भी अधिक 75 लाख टन से अधिक गेहूं का निर्यात हो चुका है।

# यूक्रेन के दर्द-बेबसी में छिपी बड़ी सीख

राजेंद्र मोहन शर्मा

यूक्रेन यूरोप के पूर्वी हिस्से में स्थित है तथा तीनों तरफ से रूस से घिरा हुआ है। यह रूस के बाद यूरोप का सबसे बड़ा देश है। इसमें लगभग 67 प्रतिशत यूक्रेनियन, 30 प्रतिशत रूसी व तीन प्रतिशत अन्य लोग हैं। प्रथम विश्व युद्ध में यूक्रेनियन, रूसी साम्राज्य की ओर से लड़े थे। वर्ष 1991 में सोवियत संघ (रूस) बिखरने लगा तथा यूक्रेन में भी स्वतंत्र देश की मांग बढ़ने लगी थी। वर्ष 1954 में रूस ने क्रीमिया देश को सौंप दिया था, हालांकि वर्ष 2014 में रूस ने क्रीमिया पर दोबारा कब्जा कर लिया था। जब वर्ष 1991 में सोवियत संघ का विखंडन हुआ, तब इससे अलग होकर 15 अन्य राज्य स्वतंत्र देश बन गए थे जिनमें यूक्रेन भी एक था। वास्तव में रूस के यूक्रेन पर आक्रमण करने को कुछ विशेष कारण हैं जिनका विवरण देने की कोशिश करेंगे। वर्ष 1955 में सोवियत संघ ने नाटो संघ के समानांतर सात अन्य देशों के साथ मिलकर वारसा नामक संधि की थी जिसका मुख्यालय पोलैंड (वारसा) में बनाया गया था। इसके सदस्य देश इस तरह से थे- अलबानिया, बुलगारिया, चैकोस्लोवाकिया, पूर्वी जर्मनी, पोलैंड व सोवियत संघ। यह संघ पश्चिमी जर्मनी के नाटो संघ में प्रवेश के प्रतिशोध में बनाया गया था। मगर धीरे-धीरे यह सातों देश इस संधि को तोड़कर नाटो संघ में शामिल होते चले गए तथा सोवियत संघ अकेला पड़ता चला गया। वर्ष 1991 में इससे 15 राज्य अलग होकर स्वतंत्र राज्य बन गए। इसी होड़ में नाटो संघ ने यूक्रेन को भी अपने में शामिल करने की कवायद आरंभ कर दी, मगर यह प्रयास रूस को पसंद नहीं आया तथा इसी प्रतिशोध में उसने यूक्रेन पर आक्रमण कर दिया। वास्तव में रूस चाहता था कि यूक्रेन इस बात को लिखित रूप में प्रमाणित करे कि वह नाटो संघ में शामिल नहीं होगा। मगर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को यह बात स्वीकार्य नहीं थी। परिणामस्वरूप रूस ने यूक्रेन पर निरंतर आक्रमण करना शुरू कर दिया। अब इस युद्ध को 50 दिन से भी ज्यादा हो चुके हैं, मगर रूस पीछे हटने को तैयार नहीं है। नाटो संघ के बहुत से देश विशेषतः अमरीका, ब्रिटेन व फ्रांस इत्यादि ने रूस पर कई प्रकार के आर्थिक प्रतिबंध लगा दिए हैं तथा यूक्रेन को आर्थिक व सैन्य सहायता भी उपलब्ध करवा रहे हैं, मगर अपने सैनिकों को युद्ध मे शामिल होने के लिए नहीं भेज रहे क्योंकि उन्हें पता है कि ऐसा करने से विश्व युद्ध छिड़ सकता है। ये देश केवल तमाशबीन की तरह बड़े-बड़े भाषण कर रहे हैं, मगर केवल तमाशा देखने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे। यूक्रेन की बेबसी का दूसरा पहलू कुछ इस तरह से है। वर्ष 1994 में बुडापेस्ट (हंगरी) नामक एक समझौता हुआ जिसमें अमरीका, ब्रिटेन व रूस ने यूक्रेन को यह विश्वास दिलवाया कि यदि यूक्रेन अपने देश में परमाणु शस्त्र न बनाए तथा एनपीटी (अप्रसार संधि) यानी न्यूकलियर प्रोलीफिरेशन ट्रीटी पर दस्तखत कर दे तो उसे किसी भी बाहरी देश द्वारा किए गए आक्रमण की घड़ी में हर प्रकार की सैन्य सहायता प्रदान की जाएगी। यूक्रेन ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया तथा अपने परमाणु शस्त्रों पर विराम लगा दिया। मगर रूस ने धोखाधड़ी से पहले वर्ष 2014 में क्रीमिया को अपने अधीन किया तथा अब यूक्रेन को तहस-नहस कर रहा है। रूस कुछ अन्य पड़ोसी देशों जैसे कि स्वीडन, फिनलैंड जो कि नाटो के सदस्य बनने जा रहे हैं, उन पर भी अपना आक्रमण करके अपनी शक्ति का परिचय दे सकता है। यूक्रेन, जो कभी विश्व की तीसरी बड़ी परमाणु शक्ति थी, को अब अपनी गलतियों के कारण अपनी बेबसी पर आंसू बहाने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। यहां संयुक्त राष्ट्र संघ, जिसके वर्तमान में 195 सदस्य देश हैं, की भूमिका पर चर्चा करना भी महत्त्वपूर्ण है। द्वितीय विश्व युद्ध की आगामी विभीषिका को रोकने के लिए उस समय के अमरीकी राष्ट्रपति रुजवेल्ट ने पहल करते हुए 51 देशों को साथ लेकर एक चार्टर पर हस्ताक्षर करवाए तथा 24 अक्तूबर 1945 को यू. एन. की स्थापना की गई। इस संस्था का मुख्य कार्य अंतरराष्ट्रीय झगड़ों का शांतिपूर्ण निपटारा करना तथा सदस्य देशों के बीच परस्पर मैत्रीपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देना व मानव के मूल अधिकारों के प्रति सम्मान में वृद्धि करना है। आज तक विभिन्न देशों में इसने 70 से अधिक सुरक्षा आपरेशन किए हैं तथा संबंधित देशों में आंतरिक शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सदस्य देशों की सेनाओं को शांति बहाली सेना के रूप में तैनात किया है। वर्तमान में भी कई देशों जैसे कि सूडान, वारूंडी, लाइबेरिया, कांगो, इथोपिया, इरीशिया, प. सहारा, साइप्रस व गोलान इत्यादि देशों अथवा प्रांतों में शांति सेना तैनात कर रखी है। मगर विडंबना यह है कि युद्धों को रोकने या युद्ध की स्थिति में इस संस्था के चार्टर में इस बात का कोई उल्लेख नहीं है कि यह अपनी सेना को युद्ध रोकने के लिए तैनात करेगा। वास्तव में यूएन की सुरक्षा परिषद, जिसमें कुल 15 सदस्य देश होते हैं, में पांच स्थायी देश यूएस, रूस, यूके, फ्रांस व चीन ऐसे देश हैं जिनको विशेष सुविधाएं वीटो पावर के रूप में दी गई हैं। इस वीटो पावर का प्रयोग यह पांचों देश अपने-अपने स्वार्थ के रूप में करते रहते हैं तथा एक-दूसरे को लड़ाने का काम करते रहते हैं। यूक्रेन-रूस के इस युद्ध में जब रूस के विरुद्ध निंदा प्रस्ताव लाया गया, तब रूस ने अपनी वीटो पावर का प्रयोग करते हुए इसे पास नहीं होने दिया। वैसे भी यदि देखा जाए तो यूएन में इन पांच स्थायी वीटो पावर वाले देशों में यूरोप का सबसे अधिक प्रतिनिधित्व है, जबकि यहां विश्व की कुल आबादी का मात्र 5 प्रतिशत ही निवास करता है।

## संक्षिप्त खबरें

### शोभायात्रा में सहयोग करने वालों को किया जाएगा सम्मानित

पटना सिटी। श्री राम जन्मोत्सव समिति की मच्छरहट्टा स्थित कार्यालय में राजेश कुमार चंद्रवंशी की अध्यक्षता में हुई बैठक में रामनवमी पर मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के निकले शोभायात्रा में सहयोग करने वाले सरकारी विभाग, मीडिया एवं अन्य को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में नरेंद्र कुमार, बाबू भाई, विनय कुमार बिट्टू, संतोष चौरासिया आदि शामिल थे। संचालन चुन्नू चंद्रवंशी ने किया।

### लॉकेट काटने वाला पकड़ाया

पटना सिटी। बाइपास थाना की पुलिस ने हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए आयी पीरदमरिया निवासी सुलेखा कुमारी के बच्चे के गले से सोने का लॉकेट काटने के मामले में युवक को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष संजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि बाहरी बेगमपुर निवासी सुभाष बिंद का बेटा गोलू कुमार ने बच्चे के गले से धागा में बंधा लॉकेट काट लिया। पुलिस आरोपी युवक को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

### एनटीपीसी छात्रों के रेल लाइन जाम वाले विडियो का पार्षद ने किया अवलोकन

फतुहा। विगत जनवरी महीने में एनटीपीसी परीक्षा में धांधली को लेकर छात्रों ने रेल लाइन जाम कर दिया गया था। इसी को लेकर फतुहा रेल प्रशासन ने वार्ड पार्षद केशर प्रसाद से इस संबंध में विडियो फुटेज के माध्यम से पहचान कराने के अनुरोध किया था। इस संबंध में पार्षद केशर प्रसाद ने रेलवे को लिखित सूचना दिया कि हमने गंभीरता पूर्वक विडियो फुटेज देखा, जिसमें रेल लाइन जाम कर रहे प्रदर्शनकारियों में कोई भी स्थानीय लोग शामिल नहीं हैं।

### शोक सभा हुई आयोजित

फतुहा। प्रखंड के पटेल नगर सोनारू स्थित आदर्श नवोदय पब्लिक स्कूल में शोक सभा का आयोजन किया गया। पिछले दिनों स्कूल से पढ़कर घर लौट रहे दो बच्चे और दादी की मृत्यु रेल ट्रैक पर हो गई थी। जो कि काफी दर्दनाक घटना थी। मृतकों को श्रद्धांजलि देते हुए आदर्श नवोदय पब्लिक स्कूल में सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया।

# मुनि श्री प्रमाण सागर जी बोले आत्मशुद्धि का एकमात्र मार्ग है तप

## आशीष लेने पहुंचे सुशील कुमार मोदी



पटना सिटी, प्रात : किरण संवाददाता

भगवान के जीवन में किसी भी प्रकार का कष्ट नहीं हुआ था। उनके पुण्य का अतिशय इतना प्रबल होता है कि उनका सब कुछ ठाठ-बाट की तरह होता है। जिनके जीवन में किसी प्रकार का अभाव नहीं, फिर भी दीक्षा ली। भीतर के सबकुछ पाने के लिए मैंने दीक्षा ली।

मनुष्य के जीवन के दुख का कारण उसके मन में आशा और तृष्णा का भाव है, जो विकारों को जन्म देते हैं। उससे बचने के लिए विकारों को त्यागना होता है। आत्मशुद्धि का एक मात्र मार्ग तप है। आत्मा के भरोसे से जीने वाला भगवान बनता है। भगवान भाग्यवान थे। शक्ति के अनुरूप तप, त्याग करना है और आत्मा का उद्धार करना है। भगवान के मार्ग को पाओ, वो एक दिन भगवान बन जाता है। इस दौरान राज्यसभा सांसद व पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी, दधीचि देहदान समिति के बिमल जैन आदि मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज के श्री चरणों में आशीष लेने को पहुंचे।

## अमर होने का सही तरीका है नेत्रदान व देहदान: सुशील मोदी



पटना सिटी। मालसलामी कु रहने वाली 72 वर्षीया सीता देवी के देहांत के बाद दधीचि देहदान समिति की पहल से परिवार ने नेत्रदान कराया। सोमवार को उनके आवास पर दधीचि देहदान समिति के मुख्य संरक्षक व राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी, महासचिव पद्मश्री बिमल जैन एवं समिति के सदस्यों द्वारा धार्मिक व परोपकारी परिवार को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। समाजसेवी पारस जैन एवं पुत्र अनूप कु जायसवाल, अनुज कु जायसवाल के सहयोग से नेत्रदान की पहल की गई थी। सीता देवी की आंखों से कम से कम दो नेत्रहीनों को दृष्टि मिल सकेगी। इस अवसर पर समिति के सदस्य प्रदीप चौरसिया, विनीता मिश्रा, अरुण सत्यमूर्ति, संजीव यादव, आनंद प्रधान, शैलेश महाजन ने पुष्पाजंलि अर्पित कर विनयाजंलि अर्पित की।

## पटना सिटी में चारों ओर जाम से लोग हुए बेहाल



**पटना सिटी।** महात्मा गांधी सेतु के पाया संख्या 46 के पास ट्रक के खराब होने और हाजीपुर की तरफ चार मालवाहक वाहनों के भी खराब होने से जामकी स्थिति बनी रही। रही-सही कसर हाजीपुर की ओर रोड बनाने को लेकर यातायात को रोका गया था। इसने स्थिति को एयर बिगाड़ने का काम किया। इससे सेतु के साउथ छोर की ओर वाहन का पहिया थमने से लंबा जाम की स्थिति बन गई। बाइपास यातायात थानाध्यक्ष कुमार विरेन्द्र के अनुसार, हाजीपुर में सड़क बनाने के लिए वाहन को रोका गया था। कुछ वाहन खराब भी हुआ। इस कारण से महात्मा गांधी सेतु, पुरानी बाइपास, जीरो माइल, पटना-मसौढ़ी रोड, अशोक राजपथ, सुदर्शन पथ के अलावा अगमकुआं और कुम्हरार आरओबी पर वाहनों का लंबा जाम देखा गया। अशोक राजपथ पर तो फायर का दमकल वाहन जाम से फंसा था, तो एनएच 30 और ओल्ड बाइपास पर अनेक एम्बुलेंस।

## ओल्ड एज होम ने मनाया 6ठा स्थापना दिवस

पटना, प्रात : किरण संवाददाता



वृद्धाश्रम आश्रय (ओल्ड एज होम) ने साहित्यिक अंदाज में कवि सम्मेलन के साथ अपना 6ठा स्थापना दिवस समारोह मनाया। आश्रय चैरीटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित वृद्धाश्रम के स्थापना दिवस पर वरिष्ठ और वृद्ध नागरिकों को कविता पाठ ने सुखद अहसास कराया। 91 वर्षीय कवि श्याम बिहारी प्रभाकर ने- शहर सो रहा है, शहर जाग रहा है, ये क्या हो रहा है, शहर सड़क पर भाग रहा है कविता का पाठ किया जिसे सुनकर श्रोता आनंदित होने के साथ ही भाव विह्वल हो गए। अन्य सभी कवियों ने भी वृद्धावस्था पर आधारित कविताओं का पाठ भी किया।

सीतामढ़ी की युवा कवियित्री प्रीति सुमन ने अपनी कविता पाठ में सीतामढ़ी और सीता मइया का बखान कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। कवि शिवचंद्र सिन्हा और जयप्रकाश पुजारी ने भी अपनी कविता का पाठ किया। कवि गोष्ठी का संचालन बांके बिहारी कर रहे थे। कवि गोष्ठी के बाद वृद्धाश्रम आश्रय ने कुछ वैसे लोगों को सम्मानित भी किया, जिन्होंने किसी न किसी रूप में संस्था के हित के लिए काम किया था। ऐसे लोगों में आनंद कुमार, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश महान, रंग निर्देशक मिथिलेश सिंह, शिक्षिका डा. नम्रता आनंद, अंकिता सहाय, विजय रंजन, अशोक प्रियदर्शी, युगल किशोर सिन्हा, मुन्ना सिंह, प्रिंस राज, शिक्षिका आशा पांडे, डॉली पांडे सम्मानित होने वालों में प्रमुख थी।

उक्त अवसर पर खेसारी लाल यादव फाउंडेशन, वृद्ध केयर, इनरव्हील क्लब, मिशन सहयोग जैसी संस्थाओं को भी ओल्ड एज होम ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में भोजपुरी फिल्मस्टार वीडियो कॉलिंग के माध्यम से वहां उपस्थित लोगों को संबोधित किया और कहा कि संस्था को जब जरूरत होगी हम साथ खड़े मिलेंगे। कार्यक्रम को आश्रय ओल्ड एज होम की सचिव बीना गुप्ता, कोषाध्यक्ष राकेश कुमार गांधी ने भी संबोधित किया और कार्यक्रम का संचालन दीपक आनंद ने किया।

# नहरनुमा नाला से निकले सिल्ट को सुखाकर बेचने का आरोप

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

जन संघर्ष मोर्चा के द्वारा सैदपुर पहाड़ी नाला से निकले सिल्ट एवं कचरा के विरोध में एवं इसे अविलंब उठाने की मांग को लेकर मठ लक्ष्मणपुर प्रयाग नगर, नहर रोड पर विरोध प्रदर्शन किया गया। मोर्चा दिनांक 22 फरवरी को मांग पत्र अजीमाबाद अंचल के ईओ को दिया गया था, जिसमें मांग की गई थी कि सैदपुर- पहाड़ी नाला के उड़ाही से निकलने वाला सिल्ट एव कीचड़ को सड़क पर न रख सीधे गाड़ी में लोड कर दिया जाता।

वर्तमान में पिछले 15 दिनों से नहर से सिल्ट व कचरा निकाल सड़क पर छोड़ दिया गया और वाहन चलने से पूरा कचरा रोड पर फैल गया है। यह धूल बनकर उड़ रहा है। मोर्चा के



● सिल्ट को निकाल तुरत वाहन पर लोड नहीं कराने के विरोध में प्रदर्शन

अध्यक्ष प्रदीप मेहता ने निगम प्रशासन पर आरोप लगाया है कि सिल्ट को बेचने के कारण धीरे -धीरे उठाने का काम किया जा रहा है। यदि पांच दिनों में नहर किनारे रखे सिल्ट एवं कचरा को अविलंब हटवाया नहीं गया, तो आंदोलन और तेज होगा। विरोध प्रदर्शन में उमेश पंडित, शंकर मेहता, नरेश मेहता, चंद्रदीप मेहता, अमन कुशवाहा, सिकु मेहता, शकुंतला प्रजापति, बिट्टू चौधरी, प्रतिमा सिंह, रुबी शर्मा, राधा कुमारी, नैयर कमाल, इकबाल अहमद, प्रमोद मेहता, पंकज कुशवाहा, रंजीत मेहता, रामबाबू पाल, दयानंद तांती, छोटू राम, मुन्ना मेहता, दधीचि मौर्या, आशीष कुमार, सत्यनारायण मेहता आदि थे।

## कारोबारी के साथ मारपीट कर सोने का चेन छिना

**पटना सिटी।** मच्छरहट्टा मंडी में नेल पॉलिश का काम करने वाले आलोक कुमार अपने स्टाफ के साथ चौकशिकारपुर से चौक की ओर दो पहिया वाहन से आ रहे थे। इस दौरान चौक थाना क्षेत्र के त्रिमूर्ति चौक के पास ऑटो सवार अपराधियों ने ओवरटेक किया। जब कारोबारिया ने विरोध किया, तो चार-पांच लोग जुट गया और कारोबारी आलोक कुमार की पिटाई करने लगा। उसका शर्ट फट गया। उसके गले में रहा दो सोने का चेन अपराधियों ने झपट लिया। उसने बताया कि रविवार की रात डीएसपी से बात हुई, तो आग लगे होने और सुबह में चौक थाना आकर लिखित में देने की बात कही।

मगर कारोबारी आलोक ने कहा कि थाना में लिखित नहीं दिया कि आगे परेशानी होगी। अपराधी की पहचान करने जाना होगा। जेल से छूट बाहर आने पर वह उसके साथ कुछ भी कर सकता है।

# राजद के एमएलसी ने लिया सैदपुर नाला का जायजा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना सिटी। राजद के विधान पार्षद डॉ रामबली सिंह सोमवार को सैदपुर नाला की दयनीय स्थिति का निरिक्षण किया। इसके बाद वे पाटलिपुत्र नगर विकास समिति के अध्यक्ष बबलू कुमार से मिलने उनके घर पहुंच नहरनुमा नाले की सही जानकारी लेने आए। सैदपुर नाले की वर्तमान स्थिति की जानकारी देते हुए उन्हें भी आवेदन के साथ साथ नाले पर बनी पुस्तिका दी। इसमें 2017 से लेकर अबतक की घटित घटनाओं का जिक्र है। उन्होंने आश्वस्त किया कि इस नाले की चर्चा पार्टी कार्यालय तक है। पार्टी के आदेश पर वे इस नाले की स्थिति से अवगत होने आए हैं। नहरनुमा नाला की स्थिति



काफी खराब है। लोग जान जोखिम मे डाल इस नाले के किनारे चल रहे हैं। जानकारी मिली कि बेतरतीब ढंग से उड़ाही के कारण नाला दलदल का रूप ले लिया है। घेराविहीन नाला मौत को आमंत्रण दे रहा है। नाला के दोनों तरफ का रोड लगभग लगभग नाला में धंसता जा रहा है। 1990-92 में शाहगंज सुधा बूथ से सैदपुर शिवम अपार्टमेंट तक नहर के उत्तरी छोर पर राजद के शासनकाल में यह रोड बना था। उदघाटन समारोह में खुद लालू जी ने नाले को पाटकर सड़क बनाने की बात कही थी। अगर हमलोग सत्ता में रहते, तो यह काम हो गया होता। बकरी मंडी से शनिचरा तक तो रोड ही नहीं है। लोग कैसे रहते हैं? वे पाटलिपुत्रा नगर विकास समिति के अध्यक्ष बबलू जी से मिल नाले की सारी जानकारी ली है। मैं लगभग यहां की साढ़े तीन लाख जनता को आशस्वत करता हूं कि इस नाले की आवाज अब विधानसभा सत्र में उठेगी। पार्टी इसके लिए कमर कस चुकी है।

# पुलिस ने हत्याकांड के आरोपी सहित दो को किया गिरफ्तार



बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

थाना कांड संख्या 183/2022 दिनांक 07/04/2022 धारा 307/353/332/333/34 भा दवि एवं 27 शस्त्र अधिनियम एवं 30 (ए) बिहार मध निषेध अधिनियम जो पुलिस पर हमला से संबंधित कांड है,के प्राथमिक अभियुक्त उदय यादव सा0 हरदयाल बिगहा थाना बाढ़ एवं सालीमपुर थाना कांड सं 114/21 व/र -302 भा0द0वि0 एवं 27 शस्त्र अधिनियम हत्या कांड के अभियुक्त ओम प्रकाश सिंह सा0 सम्मतपुर थाना सालीमपुर को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

ज्ञात हो कि एनार्कुलम एक्सप्रेस ट्रेन से शराब की खेप उतारने की सूचना पर बाढ़ थानाध्यक्ष राजनंदन के नेतृत्व में छापेमारी करने के लिए पहुंची पुलिस की टीम पर पुलिस की सख्ती से बोखलाए दुः साहसी शराब तस्करों द्वारा सिकंदरपुर के निकट फायरिंग की घटना को अंजाम दिया गया था।जिसमें थानाध्यक्ष सहित पुलिस की टीम बाल बाल बची थी।

# राशनकार्ड बना, मगर जविप्र से नहीं मिल रहा राशन

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पार्षद संघर्ष मोर्चा के तत्वावधान में पटना सिटी अंतर्गत नगर निगम के लगभग सभी वार्डों में नए राशन कार्ड पर लाभार्थियों को राशन मिलने में हो रही कठिनाइयों को लेकर प्रतिनिधिमंडल अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश रंजन को ज्ञापन सौंपा।

इसका नेतृत्व पूर्व पार्षद सह पार्षद प्रतिनिधि बलराम चौधरी, पार्षद अरुण शर्मा, समाजसेवी मोहम्मद जावेद, देवरतन प्रसाद, पार्षद तारा देवी के प्रतिनिधि रविरोशन मेहता, पार्षद सुनीता देवी के प्रतिनिधि राजेश मेहता आदि ने कहा कि नया राशन कार्ड पर लगभग सभी दुकानदारों द्वारा लाभार्थियों को राशन की आपूर्ति करने से इनकार किया जा रहा है। दुकानदारों द्वारा ऐसा कहा जा रहा है कि सरकार ने नया राशन कार्ड निर्गत कर दिया है और उस कार्ड पर आवंटन की स्वीकृति नहीं दी गई है। इंटरनेट पर जिन दुकानदारों का स्टॉक शेष बता रहा



● सिटी एसडीओ को सौंपा पार्षदों ने ज्ञापन, मिला आश्वासन

है, वह दुकानदार उस स्टॉक को सही नहीं मान रहे हैं। गरीब कार्डधारियों को राशन नहीं मिलने के कारण लोगों में पार्षद के खिलाफ आक्रोश है। इसका सामना भी पार्षद या उनके प्रतिनिधि को झेलना पड़ रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने शीघ्र समस्या का समाधान अपने स्तर जांच कर लाभार्थियों को राशन की आपूर्ति सुचारू करने की मांग की।

# चंद्रशेखर विचार मंच द्वारा व्याख्यान प्रतियोगिता



बाढ़, प्रात : किरण संवाददाता

राजकीय मध्य विद्यालय अथमलगोला के सभाकक्ष में प्रदेश चंद्रशेखर विचार मंच द्वारा आयोजित व्याख्यान प्रतियोगिता में संस्कार इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने परचम लहराया।

सर्वश्रेष्ठ स्थान अर्चना कुमारी तथा दूसरा स्थान मोहित राज ने प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद खलील, युवा कवि एवं संजाबाती पत्रिका के संपादक हेमंत कुमार, भाजपा के राजेश राजू, भाजपा बौद्धिक प्रकोष्ठ के सत्येंद्र प्रसाद सिंह, शत्रुघ्न प्रसाद सिंह गांधी जी, कंसेप्ट ऑफ फिजिक्स के डायरेक्टर बबलू सर, मध्य विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिका सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

कार्यक्रम का संयोजन व संचालन विचार मंच के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर सिंह चौहान ने किया' स्वागत और आभार ज्ञापन राजीव राजपूत ने किया, कार्यक्रम में अथमलगोला और बाढ़ के अनेक संस्थाओं ने भाग लिया।

## ताला काट 15 लाख का काजू, कालीमिर्च जीरा आदि की चोरी

**पटना सिटी।** चोरों ने बंद गोदाम को भी नहीं बख्शा और कुंडी काट कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इस संबंध में हरि लक्ष्मी ट्रेडर्स, मारूफगंज की ओर से गुड्डू कुमार ने मालसलामी थाना में मामला दर्ज कराया है। दर्ज कराए गए आवेदन में कहा गया है कि हरि लक्ष्मी ट्रेडर्स का मारूफगंज में ऑफिस और दीना आयरन रोड में मैला खंदा के पास गोदाम है। रविवार शाम करीब पांच बजे तक वह वहां मौजूद था।

सोमवार की सुबह करीब नौ बजे जब गोदाम गए, जो दीना आयरन रोड, जेसीबी के सामने वाले रोड, मैला खंदा में पड़ता है। गोदाम के अंदर से ताला लगा है और दरवाजा टूटा पाया। छानबीन के दौरान पाया कि 90 टीन काजू, जिसका वजन करीब 900 किलो, 10 बोरा गोलकी वजन करीब 250 किलो, 8 बोरा जीरा वजन करीब 200 किलो और भी सामान गोदाम से गायब है। इन सभी की कीमत 12 से 15 लाख रुपया बताया गया है। चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देने के साथ ही यहां लगे सीसीटीवी का डीवीआर और टीवी भी गायब कर दिया है।

# सत्ता के अहंकारियों को जनता सिखाऐगी सबक : लोजपा (रा)

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

लोजपा (रा) ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद चिराग पासवान तथा दलित समाज के खिलाफ मोकामा की घटना को लेकर रालोजपा के नेताओं की टिप्पणी पर कड़ा ऐतराज प्रकट किया है। पार्टी ने रालोजपा सुप्रीमो द्वारा चिराग जी पर उनकी हत्या कराने के आरोप को शर्मनाक बताते हुए कहा है कि चिराग जी हत्या की नहीं विकास की राजनीति करते हैं और यह बात राज्य की जनता अच्छी तरह जानती है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजू तिवारी ने कहा है कि बाबा चौहरमल की जयंती कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उनके अनुयायी श्रद्धालु उन्हें नमन करने पहुँचे थे। ऐसे में एक खास जाति पासवान समाज पर वहाँ नशा करके आने तथा किसी के द्वारा प्रायोजित होकर विरोध प्रदर्शन करने का उनपर आरोप शर्मनाक एवं आपत्तिजनक है। श्री तिवारी ने इसे दलित समाज का घोर अपमान बताया है। उन्होंने कहा कि यह समाज अहिंसा और कानून में विश्वास रखता है। इसलिए अपने इस अपमान का बदला वह अपने मताधिकार के जरिए लेगा। लोजपा (रा) के पदेश अध्यक्ष ने कहा कि उस कार्यक्रम में चिराग जी का जनसैलाब ने जिस उत्साह के साथ अभिनंदन किया, वह इस समाज के हित के प्रति उनके समर्पण का परिणाम है। लेकिन जो लोग लगातार दलित-उत्पीड़न पर सत्ता की खातिर खामोश रहे हैं वे उस समाज से सम्मान और समर्थन चाहते हैं, तो यह हास्यास्पद ही है। जबकि चिराग जी बिना भेदभाव के सबकी आँसू पोछने के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान ने रालोजपा नेताओं की टिप्पणी को शर्मनाक बताते हुए कहा कि वे लोग सत्ता के नशे में चूर हैं इसलिए उन्हें अपने समाज के मान-सम्मान का भी ख्याल नहीं है। यह समाज उनका गुलाम नहीं है। उसने सबकुछ देख और समझ लिया है। इसलिए चाराडीह में नाराज जनता का तो सिर्फ ट्रेलर दिखा है। अब यह जनता पूरी पिक्चर बदलने का मन बना चुकी है। उन्होंने रालोजपा सुप्रीमो द्वारा आज चिराग जी के बारे में कही गई बातों को बेबुनियाद बताया है। प्रदेश युवा इकाई के अध्यक्ष वेद प्रकाश पाण्डेय, संजय रविदास, शोभा पासवान, दिनेश पासवान, अनुपम पासवान, कुंदन पासवान तथा ओम प्रकाश भारती सहित अन्य कई नेताओं ने रालोजपा नेताओं की टिप्पणी पर कड़ा प्रतिवाद करते हुए कहा है कि जनता उन्हें इसका मुँहतोड़ जवाब देगी।

## तीर्थंकर महावीर ने मनुष्यों को उनके सद्गुणों से परिचित कराया तो अम्बेडकर ने शिक्षा और समन्वय से

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

जैन धर्म के २४वें तीर्थंकर भगवान महावीर ने बर्बर होते जा रहे मानव-समुडाय को उसके सद्गुणों से परिचित कराया। यह बताया कि प्रेम और अहिंसा का मार्ग ही मनुष्यता का मार्ग हो सकता है। समस्त प्राणी-मात्र से प्रेम और करुणा का भाव रखकर ही हम मानव-जीवन को गुणवत्तापूर्ण, आनन्दमय और सार्थक बना सकते हैं। महावीर का दर्शन सह-अस्तित्व का सिद्धांत है। इनके बताए मार्ग पर चलकर मानव जीवन अपने आत्मिक उत्कर्ष को पा सकता है।

यह बातें रविवार को प्रबुद्ध हिंदू समाज के तत्त्वावधान में पटेल नगर स्थित देव पब्लिक स्कूल में आयोजित महावीर जैन एवं अम्बेडकर जयंती समारोह का उद्घाटन करते हुए, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। डा सुलभ ने कहा कि भगवान महावीर ने जो पाठ उपदेश के माध्यम से पढ़ाए, वही शिक्षा एक अन्य रूप में बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर ने दी। उन्होंने शिक्षा पर बल दिया।

वे मानते थे कि उचित शिक्षा के अभाव और विवेक-हीनता के कारण, समाज में भेद-विभेद है। शिक्षित और संगठित होकर, समन्वय के सिद्धांत पर चलकर हम समाज में व्याप्त कुरितियों का नाश कर सकते हैं और एक समरस समाज का निर्माण कर सकते हैं। आदिकाल में जब ज्ञान अपने उत्कर्ष पर था, तब मानव-समाज आनंद में था। भेद नहीं थे। वैमनस्य नहीं था। किंतु मध्य-काल में हमारी शिक्षा और संस्कृति दोनों ही प्रभावित हुईं और भारतीय समाज रूढ़ियों और व्यसनों में ग्रस्त होता चला गया। चरित्र-निर्माण करनेवाली मूल्यवान शिक्षा के माध्यम से ही हम समाज के सभी विकारों को दूर कर सकते हैं।

# पारा मेडिकल छात्रों की पढ़ाई विषय विशेषज्ञ शिक्षकों से नहीं होने पर आक्रोश

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

नालंदा मेडिकल कॉलेज पारा मेडिकल छात्र संघ इकाई की बैठक गौरव कुमार की अध्यक्षता में हुई। इसमें पारा मेडिकल छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष भारत भूषण, उपाध्यक्ष विशाल कुमार, कोषाध्यक्ष आशुतोष कुमार, दिग्विजय कुमार, अमन कुमार, ललन कुमार, रवि राज, कृतिका, खुशबू कुमारी, कुंदन कुमार आदि शामिल हुए। छात्रों ने अस्पताल प्रशासन व महाविद्यालय प्रशासन पर भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए कहा कि शिक्षक कहते हैं कि हम पारा मेडिकल छात्रों को पढ़ा अपना लेवल कम नहीं करना चाहते।

संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पारा मेडिकल छात्रों के द्वारा वर्ष 2018 में छात्रों द्वारा अनेक दिनों तक



अस्पताल को एवं कॉलेज को बंद कराया गया था। कॉलेज में तालाबंदी की गई थी। उसके बाद विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा पढ़ाई शुरू किया गया था। बीते एक साल से विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा छात्रों को आधा दर्जन विषय का पढ़ाई नहीं कराया जाता है।

एनेस्थीसिया, माइक्रोबायोलॉजी, रेडियोफिजिक्स, सर्जरी, मेडिसीन आदि विषयों की पढ़ाई नहीं होती है। इससे छात्रों में आक्रोश है।पढ़ाई नहीं होने से परिणामतः अधिकतर छात्र परीक्षा में असफल हो जाते हैं। स्वास्थ्य मंत्री व प्रधान सचिव से मांग की गई कि जल्द से जल्द विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के द्वारा छात्रों की पढ़ाई की व्यवस्था कराई जाए। सत्र नियमित करने को छात्रों को छात्रावास आवंटन, छात्रवृत्ति, एलाइड हेल्थ केयर काउंसिल का गठन सरकार शीघ्र करे और ओटी असिस्टेंट, एक्स-रे, ईसीजी टेक्निशियन, ड्रेसर आदि पद पर जल्द विज्ञापन प्रकाशित कर भरे।

## संक्षिप्त खबरें

### तीन लीटर देशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

मनीगाछी। मनीगाछी थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में गुप्त सूचना पर की गई छापेमारी में देशी शराब के साथ अशोक महतो को गिरफ्तार किया गया है। थानाध्यक्ष राजनंदन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि अशोक महतो को 3 लीटर देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। मद्य निषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार व्यक्ति को सोमवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### ससुराल से फरार विवाहिता को किया पुलिस ने किया बरामद

कुशेश्वरस्थान। ससुराल से फरार विवाहिता की पुलिस ने किया बरामद तिलकेश्वर ओपी क्षेत्र के विगरी गांव निवासी निर्मल कुमार की 24 वर्षीय पत्नी रुचि कुमारी अपने ससुराल से मायके के प्रेमी युवक के साथ फरार हो गया जिस आलोक में रुचि के पिता के आवेदन पर थाना कांड संख्या 80/22 दर्ज किया गया था जिसमें पिता ने अपने ही पड़ोसी पर अपहरण होने का मामला दर्ज कराया था तिलकेश्वर ओपी प्रभारी ने बताया कि पूछ ताछ के दौरान पूर्व के प्रेमी के साथ भाग कर शादी करने की बात सामने आई।

### छापामारी में 168 बोतल विदेशी शराब बरामद एवं एक कारोबारी गिरफ्तार

कुशेश्वरस्थान। तिलकेश्वर ओपी क्षेत्र के सिमराहा गांव में छापेमारी के दौरान 168 बोतल विदेशी शराब के साथ कारोबारी को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में तिलकेश्वर ओपी प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि सिमराहा गांव के सुमित यादव के घर से शराब बरामद किया गया है इस दौरान कारोबारी सुमित यादव को मौके पर ही धर दबोचा गया कारोबारी चोरी-छिपे लंबे समय से शराब कारोबार में संलिप्त था गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी की गई प्राथमिकी दर्ज करते हुए उत्पाद अधिनियम के तहत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### महीनों से प्रभार में चल रहे हनुमाननगर प्रखंड को पूर्णकालिक बीडीओ मिला

हनुमाननगर। महीनों से प्रभार में चल रहे हनुमाननगर प्रखंड को अब पूर्णकालिक बीडीओ मिला। सोमवार को अरुण कुमार सिंह ने प्रखंड के 27वें बीडीओ के रुप में अपना पदभार ग्रहण किया वे पदस्थापन से पहले गोपालगंज में प्रसार पदाधिकारी के पद पर कार्यरत थे। इनका गृह जिला समस्तीपुर है। इस अवसर पर हनुमाननगर प्रखंड के सीओ कैलाश चौधरी, प्रखंड प्रमुख संतोष कुमार यादव व पूर्व प्रमुख बसंत कुमार ने नव पदभार ग्रहण करने वाले बीडीओ को बुके प्रदान कर सम्मानित किया।

# मजबूत आधारभूत संरचना सर्वांगीण विकास का द्योतक: प्रो0 विनय चौधरी

## बेनीपुर मे सड़क पुल-पुलिया का बिछाया जा रहा जाल

दरभंगा, प्रात: किरण ब्यूरो



बिहार में2005 से लगातार विकास की नयी उपलब्धि हासिल की जा रही है। आधारभूत संरचना के क्षेत्र में बिहार ने देश स्तर पर एक रिकार्ड कायम किया है। सड़क स्वास्थ्य शिक्षा मनोरंजन आधारभूत संरचना के क्षेत्र में बेनीपुर बिधानसभा को देश स्तर पर विकास के मानचित्र पर स्थापित करना उनकी पहली प्राथमिकता है जिसके लिए वे अहर्निश सेवा भाव से जुटे हुए हैं।

बेनीपुर बिधानसभा के विधायक सह दरभंगा के जदयू जिलाध्यक्ष प्रो0 विनय कुमार चौधरी ने बिधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सड़कों का उदघाटन करने के बाद उपरोक्त बातें कहीं हैं। बिधायक प्रो0 चौधरी ने ग्रामीण कार्य बिभाग के बिहार ग्रामीण पथ अनुरक्षण नीति अन्तर्गत 46.657 लाख रुपये की लागत से 1.690 किलोमीटर की लंबाई बाले कल्याणपुर बहेडा रोड से बलनी पथ तथा 55.868 लाख रुपये की लागत से 1.690 किलोमीटर की लंबाई बाले धेरूख से नंदापट्टी पथ मरम्मतिकरण कार्य का उदघाटन करते हुए कहा कि सड़क तथा पुल पुलिये का जाल उस क्षेत्र मे बिकास का पैमाना माना जाता है तथा इस पैमाने पर बेनीपुर बिधानसभा को देश स्तर पर स्थापित करना उनकी प्राथमिक सूची में शामिल है। बिधायक प्रो0 चौधरी ने बेनीपुर बिधानसभा के सर्वांगीण विकास के संकल्पों को स्पष्ट करते हुए कहा कि सड़क तथा रेल के कोर नेटवर्क से जोडने के लिए वे लगातार प्रयासरत हैं तथा स्थानीय बुद्धिजीवियों एवं जनप्रतिनिधियों के सलाह के अनुरूप वे समस्याओं के निराकरण के लिए जी जान से जुटे हैं बहेडी बाइपास निर्माण की स्वीकृति तथा सकरी कुशेश्वरस्थान रेल खंड पर रेल परिचालन इसका ज्वलंत उदाहरण है। बिधायक प्रो0 चौधरी ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार की एनडीए सरकार की बिकासात्मक सोच की जमकर सराहना करते हुए कहा कि लालू राबडी के शासनकाल में गाँव तथा पंचायत से प्रखंड एवं जिला मुख्यालयों तक पहुचने में जितना समय लगता था आज उतने ही समय में लोग गाँव से पटना की दूरी तय करते हैं जो नीतीश कुमार के बिकसित बिहार की परिकल्पना फलीभूत होते दिख रही है। बिधायक प्रो0 चौधरी ने कहा कि बेनीपुर बिधानसभा क्षेत्र मे लगभग सभी महत्वपूर्ण सडकों तथा आवश्यक पुल पुलिये का निर्णय पूरा किया जा चुका है तथा बांकी अन्य कार्यों पर पहल जारी है।

**योजना**

- नीतीश सरकार की हर जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को वास्तविक लाभार्थियों तक पारदर्शी रूप से पहुचाने के लिए वे हर संभव प्रयास मे लगे हुए है

बेनीपुर बिधानसभा क्षेत्र के मान सम्मान के लिए खुद को समर्पित बताते हुए बिधायक प्रो0 चौधरी ने कहा कि नीतीश सरकार की हर जनकल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों को वास्तविक लाभार्थियों तक पारदर्शी रूप से पहुचाने के लिए वे हर संभव प्रयास मे लगे हुए हैं। इस मौके पर जदयू प्रखंड प्रमुख चौधरी मुकुंद राय, कार्यपालक अभियंता सुधीर कुमार, पूर्व उपप्रमुख प्रेम कुमार झा, राजीव कुमार झा, नमोनाथ हजारी, अभय कुमार मुन्ना, धनंजय झा, जानकी रमण, विंदेश्वर मंडल, गणेश बलीन बलनी के मुखिया रामसुधार झा, रौशन झा, राजीव झा सहित कई गणमान्य शामिल थे।

# सांसद ने आयुष्मान भारत प्रखंड स्वास्थ्य मेला का किया निरीक्षण

दरभंगा, प्रात: किरण ब्यूरो



अमृत महोत्सव के तहत सांसद डॉ गोपाल जी ठाकुर में बेनीपुर के शिवराम में लगे आयुष्मान भारत प्रखंड स्वास्थ्य मेला का निरीक्षण किया। इस दौरान सांसद डॉ ठाकुर ने वहां आमलोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवा का जानकारी लिया। वहां उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांसद डॉ ठाकुर ने कहा कि अभी हमलोग आजादी का 75 वां साल मना रहे है और भारत की विकास यात्रा एक महत्वपूर्ण दौर से गुजर रहा है।

ऐसे में स्वास्थ्य जो कि मूलभूत सुविधाओं में से एक है, इसे मजबूत करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा काफी प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सभी आम नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिले इसके प्रति काफी संवेदनशील हैं। उन्होंने ने कहा की देश में पिछले सात वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में जितना परिवर्तन हुआ है, वह काफी ऐतिहासिक है। सांसद डॉ ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल व सशक्त नेतृत्व में देश आज विकास के नए आयाम को छू रहा है। आज देश में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य और अनेकों जन स्वास्थ्य योजना चल रहा है। सांसद डॉ ठाकुर ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा को किफायती बनाने और इसकी सुलभता को अगले स्तर पर ले जाने की आवश्यकता है, इसको देखते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार आधुनिक प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल को बढ़ावा दे रही है। सांसद डॉ ठाकुर ने कहा कि कोविड के समय पूरी दुनिया ने भारत के ताकत को देखा है और इस क्षेत्र में भारत का सम्मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार देश में स्वास्थ्य सेवा के प्रति समग्र दृष्टिकोण अपना रही है, जिसके तहत केवल उपचार ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है। सांसद डॉ ठाकुर ने प्रमुख स्वास्थ्य योजना का जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत में प्रधानमंत्री जन औषधि योजना, आयुष्मान भारत योजना, आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ योजना सहित कई योजना पर विस्तृत प्रकाश डाला।

**प्रयास**

- स्वास्थ्य जो कि मूलभूत सुविधाओं में से एक है, इसे मजबूत करने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा काफी प्रयास किया जा रहा है

सांसद ने कहा कि आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने 130 करोड़ भारतीयों के स्वास्थ्य हित में एक सपना देखा था, जिसे साकार करने के लिए केंद्र सरकार ने ऐसे मिशन की शुरूआत की है, जिसमें भारत की स्वास्थ्य सुविधाओं में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने की बहुत बड़ी ताकत है। सांसद ने आयुष्मान भारत का जिक्र करते हुए कहा कि यह विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है, जिसका तहत प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज की सुविधा मुहैया कराता है।

# वीर कुंवर सिंह जयंती पर 75 हजार तिरंगा फहरेगा: प्रमोद कुमार

जहानाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



भारतीय जनता पार्टी के द्वारा मंगलम मैरिज हॉल में नगर मंडल के शक्ति केंद्र प्रभारी, मंडल पदाधिकारी, जिला पदाधिकारियों एवं घोसी विधानसभा के मंडल अध्यक्षों एवं जहानाबाद विधानसभा के मंडल अध्यक्षों के साथ संयुक्त रूप से 23 अप्रैल को आरा के जगदीशपुर में आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तैयारी बैठक की गई।

बैठक की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष कृष्णा गुप्ता ने किया। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि विधि एवं गन्ना उद्योग मंत्री प्रमोद कुमार एवं भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री प्रमोद कुमार ने कहा कि वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव पर 23 अप्रैल को आरा के जगदीशपुर में भव्य समारोह होगा। जिसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। इस मौके पर वहां 75000 राष्ट्रीय झंडा (तिरंगा) फहराया जाएगा और वीर कुंवर सिंह को श्रद्धांजलि दी जाएगी। राष्ट्रीय ध्वज के साथ इस कार्यक्रम में लोग उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की सोच है कि देश की जनता को स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में बताया जाए। युवा पीढ़ी महापुरुषों के कार्यों के बारे में जाने एवं उससे प्रेरणा लें। बैठक में जिला महामंत्री सह कार्यक्रम प्रभारी निरंजन कुमार बबलू, जिला उपाध्यक्ष कमलेश शर्मा, सुनीता कुमारी, दामोदर प्रसाद, जयप्रकाश केसरी, रामसहाय कुमार, गौरव कुमार समेत पार्टी के कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने पदाधिकारियों के साथ की महात्मा गांधी नरेगा योजना की समीक्षा

जहानाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



जिलाधिकारी हिमांशु कुमार राय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित प्रकोष्ठ में महात्मा गांधी नरेगा योजना की समीक्षा की गई। सर्वप्रथम नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम की समीक्षा किया गया। समीक्षाक्रम में पाया गया की कुल 88 पंचायतों में मात्र 39 पंचायतों में नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से जॉबकार्डधारियों की उपस्थिति दर्ज किया गया है।

जिलाधिकारी ने सभी कार्यक्रम पदाधिकारियों को निदेश दिया कि 22 अप्रैल तक सभी पंचायतों में मोबाइल को पंजीकृत करते हुए नेशनल मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें। सभी कनीय अभियंता एवं कार्यक्रम पदाधिकारी को पंचायतों में क्रियान्वित योजनाओं का निरीक्षण एरिया ऑफिसर एप के माध्यम से करने का निदेश दिया गया। साथ ही निदेश दिया गया कि 22 अप्रैल तक लक्ष्य के आलोक में शतप्रतिशत योजनाओं का निरीक्षण एरिया ऑफिसर एप के माध्यम से करें।

उपलब्धि प्राप्त नहीं करने पर कार्यवाई का निदेश दिया गया। जियो टैगिंग की समीक्षा में पाया गया कि सबसे अधिक प्रखंड मखदुमपुर में 17 एवं प्रखंड रतनी फरीदपुर में 16 योजना जियो टैगिंग हेतु लंबित है। निदेश दिया कि एक सप्ताह के अंदर शतप्रतिशत योजनाओं का जियो टैगिंग पूर्ण करें। प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को अनुमान्य मानव दिवस का लाभ देने का भी निदेश दिया गया। मनरेगा से संबंधित अन्य इंडिकेटर यथा आधार सीडिंग, जॉब कार्ड सत्यापन इत्यादि की समीक्षा किया गया एवं प्रगति का निदेश दिया। बैठक में जिला पदाधिकारी के साथ निदेशक डीआरडीए पंकज कुमार घोष, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी बिकेश कुमार, सहायक अभियंता, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं सभी कनीय अभियंता उपस्थित थे।

# नेहरा स्थित प्राथमिक विद्यालय के सभी चापाकल खराब

मनीगाछी, प्रात: किरण संवाददाता



प्रखंड क्षेत्र के नेहरा पूर्वी पंचायत स्थित प्राथमिक विद्यालय नेहरा के सभी चापाकलों के खराब रहने से यहाँ के बच्चों को इस गर्मी के मौसम में पानी पीने के लिए स्कूल परिसर से बाहर जाना पड़ता है।

इसके साथ ही विद्यालय में बच्चों के लिए बनने वाले मीड डे मील के लिए भी रसोइया बाहर से ही पानी लाने को विवश है। बताया जाता है कि विद्यालय में यह समस्या विगत एक वर्ष से बनी हुई है। पानी की समस्या से निपटने के लिए विद्यालय परिसर में तीन समर सेबल चापाकल गड़े हुए हैं जो मात्र दिखावे के लिए हैं। इसके साथ ही नल जल योजना से पानी की सप्लाई के लिए बिछाए गए पाइप से भी पानी की सप्लाई गत छह माह से नहीं की जा रही है। जानकारी के अनुसार विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं स्थानीय लोग ने इस संबंध में संबद्ध में अधिकारियों को लगातार सूचित भी किया है।इस बीच प्रखंड प्रमुख द्वारा विद्यालय के औचक निरीक्षण में भी प्रधानाध्यापक ने इस ओर ध्यानाकृष्ट किया था। यहां यह ज्ञातव्य है कि एक ओर जहां जिला प्रशासन आम लोगों को पेयजल से निजात दिलाने के लिए गंभीर है वहीं विद्यालय के बच्चों के लिए पेयजल की असुविधा सोचनीय है। दूसरी ओर प्रखंड मुख्यालय स्थित पी एच सी के ओ पी डी परिसर स्थित चापाकल महीनों से खराब पड़ा है।इस चापाकल के खराब रहने से यहां आने वाले मरीजों एवं उनके परिजनों को पानी के लिए तरसना पड़ता है।पी एच सी प्रभारी के अनुसार इस संबंध में संबद्ध विभाग को जानकारी दी गई है लेकिन इसका निदान नहीं होने से यहां आने वाले लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है।

# विधायक ने किया उप स्वास्थ्य केंद्र के नये भवन का शिलान्यास

जहानाबाद, प्रात: किरण संवाददाता



रतनी फरीदपुर प्रखंड के सरता गांव में बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का षिलान्यास स्थानीय विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव ने किया। विधायक श्री यादव ने कहा कि दो वर्ष से कोरोना जैसे वैश्विक महामारी से लोग जुझ रहे हैं।

महामारी से लोग काफी भयभीत हो गए हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि अब हमलोग स्वास्थ्य सुविधा के सर्वांगींण विकास में आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, पानी, बिजली व स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। क्षेत्र के विकास के लिए उसी कड़ी में एक कदम बढ़ाते हुए आज सरता गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया जा रहा है। इसके तहत सरता गांव ही नहीं अगल बगल के गांव के लोगों को भी स्वास्थ्य केंद्र के बन जाने से लोगों को लाभ मिलेगा। श्री यादव ने कहा कि अपने क्षेत्र का विकास करना है जिसके लिए दिन रात लगे हुए हैं। उन्होंने ये भी कहा कि आने वाले समय में पूरे जहानाबाद विधानसभा में सड़क, नाली, उप स्वास्थ्य केंद्र और अन्य तरह के विकास कार्यों का शिलान्यास व कार्य किया जाएगा। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरविंद कुमार चन्द्रवंषी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष हरिनारायण द्विवेदी, अरमान मल्लिक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौजूद थे।

# विभिन्न मांगों को लेकर पंचायत समिति सदस्यों ने दिया धरना

अरवल, प्रात: किरण संवाददाता

स्थानीय प्रखंड मुख्यालय स्थित मनरेगा कार्यालय के सामने सोमवार को कुर्था दक्षिणी भाग के जिला परिषद सदस्य महेश यादव के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्य ने विगत तीन वर्ष का मनरेगा विभाग से क्रियान्वित योजनाओं का सूची उपलब्ध कराने। अनाप्रति प्रमाण पत्र एवं मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु दिशा निर्देश पुस्तिका का छाया प्रति उपलब्ध कराने। पंचायत समिति एवं जिला परिषद सदस्यों को मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अलग से डाटा एंट्री ऑपरेटर बहाल कराने। मनरेगा विभाग में किसी भी योजना को कई भागों में बांटकर क्रियान्वित नही कराने। ग्राम पंचायत के द्वारा की गई ग्राम सभा पुस्तिका की छाया प्रति उक्त दिन ही सभी प्रतिनिधि को उपलब्ध कराए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया। जिसका अध्यक्षता पंचायत समिति सदस्य गणेश यादव ने किया। वहीं मंच संचालन विनय कुमार दरोगा ने किया। वही धरना को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सभी पंचायत के मुखिया एवं कार्यक्रम पदाधिकारी संजीव वर्मा के द्वारा मनरेगा में लूट एवं पंचायत समिति सदस्य तथा जिला परिषद के कार्यों का हक छीन कर उन्हें उपेक्षित किया जा रहा है।

# नगर निगम अगर ईमानदार हो तो आम जनता का काम होगा : डॉ0 मुन्ना खान

दरभंगा, प्रात: किरण ब्यूरो



वार्ड की समस्याओं को लेकर जन अधिकार पार्टी के जिला अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद डॉ० मुन्ना खान ने सोमवार को दरभंगा नगर निगम के नगर आयुक्त, महापौर एवं उप महापौर के समक्ष अपनी बात रखी।

उन्होंने कहा कि आम जनता का भरोसा नगर निगम से टूट चुका है इसलिए जनता के बीच में विश्वास पैदा करने के लिए सबको मिलकर काम करना करने की जरूरत है डॉक्टर मुन्ना खान ने महापौर को आवेदन सौंपते हुए कहा कि, लगभग 100 फीट मन्नान तर्जी साहेब के घर से ब्रेकर तक एवं छोटू भाई के घर के कोने से इंजिनियर भोला के घर तक सड़क पर मिट्टी डाल कर ब्रिक सोलिंग कर तत्कालीन रास्ते को सही कराने का कार्य के लिए अपने स्तर से विभाग को अनुमति दे जिससे आम जनता को ईद मे गंदे जल जमाव वाले रास्ते से नहीं चलना परे। इसके लिए मेरे द्वारा आपको पत्र एवं मौखिक शिकायत भी किया गया था। उसे अति आवश्यक समझते हुए अपने अस्तर कश कार्य करें। वही शिकायत करते हुए कहा कि रात्रि मे मौलागंज मंदिर से जो नया पी.सी.सी. रोड निगम द्वारा मेरे कितने परिश्रम के बाद बनाया गया उसे किसी निजी कंपनी द्वारा रात के अंधेरे में तोर कर तार बिछाने का कार्य किया जा रहा था जिस संदर्भ में विभाग द्वारा किसी भी कोई जानकारी हमें नहीं दी गई थी। रात्रि में चोरी छिपे कार्य होते देख मैं और मेरी जनता के साथ मिलकर उसे रोक दिया गया। इस तरह वार्ड में कोई भी बिना पार्षद को सूचना दिए कार्य करने लगे ऐसे में फिर कैसे विकाश का कार्य चलेगा। इस तरह लापरवाही से कार्य करने वालों पर कार्यवाही होनी चाहिए और जल्द से जल्द छती हुए रोड को सही कराया जाए जिससे कोई बड़ी घटना न घटे।

### ट्रैक्टर व बाइक के टक्कर में घटनास्थल पर एक व्यक्ति की मौत दूसरा गंभीर रुप से घायल

**दरभंगा।** लहेरियासराय-समस्तीपुर एसएच 50 मुख्य सड़क पर सोमवार को डीहलाही गांव स्थित भारत पेट्रोलियम के निकट ट्रैक्टर व बाईक के टक्कर में बाईक सवार एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल दूसरे व्यक्ति को ग्रामीणों ने इलाज के लिए डी0एम0सी0एच0 पहुँचाया। मृतक लहेरियासराय थानाक्षेत्र के पंडासराय लहेरी टोला निवासी महेंद्र साह का 34 वर्षीय पुत्र मोहन कुमार साह बताया जाता है। जबकि गंभीर रुप से घायल व्यक्ति बहेड़ी निवासी रौशन साह है जो रिश्ते में मृतक व्यक्ति का साढ़ू है। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक सड़क दुर्घटना के शिकार दोनों व्यक्ति रविवार की शाम समस्तीपुर जिला के कल्याणपुर थानाक्षेत्र अंतर्गत वीरसिंहपुर स्थित मैरेज हॉल में एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहीं से लाल रंग की होंडा बाईक संख्या बीआर 07 एके 7356 से अपने घर पंडासराय लहेरी टोला लौट रहा था। रास्ते में हीं डीहलाही पेट्रोल पंप के पास लहेरियासराय की ओर से जा रहे एक अनियंत्रित ट्रैक्टर चालक ने सामने से उसे रौंद डाला। घटना की सूचना पर पहुंची विशनपुर थाना की पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया।

# आजादी के अमृत महोत्सव पर जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्वास्थ्य मेला शुरू

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता




मधुबनी। आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सरकार द्वारा जिले के सभी प्रखंडों में स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जा रहा है। मधुबनी जिले सभी प्रखंडों में 18 से 22 अप्रैल के बीच एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया जाएगा। सोमवार को मेले का आयोजन जिले के जयनगर, फुलपरास में हुआ।

मेले का उद्घाटन जयनगर में पूनम देवी, फुलपरास में रामपुकार यादव ने किया। सिविल सर्जन डॉ० सुनील कुमार झा ने बताया कई बीमारियों, विशेष रूप से गैर-संचारी रोग या जीवनशैली संबंधी विकारों जैसे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और कैंसर को स्वस्थ जीवनशैली और प्रारंभिक पहचान और उपचार की शुरूआत से किसी व्यक्ति में असंसूचित बीमारियों से उत्पन्न होने वाली जटिलताओं को रोका जा सकता है। इन स्वास्थ्य मेले में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी कई प्रकार की सुविधाएं स्टॉल लगाकर प्रदान की जा रही हैं। स्वास्थ्य मेले में दांत, आँख एवं कानों की जांच के लिए सुविधाएं निपुण चिकित्सकों द्वारा प्रदान की जाएगी। वहीं गंभीर बीमारियों यथा एड्स, कैंसर आदि के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। स्वास्थ्य मेले में आये लोगों को कई प्रकार की जांच की भी मुफ्त सुविधा उपलब्ध रहेगी। जिले के सभी प्रखंड में होगा स्वास्थ्य मेले का आयोजन सिविल सर्जन डॉ० झा ने बताया मेले का प्रखंडों में सिलसिलेवार आयोजन किया जा रहा है। जिले के सभी प्रखंडों में मेले का आयोजन किया जाना है। इसी क्रम में स्वास्थ्य मेले का आयोजन आज जयनगर, फुलपरास प्रखंड में किया गया। वहीं 19 अप्रैल को अंधराठाढ़ी, कलुआही, लदनिया, पंडौल, राजनगर में, 21 अप्रैल को बाबूबरही , घोघरडीहा, हरलाखी, झंझारपुर, खजौली, मधेपुर, मधवापुर, 22 अप्रैल को बासोपट्टी, बेनीपट्टी, बिस्फी, लखनौर, लौकहा, रहिका में आयोजित किया जायेगा। स्वास्थ्य मेले के आयोजन से लोगों में आएगी जागरूकता जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ० दयाशंकर निधि ने बताया सरकार द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव के मौके पर प्रखंडों में एक दिवसीय स्वास्थ्य मेले के आयोजन में स्वास्थ्य शिक्षा और स्वस्थ जीवनशैली के साथ-साथ रोगों का शीघ्र पता लगाने और उपचार की सुविधा और जानकारी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी।

### सीता नवमी हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जाएगा : मिहिर झा

**मधुबनी।** आज मिथिला वाहिनी की झंझारपुर जिला इकाई की बैठक मधुबनी जिले के झंझारपुर प्रखंड कार्यालय स्थित हनुमान मंदिर परिसर में हुई, जिसकी अध्यक्षता झंझारपुर जिला प्रमुख राजकुमार मंडल द्वारा की गई। बैठक में मिथिला वाहिनी के संस्थापक सह मुख्य संरक्षक मिहिर कुमार झा भी उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने मिथिला नव वर्ष और राजा सलहेस जन्मोत्सव के साथ ही जुड़ शीतल के उपलक्ष्य में आयोजित बाईक रैली, सत्तु वितरण कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु पूरी जिला इकाई को बधाई दिया। साथ ही मिथिला नववर्ष की घोषणा की गई। गुलाबीमय मिथिला के अभियान पर अपने विचार रखते हुए जानकारी दी कि मिथिला वाहिनी के प्रत्येक सदस्य के तरफ से सहयोगी सीता नवमी तक घर घर जाकर लोगों को गुलाबी ध्वजा दें और उन्हें घर पर लगाने हेतु प्रेरित करें। साथ ही घर घर में सीता नवमी हर्षोल्लास और धुमधाम से मनाया जाय इसके लिए टोली बनाकर अभियान चलाये। संगठन के विस्तार और मजबूती हेतु अंधराठाढ़ी प्रखंड के कर्णपुर निवासी रुद्रनाथ राउत को जिला सह प्रमुख के रूप में घोषणा की गई।

# अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से 6 वर्षीय बालक हुआ जख्मी

मधुबनी, प्रात: किरण संवाददाता



मधुबनी जिले के हरलाखी थाना क्षेत्र के एनएच-104 स्थित फुलहर नचारी चौक के समीप एक अनियंत्रित बाइक की चपेट में आने से एक बालक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी बालक की पहचान फुलहर गांव निवासी शिवकांत यादव की करीब छह वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार के रूप में बताया गया है। घटना सोमवार सुबह करीब 9 बजे की बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उमगांव की ओर से एक बाइक चालक तेज रफ्तार से आ रहे थे, वहीं जख्मी बालक पैदल नचारी चौक की ओर जा रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात वाहन चालक ने उक्त बालक को ठोकर मार साहरघाट की ओर फरार हो गया। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। आनन-फानन में परिजनों ने जख्मी बालक को साहरघाट के एक निजी अस्पताल में भर्ती करायी जहां इलाजरत है। परिजनों ने बताया कि बालक का एक पैर भी टूट गया है। वहीं घटना का निंदा करते हुए ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी के विरुद्ध आक्रोश व्यक्त किया है। इस बाबत स्थानीय ग्रामीणों में रंजीत राय, परमेश्वर साह, सुरेश साह, हरि कांत यादव, महेंद्र सादा, रंजीत ठाकुर, रामचंद्र यादव, सहित दर्जनों ग्रामीणों का आरोप है कि फुलहर नचारी चौक पर एक बालू, गिट्टी, सीमेंट के विक्रेताओं के द्वारा सड़क पर ही ट्रक व ट्रेक्टर लगाकर लोडिंग व अनलोडिंग किया जाता है। इतना ही नही, सड़क पर ही बालू गिट्टी को रख दिया गया है। जिसके कारण तेज रफ्तार से आ रहे वाहन उक्त जगह अनियंत्रित हो जाती है, जिससे उक्त जगह बार बार दुर्घटना होती है। दरअसल ग्रामीणों का आरोप है कि उक्त समस्याओं को लेकर सीओ से कई बार शिकायत किया गया, लेकिन सीओ के द्वारा बालू गिट्टी की विक्रेताओं पर किसी प्रकार का कोई कार्रवाई नही किया गया, जिस कारण एक बार फिर दुर्घटना हो गयी है।

### पूर्व एमएलसी के घर मांगलिक कार्यक्रम में पहुंचे नवनिर्वाचित एमएलसी

**जहानाबाद।** सारण से नवनिर्वाचित एमएलसी सच्चिदानंद राय ने कहा कि अगड़ा वर्ग की उपेक्षा सरकार को महंगा पड़ेगा। रविवार की रात्रि में जिले के पिंजौर गांव में पूर्व एमएलसी राधा मोहन शर्मा के घर मांगलिक कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद मीडिया से मुखातिब होते हुए श्री राय ने कहा कि विधान परिषद निकाय चुनाव एवं उपचुनाव इसका ताजा उदाहरण है। निर्णायक भूमिका अदा करने वाले लोग ने अपना निर्णय दिखा दिया है। एनडीए को समय रहते चेत जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि काफी संघर्ष के बाद अगडे वर्ग ने एनडीए को समर्थन देकर सत्ता में लाया किंतु उसकी राजनीतिक हिस्सेदारी दिन प्रतिदिन ह्रास हो रही है। जिसका जवाब उपचुनाव में लोगों ने देना शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि अब लोग पूरी तरह से जागरूक हो गए हैं। अब कोई भी लोग भूत का भय दिखाकर अपना राजनीतिक उल्लू नहीं सीधा कर सकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोग मन बना चुके हैं जो भी पार्टियां अगड़ा वर्ग को राजनीतिक हिस्सेदारी देगी उसका लोग समर्थन करेगा। उन्होंने कहा कि समाज में जागरूकता लाने के लिए वे अभियान चला जिले का दौरा करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### आधार सीडिंग कराना अनिवार्य :प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी

मझौलिया। सोमवार के दिन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शैलेंद्र कुमार ने एक प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि जिन उपभोक्ताओं का आधार सीडिंग अब तक नहीं हुआ है वह अपना अपना आधार सीडिंग अपने जन वितरण दुकानदार से मिलकर अभिलंब करा लें। अन्यथा उनका राशन कार्ड बंद हो जाएगा तथा राशन के लाभ से वंचित हो जाएंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि 683 राशन कार्ड धारियों का नाम राशन सूची से विलोपित कर दिया गया है जो डबल लाभ उठा रहे थे। उन्होंने जनवितरण दुकानदारों को हिदायत दिया कि समय पर राशन उठाव व वितरण करें अन्यथा उनके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

### मझौलिया थाना अध्यक्ष निलंबित

बेतिया। पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रणव कुमार प्रवीण ने रविवार की देर शाम मझौलिया थाना का निरीक्षण किया जिसमें बताया गया कि लापरवाही के आरोप में मझौलिया थाना अध्यक्ष पुलिस निरीक्षक अशोक कुमार को निलंबित कर दिया गया। मौके पर पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा भी उपस्थित रहे।

### एइएस जागरुकता अभियान की प्रगति की डीएम ने की समीक्षा

मुजफ्फरपुर। एईएस ,चमकी बुखार पर प्रभावी नियंत्रण के मद्देनजर हर स्तर पर लगातार जागरूकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी मुजफ्फरपुर कुमार प्रणव कुमार की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में आज एक बैठक की गई ।बैठक में अभी तक विभिन्न विभागों द्वारा किए गए तैयारी विशेष कर जागरूकता अभियान की समीक्षा की गई। बैठक में समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अभियान को और गति देने का निर्देश दिया। दीवाल लेखन हैंडव्हील वितरण, वाहनों की टैगिंग,पोस्टर /पम्पलेट वितरण इत्यादि की समीक्षा की। बैठक में सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि सप्ताह में 2 दिन सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों के साथ वीसी के माध्यम से तैयारी का जायजा लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी पीएचसी का औचक निरीक्षण करना सुनिश्चित किया जाए। पंचायत स्तर पर टैग किये गए वाहनों का वेरिफिकेशन 21 तारीख तक हर हाल में करा लेना सुनिश्चित किया जाए ।पर्चा/पोस्टर वितरण पंचायत स्तर पर और टोले स्तर पर किया जा रहा है कि नहीं इसका अनुश्रवण प्रखंड विकास पदाधिकारी सीडीपीओ और चिकित्सा पदाधिकारी करना सुनिश्चित करेंगे।

# भाकपा माले एवं इंसाफ मंच ने मनाया राज्यव्यापी विरोध दिवस

गया, प्रात: किरण संवाददाता




पर्व-त्योहारों को भाजपा-आरएसएस व अन्य दंगाई संगठनों द्वारा मुस्लिम विरोधी हिंसा का मंच बना देने और उनके नफरती अभियान के खिलाफ भाकपा-माले व इंसाफ मंच के राज्यव्यापी विरोध दिवस के तहत आज गया में अम्बेडकर पार्क से टावर चौक तक विरोध मार्च निकाला गया। मार्च में शामिल कार्यकर्ता बिहार को साम्प्रदायिक हिंसा में झोंकने की साजिश नहीं चलेगी, शेरघाटी के नसीम शाह पर हमला करने वाले दंगाइयों पर कार्रवाई करो, नीतीश कुमार शर्म करो-अल्पसंख्यक प्रेम का ढोंग बंद करो के नारे लगा रहे थे। मार्च टावर चौक पर सभा में तब्दील हो गया जहां सभा को संबोधित करते हुए 'माले राज्य कमिटी सदस्य रीता वर्णवाल' ने कहा कि आरएसएस-भाजपा द्वारा 10 अप्रैल को रामनवमी के बहाने राज्य में की गई हिंसा बेहद चिंताजनक है। अभी तक प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गया, मुजफ्फरपुर, दरभंगा आदि जिलों से हिंसा की घटनाओं की खबरें मिली हैं। शेरघाटी में ई-रिक्शा चालक मो. नसीम शाह पर उनके धार्मिक पहचान को लेकर हमला किया गया। उन्हें जय श्रीराम का नारा लगाने के लिए बाध्य करते हुए बुरी तरह से पीटा गया।

मुजफ्फरपुर के पारू प्रखंड के काजी मोहम्मदपुर गांव में हिंदू पुत्र संगठन की साजिश के तहत वहां की मस्जिद पर भगवा झंडा फहराने का दुस्साहस किया गया। इसी जिले के कथैया थाना क्षेत्र के असवारी बंजरीया गांव की घटना है जहां रामनवमी की रात में 9 अप्रैल 2022 को कुछ हिन्दूवादी संगठन द्वारा ईदगाह के गुम्बद पर भगवा झंडा टांग दिया। दरभंगा जिले के घनश्यामपुर में दंगाइयों ने मुस्लिम समुदाय की आधा दर्जन दुकानों में तोड़-फोड़ की, सामान लूट लिए और पूरे इलाके में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण पैदा करने की कोशिश की।

ईसाफ मंच के आमीर तुफैल ने कहा कि पर्व-त्योहारों जैसे खुशी और आपसी सौहार्द के मौके को भाजपा-आरएसएस व दंगाई संगठनों द्वारा मुस्लिम विरोधी नफरत व हिंसा फैलाने के अवसर के तौर पर इस्तेमाल किया जा रहा है। जुलूस के दौरान पुलिस-प्रशासन की मौजूदगी में डीजे का इस्तेमाल करते हुए आपत्तिजनक व मुस्लिम समुदाय को अपमानित करने वाले गाने बजाए गए, व साम्प्रदायिक तनाव पैदा करने की कोशिश की गई। पूरे राज्य में यह मॉडल देखा गया। भाकपा-माले व बिहार की इंसाफपसंद जनता इसे कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। हिंसा प्रभावित लोगों व क्षेत्रों में भाकपा-माले की टीम ने जाकर हालात का मुआयना किया है। कार्यक्रम में आरवाइए राज्य उपाध्यक्ष तारिक अनवर, माले नेता रामचंद्र प्रसाद, बरती चौधरी, बच्चू सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता जामीन हसन, मो. साबिर, अजलान खान, फराज हाली, साकिब फराज सहित अन्य लोग शामिल थे।

**विरोध**

● पर्व-त्योहारों को भाजपा-आरएसएस व अन्य संगठनों द्वारा मुस्लिम विरोधी हिंसा का मंच नहीं बनने देंगे: माले

मुजफ्फरपुर के पारू में मस्जिद पर भगवा झंडा फहराने के मामले में स्थानीय भाजपा विधायक की भूमिका की जांच करो। सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाले संगठन हिंदू पुत्र की भूमिका की जांच कर कार्रवाई करो। पारू कांड के मुख्य अभियुक्त ऋषभ ठाकुर को अविलंब गिरफ्तार करो। दरभंगा के घनश्यामपुर में मुस्लिमों की दुकानों में तोड़-फोड़ करने वाले दंगाइयों पर कार्रवाई करो। घनश्यामपुर में जिनकी दुकानें तोड़ी गईं, उन्हें उचित मुआवजा प्रदान करो। शेरघाटी में धार्मिक पहचान को लेकर नसीम शाह पर हमला करने वाले दंगाइयों पर कार्रवाई करो। पर्व-त्योहारों को मुस्लिम विरोधी हिंसा का मंच बनाने के खिलाफ उठ खड़े हों। नीतीश कुमार शर्म करो, अल्पसंख्यक प्रेम का ढोंग बंद करो। नीतीश कुमार शर्म करो, भाजपा के सामने आत्मसमर्पण करना बंद करो। सांप्रदायिक उन्माद फैलाने वाली ताकतों को सबक सिखाओ।

# सांसद व विधायक ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत की साफ-सफाई



बगहा, प्रात: किरण संवाददाता

विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत अभियान के तहत सोमवार को राज्यसभा सांसद सतीश चंद्र दुबे एवं बगहा विधायक राम सिंह ने बगहा एक स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर में पूजा करके साफ सफाई किया है। गौरतलब हो कि पूरे विश्व में मानव सभ्यता से जुड़े ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए संयुक्त राष्ट्र की संघ के यूनेस्को की पहल पर एक अंतर्राष्ट्रीय संधि की गई जो विश्व के सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के हेतु प्रतिबद्ध है।

इस संधि को सन 1972 में लागू की गई, जिसमें प्रारंभ में मुख्यतः तीन श्रेणियों में धरोहर स्थलों को शामिल किया गया है। पहले वह धरोहर स्थल जो प्राकृतिक रूप से संबद्ध हो अर्थात प्राकृतिक धरोहर स्थल, दूसरे सांस्कृतिक धरोहर स्थल और तीसरा मिश्रित धरोहर स्थल। वर्ष 1982 में इकोमार्क नामक संस्था ने ट्यूनिशिया में अंतर्राष्ट्रीय स्मारक और स्थल दिवस का आयोजन कर सम्मेलन किया। सम्मेलन में यह बात उठी कि विश्व भर में किसी प्रकार के दिवस का आयोजन किया जाना चाहिए। यूनेस्को के महासम्मेलन में इसके अनुमोदन के पश्चात 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस के रूप में मनाने के लिए घोषणा की गई। उक्त अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सतीश वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी संजय पाण्डेय, जिला महामंत्री अचिन्त्य कुमार लल्ला, जिलामंत्री सह सांसद प्रतिनिधि रितु जायसवाल, दीपक राही, दीपू तिवारी, सुधीर चारसिया, दीपक गुप्ता, मोहन साहू, रौशन तिवारी, नगर अध्यक्ष विजय साहू, उपाध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव, रणधीर सिंह, रोहित चौधरी, विवेक यादव आदि भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# पीएचसी में नि:शुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया

रक्सौल, प्रात: किरण संवाददाता



शहर के मेन रोड स्थित पीएचसी में सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन स्थानीय विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा ने फीता काट कर किया। इस दौरान पीएचसी के डॉक्टरों के द्वारा विधायक श्री सिन्हा व अन्य को बुके देकर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य मेला में पीएचसी के द्वारा सभी बीमारियों के लिए अलग-अलग काउंटर लगाए गए थे।

जहां संबंधित विशेषज्ञ के द्वारा लोगों का इलाज किया गया व दवा की वितरण निशुल्क की गयी। पीएचसी प्रभारी डा. एस के सिंह ने बताया कि सरकार के निर्देश के अनुसार लोगों को जागरूक करने के लिए स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मेला के माध्यम से लोगों को बताया गया है कि पीएचसी में भी सभी बीमारियों के इलाज दवा का वितरण किया जाता है। उन्होंने बताया कि आज के स्वास्थ्य मेला कार्यक्रम में विभिन्न बीमारियों के 210 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया है व दवा का वितरण किया गया। जिस मरीज को जांच की आवश्यकता थी, उसका निशुल्क जांच भी किया गया। मौके पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. शरतचंद्र शर्मा, डा. अमित जयसवाल, डा. राजीव रंजन, डा. सेराज अहमद, डा. अजय कुमार, डा. हिमांशु शेखर, डा. विशाल कुमार, डा. दीपश्री, डा. प्रिया साह, डा. विमलेश कुमार, आयुष चिकित्सक डा. राजेंद्र सिंह, डा. जीवन चौरसिया, स्वास्थ्य प्रबंधक आशीष कुमार, बीएमसी अनिल कुमार सहित पीएचसी के सभी जीएनएम, एएनएम व कर्मी मौजूद थे।

# प्रवासी मवेशियों के जत्थों का आना शुरू

मुजफ्फरपुर, प्रात: किरण संवाददाता

जिले के कटरा ,औराई और गायघाट प्रखंडों के ग्रामीण इलाकों मे प्रवासी पशुपालकों का अपने मवेशियों के साथ आगमन शुरू हो गया है। इलाके के लोग इन्हें बथनियां कहते है। बथनिया शब्द का मायने होता है खेतो मे पशुओं समेत पशुपालकों का डेरा जमाना। वे यहां आसपास के क्षेत्रों में खेत-खलिहानों-बगानों-हरे घास वाले इलाकों आदि में डेरा जमाते और पशुपालन करते हैं। दक्षिण बिहार के पशुपालको के दल के साथ प्रवासी मवेशियों का झुंड आना शुरू हो गया है।

प्रवासी पशुपालकों के अनुसार गर्मी के शुरूआत के साथ हीं दक्षिण बिहार के इलाकों में भीषण गर्मी की वजह से पशुओं के पालन के लिये पेयजल,हरा पशुचारा आदि का भारी संकट उत्पन्न होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में दुधारू मवेशियों को परेशानी होती है। जिसके कारण से प्रत्येक साल रबी फसल के कटने और गर्मी की शुरूआत होने के साथ हीं प्रखंड एवं आसपास के इलाकों में प्रवासी पशुपालकों के दल के साथ दर्जनों या सैंकड़ों मवेशियों की संख्या वाली झुंडों का प्रखंड एवं आसपास के क्षेत्रों में आना शुरू हो जाता है ।रविवार को सैदपुर-पूसा-सखौरा के रास्ते मवेशियों के कई झुंडों का इलाके में आना शुरू हो गया। कई झंडू में पशुपालकों द्वारा पालतू मवेशियों को समूहों में क्षेत्र की सड़कों से लाते दिखे। सासाराम के त्रिवेणी चाचा, जहानाबाद के मनसुख समेत कई पशुपालकों ने बताया कि वे लोग गर्मी के महीने में अपने इलाके में मवेशियों के हरा चारा, पर्याप्त पेयजल आदि के संकट से जूझते रहते हैं। मवेशियों के खाने एवं रहने का संकट हो जाता है। महंगा सूखा चारा खिलाना सम्भव नहीं हो पाता है। ऐसे में दूध उत्पादन पर भी संकट उत्पन्न हो जाता है। ऐसी स्थिति में गर्मी का महीना शुरू होने के साथ ही वे लोग किसानों के समूह में मवेशियों को एक साथ झुंड बनाकर निकल जाते हैं। उत्तर बिहार के जिलों एवं प्रखंडों क्षेत्रों में टहलते हुए आगे बढ़ते चले जाते हैं।

**किसान और पशुपालक दोनों को होता है फायदाः**

जिस किसान के खेत या बगान में मवेशी को ये पशुपालक 2-3 दिन रखते हैं,मवेशियों का मल -मूत्र उनके खेतों में छोड़ देते हैं। जिसकी बाद में खेतों में जुताई कर जैविक खाद के रूप में किसान उसका उपयोग करते हैं। इससे उर्वरा शक्ति बढ़ती है और फसलें अच्छी होती हैं ।स्थानीय किसानों को बिना किसी लागत खर्च या परेशानी के खेतों में बिखरा हुआ गोबर जैविक खाद का रूप ले लेता है। प्रवासी पशुपालकों को आसान और निःशुल्क खेतों में ठहरने की जगह और पशुओं के लिये हरा चारा मिल जाता है। इच्छुक किसान परिवारों को बदले में पशुपालक मवेशियों के शुद्ध दूध भी उपलब्ध कराते हैं। स्थानीय किसानो और प्रवासी पशुपालकों के बीच एक अनाम रिश्ता भी कायम हो जाता है और किसान हर साल इस मौसम मे उनके आने का इंतजार करते हैं। स्थानीय किसान भी उन्हें हर सम्भव मदद करते हैं। प्रवासी पशुपालक आसपास के इलाकों में घूम-घूमकर गाय - भैंस का दूध और घी जरूरतमंद परिवारों में बेचकर नगद आमदनी भी कर लेते हैं जिससे वे प्रवास काल वे अपनी जरूरतें पूरी करते हैं और कुछ पैसे बचाकर अपने घर- परिवारों को भी भेजते हैं। जून-जुलाई में उत्तर बिहार में बरसात का मौसम आते ही वे लोग अपने गांव वापस होने लगते हैं। इसी तरीके से कुछ दूर चलने पर सुरक्षित ठिकानों पर ठहरते और रात्रि विश्राम करते हुए आगे बढ़ते चले जाते हैं।

# बिजली की तार के चपेट में आने से दो व्यक्ति की मौत

शेरघाटी, प्रात: किरण संवाददाता

● आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख मुआवजा की मांग की

रौशनगंज थाना क्षेत्र के पड़री गांव में सोमवार की अहले सुबह बिजली के 440 बोल्ट तार की चपेट में आने से दो व्यक्ति की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। मृत व्यक्ति की पहचान पड़री गांव निवासी जितेंद्र चौधरी और कृष्णा यादव के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दो व्यक्ति अपने फसल को देखने गए थे जहां 440 वोल्ट की गिरी तार उसे चपेट में ले लिया और जिससे दोनों व्यक्ति की मौत घटनास्थल पर ही हो गई।

इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने शेरघाटी इमामगंज मुख्य मार्ग बालासोत गाँव के समीप शव को रख कर मुआवजा की मांग कर रहे थे। जिससे सड़क घंटो बाधित रहा। घटना की सूचना पाकर रौशनगंज पुलिस ने अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मृतक के परिजनों को किसी तरह समझा-बुझाकर जाम पर काबू पाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गया मगध मेडिकल भेज दिया गया है। वही सड़क जाम की खबर सुन प्रखंड विकास पदाधिकारी अतुल प्रसाद एवं सीओ संजय प्रसाद की पहल पर परिवारिक लाभ और कबीर अंत्येष्टि की राशि दिए जाने पर संतुष्ट हुए। जब इस घटना की खबर प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी को मिली तो मृतक के परिजनों से मुलाकात कर संतावना दिया और मुआवजा दिलाने की बात कही। इधर रोशनगंज थाना के एसआई सियाराम पासवान ने बताया कि बिजली की चपेट में आने से दो व्यक्ति की मौत हुए हैं। कानूनी प्रक्रिया को पूरा करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। इधर मृतक के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

# लाट गांव के ग्रामीणों ने श्रमदान व चंदा इकट्ठा कर बनाई सड़क

बाराचट्टी, प्रात: किरण संवाददाता



बाराचट्टी प्रखंड के सूदूरवर्ती पतलुका पंचायत के लाट गांव के ग्रामीणों ने श्रमदान व चंदा कर करीब दो किलोमीटर सडक का निर्माण किया। लाट गांव के ग्रामीण कैलाश सिंह भोक्ता, बासुदेव सिंह, सुरेंद्र सिंह, समेत अन्य लोगों ने बताया कि हमारे गांव मे आने जाने के लिए कोई सडक नही है। हमलोगों के द्वारा सडक बनाने के लिए आवेदन विधायक , सांसद , मुखिया , जिला परिषद समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ बीडीओ को दिया। लेकिन सभी के द्वारा सडक बनाने का सिर्फ आश्वासन दिया गया। लेकिन आजतक सडक का निर्माण किन्हीं के द्वारा नही कराया गया। कुछ दिन पहले हाहेसाडी गांव के बगीचा मे लघु सिचाई सह अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री का कार्यक्रम किया गया था उस कार्यक्रम मे भी ग्रामीणों को आवेदन सडक बनाने के लिए दिया गया था । मंत्री व स्थानीय विधायिका ज्योति देवी के द्वारा आश्वासन दिया गया था कि बहुत जल्द सडक का निर्माण होगा। वह भी आश्वासन बन कर रह गया। वहीं ग्रामीण कैलाश सिंह ने बताया कि लाट गांव मे 90 प्रतिशत लोग अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों रहते हैं इसलिए इस गांव पर सरकार का भी ध्यान नही हैं। पतलुका पंचायत के उपमुखिया मंजू देवी ने बतायी कि ग्रामीणों के सहयोग से करीब दो किलोमीटर सडक का निर्माण श्रमदान व चंदा किए गए राशि से मिट्टी भर कर आज किया गया। सडक का निर्माण ग्रामीणों के द्वारा तीन दिनों से किया जा रहा था। वहीं सुरेंद्र सिंह भोक्ता ने कहा कि सडक का नही रहने से वर्षात के समय बहुत दिक्कत होता था। प्रसूति महिला को अस्पताल जाने भी बहुत दिक्कतों का सामना किया जाता था। सडक निर्माण होने से ग्रामीणों मे खुशी देखने को मिला।

# पूमरे मुख्यालय में मनी बाबा साहेब डॉ. भीमराव की 131वीं जयंती

हाजीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



भारत रत्न बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर जी की 131वीं जयंती के अवसर पर पूर्व मध्य रेल मुख्यालय हाजीपुर के वैशाली रेल प्रेक्षागृह में सोमवार को भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूमरे के सभी प्रधान विभागाध्यक्षों एवं उच्चाधिकारियों सहित यूनियन और एसोसिएशन के सदस्यों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित प्रधान मुख्य विद्युत इंजीनियर रमेश चंद्र तथा प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी जेकेपी सिंह सहित अन्य अतिथियों ने बाबा साहेब के विचारों, जीवन मूल्यों एवं आदर्शों आदि को रेखांकित करते हुए मानवता के प्रति उनके समर्पण एवं सामाजिक योगदान पर विचार व्यक्त किए। इस दौरान पूमरे एससी-एसटी एसोसिएशन अध्यक्ष महेंद्र कुमार एवं ईसीआरकेयू महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव ने बाबा साहब के आदर्शों एवं विचारों पर अपने उद्गार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन मुख्य कार्मिक अधिकारी आईआर सुरेश चंद्र श्रीवास्तव ने की। समारोह में यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारी और सदस्य सहित बड़ी संख्या में रेलकर्मी बाबा साहब को पुष्पांजलि देने के लिए उपस्थित थे ।

# जश्न-ए-टीका कोरोना वॉरियर्स सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

रक्सौल , प्रात: किरण संवाददाता




शहर के बैंक रोड स्थित मारवाड़ी पंचायती मंदिर में सोमवार को जश्न ए टीका कोरोना वॉरियर्स सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन दंडाधिकारी संतोष कुमार सिंह, जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. शरतचंद्र शर्मा, एसएमसी धर्मेंद्र कुमार, बीडीओ संदीप सौरभ, डंकन अस्पताल के चंदेश्वर प्रसाद, पीएचसी प्रभारी डा. एसके सिंह, सीडीपीओ रीमा कुमारी सहित अन्य सामाजिक संगठनों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान पीएचसी प्रबंधन के द्वारा आगंतुक अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। पीएचसी प्रभारी डा. एसके सिंह ने बताया कि जब कोरोना का कहर आया था तो अनुमंडल प्रशासन, अस्पताल के कर्मियों के साथ रक्सौल के सभी सामाजिक संगठन के लोगों के द्वारा भरपूर सहयोग किया गया था। उन्होंने बताया कि कोरोना मरीज को बेहतर सुविधा के लिए रक्सौल के एसआरपी अस्पताल के डॉ सुजीत कुमार व डंकन अस्पताल के द्वारा मरीजों के समुचित इलाज की गयी। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल प्रशासन के अधिकारी शहर के सामाजिक संगठन व मीडिया के लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान शहर के सामाजिक संगठन भारत विकास परिषद, चैम्बर ऑफ कॉमर्स, लायंस क्लब, स्वच्छ रक्सौल, गोविंद मस्करा चेरिटेबल ट्रस्ट, सरोकार मंच, सीमा जागरण मंच, बिहार प्रदेशिक मारवाड़ी सम्मेलन, अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन, राष्ट्रीय कैडेट कोर, मस्जिद के इमाम सहित अन्य संगठन के साथ पीएचसी के सभी जीएनएम, एएनएम सहित कोरोनाकाल में बेहतर सहयोग करने वाले कई लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# माहुरी वैश्य नवयुवक महामंडल की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक संपन्न

गया, प्रात: किरण संवाददाता



अखिल भारतीय माहुरी वैश्य नवयुवक महामंडल की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक नवादा में संपन्न हुई बैठक का उद्घघाटन नवादा जिला मंडल कारा के अधीक्षक व 2019 कौन बनेगा करोड़पति के विजेता श्री अजीत कुमार वैश्यकियार एवं श्री संतोष कुमार सेठ स्टेशन अधिक्षक कोडरमा ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पूरे देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न जिलों के मर्डल प्रतिनिधियों की उपस्थिति में गया बिहार से विकास कुमार (भाजपा वाणिज्य,बिहार प्रदेश क्षेत्रीय प्रभारी) को राष्ट्रीय महासचिव एवं पिंटू चरणपहाड़ी (भाजपा वाणिज्य जिला प्रभारी) को राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य बनाये जाने पर माहुरी वैश्य मंडल गया शहर उत्तरी अध्यक्ष कुमार शशि कंधवे, उपाध्यक्ष मुकेश एकघरा, जितेंद्र सेठ, सचिव विकास कुमार बरहपुरिया, कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार अठघरा, माहुरी वैश्य मंडल,मानपुर के अध्यक्ष संजीव कुमार लोहानी उपाध्यक्ष श्रीकांत कुमार सचिव सुधीर कुमार पप्पू कोषाध्यक्ष रितेश कुमार महामंडल नेता मुन्ना कुमार, माहुरी वैश्य मंडल वजीरगंज के अध्यक्ष दिनेश लोहानी, सचिव मनोज सेठ, दीपक एकघरा, माहुरी वैश्य मंडल फतेहपुर के अध्यक्ष रितेश कुमार चरणपहाड़ी, सचिव रमेश प्रसाद, कुंदन कुमार, माहुरी वैश्य मंडल खिजरसराय के बिट्टू माहुरी माहुरी वैश्य मंडल परैया के गोपाल तरवे, दिपू भदानी इत्यादि लोगों ने दोनो नेताओं को बहुत-बहुत बधाई व शुभकामना दिया है तथा नवयुवक महामंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजीत कुमार को धन्यवाद दिया है ।बधाई देने वाले समाजिक नेताओं ने कहा है कि दोनों लोगों को राष्ट्रीय नेतृत्व मे शामिल से माहुरी समाज का पुरे देश में राजनीतिक विस्तार होगा एवं राष्ट्रीय पटल पर माहुरी समाज मान सम्मान बढेगा।

- वही नवनियुक्त माहुरी वैश्य नवयुवक महामंडल के राष्ट्रीय महासचिव विकास कुमार ने बताया है कि पूरे देश के विभिन्न राज्यों के विभिन्न जिलों के मंडल से पहुंचे नवादा में प्रतिनिधियों के बीच कल की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक में मेरे द्वारा एक राजनीतिक प्रस्ताव पेश किया गया है जिसमें राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों से मांग किया गया है कि माहुरी समाज को जनसंख्या के आधार पर समाज के युवाओं को प्रतिनिधित्व उच्च पदों व दल व पार्टी के पदों पर स्थान दें साथ ही साथ संसद के दोनों सदनों, विधानमंडल के दोनों सदनों, निगमों, पंचायतों, सरकारी आयोग, बोर्ड, विश्वविद्यालय, विद्यालय एवं अन्य सरकारी संस्थान में सदस्य व प्रतिनिधि के रूप में मनोनयन करें तथा जिस संस्थान में चुनावी प्रक्रिया होता है वहां माहुरी समाज के युवाओं को टिकट व सिम्बल देकर मौका दें माहुरी समाज को राजनीतिक भागीदारी जनसंख्या के आधार पर नहीं मिलती है तो माहुरी समाज के युवा विरोध स्वरूप आगामी दिनों किसी भी साहसी कदम उठाने के लिए बाध्य होंगी लेकिन माहुरी समाज को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि माहुरी समाज के युवाओं को राष्ट्रीय व क्षेत्रीय दलों द्वारा उचित स्थान पर बैठाकर प्रतिनिधित्व देने का काम करेगी।

## विधान पार्षद सच्चिदानंद राय का किया गया अभिनंदन

**जहानाबाद।** सारण के नवनिर्वाचित विधान पार्षद सच्चिदानंद राय का शाहपुर पिंजौर गांव में सार्वजनिक अभिनंदन एवं स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहपुर गांव निवासी सच्चिदानंद सिंह ने किया। भाजपा द्वारा सही लोगों को, ईमानदार लोगों को विधानसभा, विधान परिषद, लोकसभा आदि में प्रतिनिधित्व नहीं किया जा रहा इसकी आलोचना की गयी। सभा को सम्बोधित करते हुए विधान पार्षद सच्चिदानंद राय ने कहा कि चमचागिरी को महत्व देकर भाजपा ने अपनी टांग में कुल्हाड़ी दे मारी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय नीतियों की श्री राय ने प्रशंसा की। उन्होंने जोर देकर कहा कि करोना काल में मोदी के नेतृत्व के कारण ही देश उबर पाने में सफल हो पाया। राय ने भाजपा के बिहार राज्य नेतृत्व की आलोचना करते हुए कहा कि ऐसा ही जारी रहा तो बिहार में भाजपा की लुटिया को डूबने से प्रधानमंत्री मोदी भी नहीं बचा पायेंगे। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

# बिहार राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

मुजफ्फरपुर, प्रात: किरण संवाददाता

● कहा, पोषाहार वितरण में अधिकारी पारदर्शिता बनाए रखें

राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष विद्यानंद विकल ने आज सर्किट हाउस में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान कार्यों की समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने आयोग के अन्तर्गत आने वाली जनवितरण, आंगनबाड़ी, मध्याह्न भोजन योजना से संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की।

उन्होंने खाद्य सुरक्षा को लेकर चलाये जा रहे योजनाओं में पारदर्शिता लाने एवं योजनाओं के सफल क्रियान्वयन को लेकर पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक में अध्यक्ष द्वारा एसएफसी के गोदामों की स्थिति ,उसकी क्षमता, वहां से उठाव एवं वितरण के कार्य इत्यादि की भी समीक्षा की गई। उन्होंने कहा अनाज का उठाव एवं वितरण इसे प्रभावी रूप से क्रियान्वयन कराना हमारा लक्ष्य है।

कहा कि आपूर्ति विभाग, शिक्षा विभाग से संबंधित मध्यान भोजन, एवं आई सी डी एस से संबंधित पोषाहार वितरण जैसी योजनाएं बहुत ही महत्वपूर्ण योजना है ।इसके क्रियान्वयन में पारदर्शिता हर-हाल में सुनिश्चित हो ।इसमें किसी भी तरह की गड़बड़ी पर जिम्मेदारी तय की जाएगी। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देश दिया कि खाद्यान्न से संबंधित योजनाओं का प्रचार- प्रसार किया जाए ताकि आम लोग इससे अवगत हो सके और इसका लाभ उठा सकें। राशन वितरण में गड़बड़ी करने वाले पीडीएस दुकानदारों पर कार्रवाई करने का निर्देश भी उनके द्वारा दिया गया।

उन्होंने पीडीएस दुकानों में राशन उठाव एवं वितरण की व्यवस्था दुरूस्त करने के साथ ही विद्यालयों में चल रहे मध्याह्न भोजन, आंगनबाड़ी केंद्रों में वितरीत किये जाने वाले पोषाहार आदि योजनाओं को लेकर भी पदाधिकारियों को निर्देश दिया। साथ ही योजनाओं की मोनेटरिंग को लेकर तत्पर रहने की बात कही। बैठक में उप विकास आयुक्त, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, आईसीडीएस के कार्यक्रम पदाधिकारी, मध्याह्न भोजन योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी सहित, एसएफसी के पदाधिकारी,प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी,गोदाम प्रबंधक आदि मौजूद थे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### पूर्वांकर की बिक्री बुकिंग 2021-22 में नौ प्रतिशत बढ़कर 2,406 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। रियल एस्टेट फर्म पूर्वांकर लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि वित्त वर्ष 2021-22 में उसकी बिक्री बुकिंग नौ प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,406 करोड़ रुपये हो गई। कंपनी ने बताया कि आवासीय संपत्ति की मांग बढ़ने के कारण यह तेजी आई। इससे पिछले वित्त वर्ष के दौरान पूर्वांकर की बिक्री बुकिंग 2,202 करोड़ रुपये थी। पूर्वांकर ने शेयर बाजार को बताया कि कुल बिक्री मात्रा 35.2 लाख वर्ग फीट रही, जिसका कुल बिक्री मूल्य 2,406 करोड़ रुपये है।

### जेएसपीएल का इस्पात उत्पादन मार्च तिमाही में बढ़ा

नई दिल्ली। जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड (जेएसपीएल) ने सोमवार को बताया कि मार्च 2022 को समाप्त तिमाही में उसका इस्पात उत्पादन दो प्रतिशत बढ़कर 21.1 लाख टन हो गया। कंपनी ने एक बयान में कहा कि जनवरी-मार्च में उसकी बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 20.7 लाख टन रही। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी ने रिकॉर्ड 81 लाख टन इस्पात उत्पादन किया, जबकि बिक्री 76.3 लाख टन रही। जेएसपीएल के प्रबंध निदेशक वी आर शर्मा ने कहा, हमारा लक्ष्य वित्त वर्ष 2022-23 में 90 लाख टन से अधिक उत्पादन करना है।

### एसबीआई ने आईएफएससी गिफ्ट सिटी शाखा के जरिए 50 करोड़ डॉलर जुटाए

मुंबई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को कहा कि उसने अपनी आईएफएससी गिफ्ट सिटी शाखा के जरिए 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर (3,800 करोड़ रुपये से अधिक) जुटाए हैं। बैंक ने एक बयान में कहा कि एसबीआई ने अपनी गिफ्ट सिटी शाखा के जरिए पहली बार विदेश से अमेरिकी डॉलर में सुरक्षित ओवरनाइट वित्तपोषण दर (एसओएफआर) से जुड़ा ऋण जुटाया है। यह सुविधा 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर के लिए है, जबकि इसमें 10 करोड़ डॉलर का ग्रीन शू विकल्प शामिल है। एसबीआई के प्रबंध निदेशक अश्विनी तिवारी ने कहा कि बेहद अच्छी कीमत पर सिंडिकेटेड ऋण जुटाने से विदेशी वित्तीय बाजारों में एसबीआई की प्रतिष्ठा का पता चलता है।

### लागत बढ़ने के चलते मारुति ने बढ़ाईं कीमतें

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने तत्काल प्रभाव से अपने सभी मॉडलों की कीमतों में वृद्धि की है। कंपनी ने सोमवार को कहा कि उसने लागत में बढ़ोतरी के चलते यह फैसला किया। कंपनी ने कहा कि सभी मॉडलों की कीमतों में औसतन 1.3 प्रतिशत (दिल्ली में शोरूम कीमत) बढ़ोतरी की गई है। एमएसआई ने छह अप्रैल को शेयर बाजार को बताया था कि कच्चे माल में तेजी के चलते उसके वाहनों की लागत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। एमएसआई ने जनवरी 2021 से मार्च 2022 तक अपने वाहनों की कीमतों में लगभग 8.8 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है।

# विश्व बैंक और आईएमएफ की बैठक में शामिल होंगी सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस-यूक्रेन संकट के बीच वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) की बैठकों में भाग लेने के लिए देर रात अमेरिका दौरे पर रवाना हो गईं। सीतारमण अमेरिका की आधिकारिक यात्रा के दौरान जी-20 देशों के वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों के साथ होने वाले बैठक में शामिल होंगी। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है।

वित्त मंत्रालय के जारी कार्यक्रम के मुताबिक वित्त मंत्री की आधिकारिक यात्रा 18 अप्रैल, 2022 से शुरू हो रही है। सीतारमण इस यात्रा के दौरान सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और सरकार की प्राथमिकता वाले अन्य क्षेत्रों में सक्रिय कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ मुलाकात करेंगी। इसके अलावा वित्त मंत्री इंडोनेशिया, दक्षिण कोरिया, श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका के वित्त मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकों में भी हिस्सा लेंगी। अमेरिका यात्रा के दौरान सीतारमण का विश्व बैंक के अध्यक्ष डेविड मेलपास से मिलने का कार्यक्रम है। वित्त मंत्री आईएमएफ के प्रबंध



- **सीतारमण इस यात्रा के दौरान सेमीकंडक्टर, ऊर्जा और सरकार की प्राथमिकता वाले अन्य क्षेत्रों में सक्रिय कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) के साथ मुलाकात करेंगी।**

निदेशक द्वारा आयोजित एक परिचर्चा में भी शामिल होंगी। इसके अलावा निर्मला सीतारमण वाशिंगटन स्थित थिंक-टैंक अटलांटिक काउंसिल के एक कार्यक्रम में शामिल होने के साथ-साथ स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी के शिक्षकों एवं छात्रों से भी संवाद करेंगी।

### बंगाल वैश्विक कारोबार सम्मेलन में ब्रिटेन का अब तक का सबसे बड़ा प्रतिनिधिमंडल हिस्सा लेगा

कोलकाता, एजेंसी

दुनियाभर के निवेशकों को आकर्षित करने के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले बंगाल वैश्विक कारोबारी सम्मेलन (बीजीबीएस) में ब्रिटेन से 49 वरिष्ठ अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल शामिल होगा। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि इस प्रतिनिधिमंडल में व्यवसायों, संस्थानों और विश्वविद्यालयों के शीर्ष लोग 20-21 अप्रैल को यहां बीजीबीएस में ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करेंगे।

एक विज्ञप्ति में कोलकाता में पदस्थ ब्रिटेन के उप-उच्चायुक्त निक लो के हवाले से कहा गया, ब्रिटेन के उप-उच्चायुक्त और ब्रिटिश काउंसिल कोलकाता बीजीबीएस में ब्रिटेन के अब तक के सबसे बड़े प्रतिनिधिमंडल को भेजेंगे।

लो ने कहा, पिछले वर्ष मई में दोनों देशों के प्रधानमंत्री 2030 की जिस रूपरेखा पर सहमत हुए थे उसमें ब्रिटेन और भारत के बीच कारोबार और निवेश में आमूलचूल परिवर्तन का वादा किया गया था। इसीलिए हम यहां पर हैं। मैं पश्चिम बंगाल में ब्रिटेन के निवेश और साझेदारी पार्टफोलिया को बढ़ाना चाहता हूं।

उन्होंने बताया कि ब्रिटेन की कंपनियां राज्य में मौजूदा निवेश में विस्तार करना चाहती है, नई कंपनियों ने भी इसमें काफी दिलचस्पी दिखाई है। विज्ञप्ति के मुताबिक दो दिवसीय कार्यक्रम में ज्यादा जोर शिक्षा, अनुसंधान, रचनात्मक अर्थव्यवस्था और सतत पर्यटन होगा।

### एसबीआई ने एमसीएलआर दर में 0.10 फीसदी का किया इजाफा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने ग्राहकों को बड़ा झटका दिया है। एसबीआई ने सोमवार को फंड की सीमांत लागत पर आधारित उधारी दरों (एमसीएलआर) में 0.10 फीसदी का इजाफा किया है। नई दरें 15 अप्रैल से लागू हो गई है। स्टेट बैंक की वेबसाइट के मुताबिक इस बदलाव के बाद एक रात की अवधि से तीन महीने तक के लिए एमसीएलआर की दरें 6.65 फीसदी से बढ़कर 6.75 फीसदी हो जाएंगी। वहीं, 6 माह के लिए यह दर बढ़कर 7.05 फीसदी हो जाएगा। एक वर्ष के लिए एमसीएलआर की दर 7.10 फीसदी होगा, जबकि दो और तीन साल के लिए एमसीएलआर दर बढ़कर क्रमशः 7.30 फीसदी और 7.40 फीसदी होगा। उल्लेखनीय है कि एसबीआई के एमसीएलआर दर में बढ़ोतरी से एक ओर जहां ईएमआई बढ़ जाएगी। वहीं, दूसरी ओर बैंक से होम या ऑटो लोन या पर्सनल लोन और भी महंगा हो जाएगा। इससे पहले बैंक ऑफ बड़ौदा ने एमसीएलआर दर में 0.05 फीसदी का इजाफा किया था।

## राजस्थान के श्रीगंगानगर में पेट्रोल की कीमत 123 रुपये प्रति लीटर पर पहुंची

जयपुर, एजेंसी

राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले में सोमवार सुबह पेट्रोल की कीमत बढ़कर 123 रुपये प्रति लीटर हो गई। जिसके बाद यह देश भर में सबसे महंगा पेट्रोल की कीमत वाला शहर बन गया। पेट्रोल पंप मालिकों ने पुष्टि की है कि अभूतपूर्व वृद्धि ने 80 प्रतिशत से अधिक पेट्रोल पंपों को बंद होने के कगार पर ला दिया है।

वास्तव में, यहां डीजल की कीमत 105.31 रुपये प्रति लीटर है, जो अभी भी भारत में सबसे अधिक कीमतों में से एक है। हालांकि, पड़ोसी राज्य पंजाब में पेट्रोल और डीजल क्रमशः 17 रुपये और 11 रुपये प्रति लीटर सस्ता है। राजस्थान के पेट्रोल उपभोक्ताओं को पंजाब के फिलिंग स्टेशनों पर लाइन लगाते देखा जा सकता है, जबकि श्रीगंगानगर में बहुत सीमित उपभोक्ता हैं।

श्रीगंगानगर जिला पेट्रोल पंप डीलर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष आशुतोष गुप्ता ने कहा कि वास्तव में, ईंधन लागत में इस भारी अंतर के प्रभाव के रूप में 80 प्रतिशत पेट्रोल पंप बंद होने के कगार पर हैं। उन्होंने कहा, हमारा जिला देश का सबसे महंगा पेट्रोल बेच रहा है। इसका कारण यह है कि इस



- **वास्तव में, यहां डीजल की कीमत 105.31 रुपये प्रति लीटर है, जो अभी भी भारत में सबसे अधिक कीमतों में से एक है।**

जिले से डिपो 500 किमी से अधिक दूर है और इसलिए लगभग 1,100 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे यहां अतिरिक्त लागत आती है।

गुप्ता ने आगे कहा, मैंने इस संबंध में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात की और उनसे पूछा कि क्या राज्य सरकार तीन महीने के लिए पेट्रोल डीजल की कीमतों को पंजाब के बराबर ला सकती है और प्रभाव की समीक्षा कर सकती है। अगर मुमकिन है, तो हम मॉडल जारी रख सकते हैं और यदि नहीं, तो इसे छोड़ दिया जाएगा।

## लगभग 25 हजार रुपये की कीमत में भारत आ रहा है सैमसंग गैलेक्सी एम53

नई दिल्ली, एजेंसी

सैमसंग ने सोमवार को कहा कि वह 22 अप्रैल को अपने अगले एम सीरीज स्मार्टफोन गैलेक्सी एम53 5जी लॉन्च करेगी, जिसकी कीमत लगभग 25,000 रुपये हो सकती है। गैलेक्सी एम53 5जी सेगमेंट-सर्वश्रेष्ठ 108 एमपी कैमरा, ऑटो डेटा स्विचिंग और एसएमोएलईडी डिस्प्ले के साथ आता है। कंपनी के मुताबिक, ऑटो डेटा स्विचिंग फीचर उपभोक्ताओं को कॉल या डेटा स्ट्रीमिंग के लिए सेकेंडरी सिम के जरिए कनेक्टेड रहने में मदद करता है। डिवाइस में एसएमओएलईडी प्लस डिस्प्ले होता है जबकि 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट वाला इंफिनिटी-ओ डिस्प्ले गोरिल्ला ग्लास 5 प्रोटेक्शन के साथ आता है और कंटेंट को ब्राइट और विविड बनाता है।

गैलेक्सी एम53 5जी भी ऑब्जेक्ट इरेजर, वीडियो कॉल इफेक्ट्स और फोटो रीमास्टर फीचर्स के साथ आता है। कंपनी ने कहा, वीडियो कॉल इफेक्ट्स आपको वीडियो कॉल के



दौरान अपनी पसंद बेकग्राउंड सेट करने की सुविधा देता है। उपभोक्ता फोटो रीमास्टर फीचर के साथ आप अपनी पुरानी या कम गुणवत्ता वाली तस्वीरों में भी जान डाल सकते हैं।

गैलेक्सी एम53 5जी इस साल सैमसंग की दूसरी एम सीरीज स्मार्टफोन है। इस महीने की शुरूआत में, सैमसंग ने देश में 6000 एमएएच की बड़ी बैटरी और 120 हट्र्ज एफएचडी प्लस डिस्प्ले के साथ गैलेक्सी एम33 5जी लॉन्च किया था। गैलेक्सी एम33 5जी की कीमत 6 जीबी प्लस 128 जीबी के लिए 18,999 रुपये और 8 जीबी प्लस 128 जीबी वेरिएंट के लिए 20,499 रुपये है। स्मार्टफोन में 120 हट्र्ज रिफ्रेश रेट के साथ 6.6-इंच एफएचडी प्लस डिस्प्ले है।

# हैदराबाद में चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देगी ढाका के साथ सीधी हवाई कनेक्टिविटी

हैदराबाद, एजेंसी

हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे ने सोमवार को हैदराबाद से ढाका के लिए इंडिगो की सीधी उड़ान सेवा शुरू करने के साथ अपने पोर्टफोलियो में एक और अंतर्राष्ट्रीय डेस्टिनेशन जोड़ा है। बांग्लादेश और तेलंगाना के बीच पर्यटन और अवकाश यात्रा को बढ़ावा देने के अलावा, सीधी उड़ानों से हैदराबाद के लिए चिकित्सा यात्रा को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

इंडिगो फ्लाइट 6ई 1931 दोपहर 12.45 बजे जीएमआर हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से रवाना होगी। ढाका से वापसी इंडिगो फ्लाइट 6ई 1932 शाम 6.50 बजे हैदराबाद पहुंचेगी। दो घंटे पैंतालीस मिनट की उड़ान जीएमआर हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे और ढाका के बीच सप्ताह में दो बार शनिवार और सोमवार को संचालित होगी। भारतीय पर्यटन मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, इलाज के लिए भारत आने वाले सभी अंतर्राष्ट्रीय चिकित्सा विजिटर्स में से लगभग 54 प्रतिशत बांग्लादेश से हैं। इस क्षेत्र में कुछ बेहतरीन चिकित्सा सुविधाओं के साथ, हैदराबाद बांग्लादेश के चिकित्सा पर्यटकों के लिए पसंदीदा स्थलों में से एक के रूप में उभरा है। शहर में चिकित्सा पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए, एयरलाइंस चिकित्सा पर्यटकों के लिए लोकप्रिय अंतर्राष्ट्रीय डेस्टिनेशन्स से जुड़ने वाले नए उड़ान मार्गों को जोड़ रही हैं। जीएचआईएएल के सीईओ, प्रदीप पणिकर ने कहा, हैदराबाद में घूमने के लिए कई पर्यटन स्थलों के अलावा, शहर चिकित्सा पर्यटन के लिए भी एक प्रमुख केंद्र रहा है। पिछले कुछ वर्षों में हमने अवकाश यात्रियों के साथ-साथ चिकित्सा पर्यटकों की भारी आमद देखी है। वहाँ हैदराबाद और ढाका के बीच सीधे संपर्क की एक बड़ी मांग है। यह नई कनेक्टिविटी न केवल बांग्लादेशियों को हमारे शहर और चिकित्सा सुविधाओं का पता लगाने की अनुमति देगी बल्कि हैदराबादियों को ढाका के अद्वितीय आकर्षण का अनुभव करने का मौका भी देगी।

हैदराबाद से ढाका के लिए इंडिगो की पहली सीधी उड़ान सेवा ने जीएमआर हैदराबाद अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे (जीएचआईएएल) लिमिटेड से दोपहर 12.45 बजे उड़ान भरी। इंडिगो के अधिकारियों और अन्य हितधारकों के साथ जीएचआईएएल के वरिष्ठ अधिकारियों ने उत्सव के माहौल के बीच पहली उड़ान को हरी झंडी दिखाई।

इंडिगो के मुख्य रणनीति और राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने कहा, हम भारतीय फार्मास्यूटिकल्स और जैव प्रौद्योगिकी के केंद्र को बांग्लादेश की सांस्कृतिक और आर्थिक राजधानी से जोड़ने वाली नई उड़ानें शुरू करने के फैसले से खुशी हो रही है। हैदराबाद ने पिछले कुछ हफ्तों में हवाई यातायात में महत्वपूर्ण सुधार देखा है। ढाका के यात्री देश के 70 से अधिक शहरों को जोड़ने के लिए हैदराबाद को हब के रूप में भी इस्तेमाल कर सकते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि ये उड़ानें दोनों देशों में उच्च यातायात, अवकाश और चिकित्सा पर्यटन को बढ़ावा देगी।

हैदराबाद देश का एकमात्र हवाईअड्डा है जहां सभी दस घरेलू एयरलाइंस उड़ान भरती हैं। समर-22 शेड्यूल के लिए इंटरनेशनल एयरलाइंस ने 20 अंतरराष्ट्रीय डेस्टिनेशन्स के लिए फ्लाइट स्लॉट दाखिल किए हैं। दायर किए गए अंतर्राष्ट्रीय ग्रीष्मकालीन स्लॉट पूर्व-कोविड समय का 103 प्रतिशत है। जीएचआईएएल ने कहा कि हैदराबाद से थाईलैंड और हांगकांग के लिए उड़ानें जल्द ही फिर से शुरू होंगी।

### पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव नहीं

**नई दिल्ली।** देश में सोमवार को भी जीवाश्म ईंधन की कीमत में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। तेल विपणन कंपनियों ने पिछले 12 दिनों में पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई परिवर्तन नहीं किया है। इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है। चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपये और डीजल की कीमत 100.94 रुपये पर बरकरार है। कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 115.12 रुपये प्रति लीटर और 99.83 रुपये प्रति लीटर है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थी। कंपनियों ने पिछले 25 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है। उल्लेखनीय है कि सोमवार लगातार 12वां दिन है, जब कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

## स्पाइसजेट 26 अप्रैल से नई घरेलू अंतरराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करेगी

मुंबई, एजेंसी

स्पाइसजेट 26 अप्रैल से अपने घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर अतिरिक्त नॉन-स्टॉप उड़ानें शुरू करेगी। विमानन कंपनी ने सोमवार को कहा कि वह नई एवं उभरती मांगों को पूरा करने के लिए नई उड़ानें शुरू करेगी।

चरणबद्ध रूप से शुरू की जा रही इन उड़ानों में अहमदाबाद को मस्कट से, मुंबई को ढाका से, कोझीकोड को जेद्दा और रियाद से तथा मुंबई को सऊदी अरब में रियाद और जेद्दा से जोड़ने वाली सेवाएं शामिल हैं।

स्पाइसजेट ने बताया कि घरेलू नेटवर्क में अहमदाबाद से गोवा, बागडोगरा और शिरडी के लिए नई उड़ानें शुरू की जाएंगी। इसके साथ




ही तिरुपति और गुवाहाटी को मुंबई से जोड़ा जाएगा। कंपनी ने कहा कि दिल्ली-जबलपुर, दिल्ली-लेह, अहमदाबाद-देहरादून, हैदराबाद-शिरडी, मुंबई-गोवा और मुंबई-श्रीनगर रूट पर उड़ानों की संख्या बढ़ाई जा रही है। सभी नई और अतिरिक्त उड़ानों के लिए बुकिंग पहले ही शुरू हो चुकी है। स्पाइसजेट की मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी शिल्पा भाटिया ने कहा कि इस पहल से आम यात्रियों के लिए सुविधा बढ़ेगी और साथ ही पर्यटन तथा स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा।

### अफगानिस्तान को 32 मिलियन डॉलर की मानवीय सहायता मिली

**काबुल।** अफगानिस्तान के केंद्रीय बैंक के अनुसार, मानवीय सहायता के रूप में देश को 32 मिलियन डॉलर की राशि मिली है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय ने युद्ध के बाद के देश को मानवीय सहायता प्रदान करना जारी रखा है। दा अफगानिस्तान बैंक (डीएबी) ने रविवार को ट्विटर पर कहा कि अफगानिस्तान को मानवीय सहायता की एक श्रृंखला के बाद, रविवार, 17 अप्रैल को 32 मिलियन डॉलर नकद की सहायता मिली है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, डीएबी ने स्थानीय बाजार में विदेशी मुद्रा डालने और देश की राष्ट्रीय मुद्रा अफगानी को स्थिर करने के लिए सोमवार को 13 मिलियन डॉलर की नीलामी की भी घोषणा की। डीएबी लगातार विदेशी मुद्रा के मुकाबले अफगानी के मूल्य को एक निश्चित और वांछनीय स्तर पर बनाए रखने की कोशिश कर रहा है।

## स्विगी, जोमैटो ने रेस्टोरेंट मैनेजमेंट प्लेटफॉर्म अर्बनपाइपर में किया निवेश

बेंगलुरु, एजेंसी

रेस्तरां प्रबंधन प्लेटफॉर्म अर्बनपाइपर ने सोमवार को घोषणा की कि उसने मौजूदा निवेशकों सेक्वॉया कैपिटल इंडिया और टाइगर ग्लोबल और नए निवेशकों स्विगी और जोमैटो के नेतृत्व में 24 मिलियन डॉलर जुटाए हैं।

मंच का लक्ष्य अपने उत्पाद और इंजीनियरिंग टीमों को बढ़ाने के लिए धन का उपयोग करना है और अगले दो वर्षों में वैश्विक स्तर पर 200,000 से अधिक रेस्तरां स्थानों में विस्तार करना चाहता है।

अर्बनपाइपर के सीईओ सौरभ गुप्ता ने कहा, इस निवेश के साथ, हम अपनी प्लेटफॉर्म क्षमताओं को मजबूत करने के साथ-साथ रेस्तरां पारिस्थितिकी तंत्र में कई और डिजिटल अवसरों को पूरा करने के लिए अर्बनपाइपेर की पेशकशों का विस्तार करना जारी रखेंगे। अर्बनपाइपर के उपयोगकर्ता आधार में मैकडॉनल्ड्स, पिज्जा हट, केएफसी, सबवे, क्योर फूड्स, टैको बेल, रिबेल फूड्स आदि जैसी रेस्तरां चेन हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि यह वर्तमान में भारत में हर महीने दिए जाने वाले सभी ऑनलाइन खाद्य आदेशों का 18 प्रतिशत से अधिक संसाधित करता है, और इसने पिछले दो वर्षों में 10 गुना वृद्धि हासिल की है।

रेस्तरां प्रबंधन मंच आठ देशों में 27,000 से अधिक रेस्तरां स्थानों में काम कर रहा है। अर्बनपाइपर के माध्यम से, रेस्तरां एग्रीगेटर्स को एक डैशबोर्ड पर एकीकृत कर सकते हैं और इसे अपने बिक्री के बिंदुओं से जोड़ सकते हैं जिसके परिणामस्वरूप ऑर्डर विफलता में 70 प्रतिशत की कमी आती है। यह वर्तमान में प्रति माह 14 मिलियन ऑर्डर संसाधित करता है, जो सालाना अनुमानित ऑर्डर मूल्य के लगभग यूएस 750 मिलियन डॉलर के बराबर है। स्विगी के सीईओ श्रीहर्ष माजेटी ने कहा, अर्बनपाइपर हमारे प्रमुख भागीदारों में से एक है जो हमें रेस्तरां के साथ सहजता से जुड़ने और उनके पॉइंट-ऑफ-सेल समाधानों के माध्यम से तेजी से विस्तार करने में सक्षम बनाता है। सेक्वॉया कैपिटल इंडिया के प्रिंसिपल श्रेयांश ठाकुर ने कहा, सेक्वॉया कैपिटल इंडिया अर्बनपाइपर टीम के साथ साझेदारी को और मजबूत करने के लिए उत्साहित है क्योंकि वे वैश्विक स्तर पर रेस्तरां को सशक्त बनाने के अपने मिशन पर आगे बढ़ रहे हैं और इस साझेदारी में जोमैटो और स्विगी का स्वागत करते हैं।

# वैश्विक दबाव में लुढ़का शेयर बाजार सेंसेक्स में 1200 अंक से ज्यादा की गिरावट

नई दिल्ली, एजेंसी

पिछले सप्ताह की तेज गिरावट के बाद आज शुरू हुए नए सप्ताह के पहले कारोबारी दिन भी घरेलू शेयर बाजार में जोरदार गिरावट का रुख बना हुआ है। शुरूआती कारोबार में शेयर बाजार 2 प्रतिशत से ज्यादा गिरकर कारोबार कर रहा है। बीएसई का सेंसेक्स अभी तक के कारोबार में 1,200 अंक से अधिक लुढ़क चुका है। इसी तरह एनएसई के निफ्टी में भी 325 अंक से अधिक की गिरावट आ चुकी है।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 1000.35 अंक की गिरावट के साथ 57,338.58 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में खरीदारों ने लिवाली करके शेयर बाजार को कुछ सहारा देने की कोशिश की, जिससे ये सूचकांक उछल कर 57,420.80 अंक के स्तर तक पहुंचा।

लेकिन इसके बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने बाजार में चौतरफा बिकवाली शुरू कर दी, जिसके कारण सेंसेक्स तेज गिरावट का शिकार हो गया। बाजार में जारी गिरावट के बीच हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली करके सेंसेक्स को सहारा देने



- **बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 1000.35 अंक की गिरावट के साथ 57,338.58 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की।**

की कोशिश भी की, लेकिन बिकवाली का दबाव इतना ज्यादा था कि ये सूचकांक संभल नहीं सका और लगातार गिरता चला गया। शुरूआती 1 घंटे के कारोबार के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 1,225.82 अंक की गिरावट के साथ 57,113.17 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी 292.20 अंक टूटकर 17,183.45 अंक के स्तर से आज के कारोबार की शुरूआत की। निफ्टी को भी शुरूआती कारोबार में खरीदारों की ओर से की गई लिवाली का सहारा मिला, जिसके कारण निफ्टी ओपनिंग लेवल से 52.30 अंक उछल कर 17,237.75 अंक के स्तर तक पहुंच गया। शुरूआती आधे घंटे के कारोबार के बाद शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो की ओर शुरू की गई तेज बिकवाली के कारण निफ्टी भी गोता लगाने के लिए मजबूर हो गया।

लगातार हो रही बिकवाली के कारण ये सूचकांक लगातार टूटता चला गया। शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 327.25 अंक की गिरावट के साथ 17,148.30 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। शेयर बाजार के जानकारों के मुताबिक दुनिया भर में लगातार बढ़ रही महंगाई और रूस पर लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों को और कड़ा किए जाने के संकेत की वजह से वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में दबाव की स्थिति बनी हुई है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शेयर बाजारों में आई गिरावट के दबाव के कारण आज घरेलू शेयर बाजार भी लगातार दबाव में ही कारोबार कर रहा है। सेक्टोरल फ्रंट पर देखें तो आईटी इंडेक्स अभी तक 4 प्रतिशत टूट चुका है, जबकि कैपिटल गुड्स शेयरों में 1 प्रतिशत की गिरावट बनी हुई है। इसके विपरीत शुरूआती कारोबार में मेटल इंडेक्स में मजबूती का रुझान नजर आ रहा है।

कमजोर ग्लोबल संकतों के बीच आज प्री ओपनिंग सेशन में भी शेयर बाजार ने कमजोरी के साथ शुरूआत की थी। बीएसई का सेंसेक्स 984.45 अंक यानी 1.69 प्रतिशत की गिरावट के साथ 57,354.48 अंक के स्तर पर था। वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 325.40 अंक यानी 1.86 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,150.30 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था।

इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी बुधवार को सेंसेक्स 237.44 अंक यानी 0.41 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 58,338.93 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 54.65 अंक यानी 0.42 प्रतिशत का गोता लगाकर 17,475.65 अंक के स्तर पर बुधवार के कारोबार का अंत किया था।

## क्यूआईपी से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल जमीन खरीदने, कर्ज भुगतान में करेगी इंडियाबुल्स

नई दिल्ली, एजेंसी

इंडियाबुल्स रियल एस्टेट ने सोमवार को कहा कि वह संस्थागत निवेशकों को शेयर जारी कर जुटाए गए 865 करोड़ रुपये का इस्तेमाल मुख्य रूप से जमीन अधिग्रहण और कर्ज के भुगतान के लिए करेगी। इंडियाबुल्स रियल एस्टेट लिमिटेड (आईबीआरईएल) सात मार्च को अपना पात्र संस्थागत नियोजन (क्यूआईपी) निर्गम लेकर आई थी जो 12 अप्रैल को बंद हुआ था।

कंपनी ने शेयर बाजारों को दी गई सूचना में कहा है कि उसने क्यूआईपी के जरिये 101.10 रुपये प्रति शेयर के भाव पर 865 करोड़ रुपये की पूंजी जुटाई है। इन शेयरों का सोमवार को बीएसई एवं एनएसई में कारोबार भी शुरू हो गया। बहरहाल क्यूआईपी के जरिये हिस्सेदारी बेचने से इंडियाबुल्स के मौजूदा प्रवर्तकों की हिस्सेदारी में कुल 15.8 फीसदी की कमी आई है।

आईबीआरईएल ने कहा, कंपनी के पास पर्याप्त नकदी है और क्यूआईपी से जुटाई गई राशि का इस्तेमाल भूमि अधिग्रहण, भूमि विकास अधिकार खरीदने, दीर्घकालिक कार्यशील पूंजी की जरूरत और कर्ज के भुगतान के लिए किया जाएगा। क्यूआईपी दौर में ऑथम इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, निप्पन लाइफ इंडिया ट्रस्टी लिमिटेड, कॉपथाल मॉरीशस इन्वेस्टमेंट लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनले एशिया (सिंगापुर), सोसायटी जनरल और बैली गिफॉर्ड पैसिफिक फंड ने शिरकत की।

आईबीआरईएल के गैर-कार्यकारी चेयरमैन एवं स्वतंत्र निदेशक के जी कृष्णमूर्ति ने कहा, हम मौजूदा भू-राजनीतिक चुनौतियों और अस्थिर बाजार के बीच निवेशक समुदाय से मिले समर्थन एवं विश्वास के लिए उनके आभारी हैं। मुंबई और एनसीआर क्षेत्र के रियल एस्टेट बाजार में मौजूदगी रखने वाली आईबीआरईएल एक सूचीबद्ध रियल एस्टेट कंपनी है और मध्यम आय से लेकर प्रीमियम एवं लग्जरी आवासीय खंड में सक्रिय है।

### वरुण बेवरेजेज के शेयरों के दाम रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचे

**नई दिल्ली।** वरुण बेवरेजेज के शेयरों के दाम सोमवार को रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गये।

गर्मी के मौसम में कोल्ड ड्रिंक और अन्य बेवरेज की मांग में उछाल के दम पर पिछले कुछ कारोबारी दिवस से कंपनी के शेयरों में लगातार तेजी देखी जा रही है। यह कंपनी बोतलबंद बेवरेज बनाती है और उसका वितरण करती है।

इसने पेप्सिको की फ्रेंचाइजी ली हुई है। दोपहर ढाई बजे के करीब कंपनी के शेयर 2.6 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,036 रुपये प्रति शेयर पर ट्रेड कर रहे थे, जो इसका सर्वकालिक उच्चतम स्तर है।

इस साल की शुरूआत से कंपनी के शेयरों में करीब 18 फीसदी का उछाल देखा गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### भारतीय ग्रैंडमास्टर गुकेश ने ला रोडा इंटरनेशनल टूर्नामेंट जीता

कास्टिला ला मंचा (स्पेन)। भारत के युवा ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने 48वां ला रोडा इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया है जिन्होंने नौ दौर में आठ अंक बनाये। चेन्नई के 15 वर्ष के गुकेश पूरे नौ दौर में अपराजेय रहे। उन्होंने आखिरी दौर में इस्राइल के विक्टर मिखालेवस्की को हराकर जीत दर्ज की। आर्मेनिया के हाइक एम मार्तिरोसियान 7.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहे। भारत के आर प्रज्ञानानंदा तीसरे स्थान पर रहे जिन्होंने सात अंक बनाये। भारत के ही रौनक साधवानी समेत चार अन्य के भी सात अंक थे लेकिन बेहतर टाइब्रेकर स्कोर के आधार पर प्रज्ञानानंदा को तीसरा स्थान मिला। साधवानी चौथे स्थान पर रहे। गुकेश ने सात बाजियां जीती और दो ड्रॉ रही। इनमें से एक ड्रॉ प्रज्ञानानंदा के खिलाफ खेला।

### सिटसिपास ने मोंटे कार्लो खिताब जीता

मोनाको। यूनान के स्टेफानोस सिटसिपास ने गैर वरीय अलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना को 6.3, 7.6 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स टेनिस खिताब फिर जीत लिया। कोरोना महामारी के कारण 2020 सत्र नहीं हुआ था और 2021 में दर्शकों के बिना यह टूर्नामेंट खेला गया था यानी अर्से बाद यहां दर्शकों की वापसी हुई है। दूसरे दौर में नोवाक जोकोविच को हराने वाले फोकिना का यह पहला एटीपी फाइनल था। पिछले साल फ्रेंच ओपन फाइनल में जोकोविच से हारने वाले सिटसिपास 2018 में रफेल नडाल के बाद मोंटे कार्लो खिताब बरकरार रखने वाले पहले चैम्पियन बन गए।

### लाहिड़ी आरबीसी हेरिटेज में संयुक्त 66वें स्थान पर

अमेरिका। भारत के अनिर्बान लाहिड़ी आखिरी दौर में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए आरबीसी हेरिटेज गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 66वें स्थान पर रहे। लाहिड़ी ने तीन ओवर 74 का स्कोर किया। उन्होंने प्लेयर्स चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन किया था जहां वह उपविजेता रहे जबकि टैक्सास ओपन में संयुक्त 13वें स्थान पर रहे। जोर्डन स्पियेथ ने पैट्रिक केंटले को हराकर खिताब जीता।

### सेविला को हराकर मैड्रिड स्पेनिश लीग खिताब के करीब

मैड्रिड। दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में करीम बेंजीमा के गोल की मदद से रीयाल मैड्रिड ने सेविला को 3.2 से हराकर तीन सत्र में दूसरी बार स्पेनिश लीग खिताब की ओर कदम रख दिया है। मैड्रिड ने पहले हाफ में चार मिनट के भीतर दो गोल गंवाये लेकिन दूसरे हाफ में वापसी करते हुए जीत दर्ज की। अब उसके पास 15 अंक की बढत हो गई है जबकि छह दौर बाकी हैं। मैड्रिड को बासीलौना से चुनौती मिल सकती है जिसके दो मैच बाकी हैं। तीसरे स्थान पर सेविला है जिसका अपराजेय अभियान खत्म हो गया। बेंजीमा का यह दस मैचों में 15वां गोल था।

### चेल्सी एफए कप के फाइनल में, लीवरपूल से होगा मुकाबला

लंदन। रूबेन लोफतुस-चीक और मेसन माउंट के द्वारा 11 मिनट के अंदर किये गये दो गोल से चेल्सी ने रविवार को एफए कप के सेमीफाइनल में क्रिस्टल पैलेस को 2-0 से हराकर फुटबॉल की सबसे पुरानी प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिता के फाइनल में जगह पक्की की। वेम्बले स्टेडियम में 14 मई को खेले जाने वाले फाइनल में उसका सामना लीवरपूल से होगा, जिसने शनिवार को मैनचेस्टर सिटी को 3-2 से हराया था। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद रूबेन ने 65वें मिनट में चेल्सी का खाता खोला जबकि माउंट ने 76वें मिनट में टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया। आठ बार की चैंपियन टीम जब फाइनल मुकाबले के लिए उतरेगी तब तक फ्रेंचाइजी को नया मालिक मिल जायेगा।

### जोस बटलर (103) ने जड़ा शानदार शतक, बटलर का यह मौजूदा सीजन में दूसरा शतक

# राजस्थान ने कोलकाता को दिया 218 रन का लक्ष्य

मुंबई, एजेंसी

2 बार की चैंपियन टीम कोलकाता नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच आईपीएल के 15वें सीजन का 30वां मुकाबला मुंबई के ब्रेबॉर्न स्टेडियम में खेला गया। कोलकाता के कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस जीतकर राजस्थान को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया था। राजस्थान ने जोस बटलर (103) के शानदार शतक की बदौलत निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 217 रन बनाए जिससे कोलकाता को जीत के लिए 218 रन का लक्ष्य मिला।

शिवम मावी के आखिरी (पारी के 19वें) ओवर की 5वीं गेंद पर करुण नायर को पैट कमिंस ने लपका। करुण महज 3 रन बना सके। रविचंद्रन अश्विन बल्लेबाजी को उतरे। रियान पराग ने लॉन्ग ऑन दिशा में शॉट खेला लेकिन पैट कमिंस ने उसे लपका। हालांकि उन्होंने बाउंड्री के पास गिरते हुए शिवम मावी की तरफ गेंद को फेंका और मावी ने भी कोई गलती नहीं की। रियान पराग 5 रन बनाकर आउट। करुण नायर बल्लेबाजी को उतरे। राजस्थान रॉयल्स ने 17 ओवर में 3 विकेट खोकर 189 रन बना लिए हैं। जोस बटलर को पैट कमिंस ने वरुण चक्रवर्ती के हाथों कैच कराया। राजस्थान रॉयल्स का तीसरा विकेट 183 के टीम स्कोर पर लगा। बटलर ने 61 गेंदों की अपनी पारी में 9 चौके और 5 छक्के जड़े। जोस बटलर ने पैट कमिंस की गेंद पर लॉन्ग ऑन दिशा में 90 मीटर लंबा छक्का जड़ा। इसी के साथ उनका निजी स्कोर 102 रन पहुंच गया। बटलर का यह मौजूदा सीजन में दूसरा शतक है जिसके लिए उन्होंने 59 गेंद खेलीं। जोस बटलर ने आंद्रे रसेल के पारी के 16वें ओवर की चौथी गेंद पर चौका जड़ा और अगली गेंद पर सिंगल से निजी स्कोर 96 रन पहुंचा दिया। 16 ओवर में राजस्थान ने 2 विकेट खोकर 174 रन बनाए। शिमरोन हेटमायर ने भी ओवर की अंतिम गेंद पर चौका लगाया।



राजस्थान रॉयल्स को दूसरा झटका 164 के टीम स्कोर पर लगा, जब आंद्रे रसेल ने कप्तान संजू सैमसन (38) को शिवम मावी के हाथों कैच करा दिया। संजू ने 19 गेंदों की अपनी पारी में 3 चौके और 2 छक्के जड़े।

**स्कोरकार्ड**


राजस्थान 217/5 (20.0)

| बल्लेबाज | R | B | 4s | 6s |
|---|---|---|---|---|
| जोस बटलर<br>कॉट वरुण चक्रवर्ती बोल्ड पैट कमिंस | 103 | 61 | 9 | 5 |
| देवदत्त पडिकल<br>बोल्ड सुनील नरेन | 24 | 18 | 3 | 1 |
| संजू सैमसन<br>कॉट शिवम मावी बोल्ड आंद्रे रसेल | 38 | 19 | 3 | 2 |
| शिमरन हेटमायर *<br>बल्लेबाजी | 22 | 11 | 1 | 2 |
| रियान पराग<br>कॉट शिवम मावी बोल्ड सुनील नरेन | 5 | 3 | 1 | 0 |
| करुण नायर<br>कॉट पैट कमिंस बोल्ड शिवम मावी | 3 | 5 | 0 | 0 |
| रविचंद्रन अश्विन<br>बल्लेबाजी | 2 | 2 | 0 | 0 |
| अतिरिक्त | 16 Runs (B: 3, LB: 6, WD: 6, NB: 1 | | | |
| कुल | 217/5 (20.0/) (RR: 10.85) | | | |

| गेंदबाजी | O | M | R | W |
|---|---|---|---|---|
| उमेश यादव | 4 | 0 | 44 | 0 |
| शिवम मावी | 4 | 0 | 34 | 1 |
| वरुण चक्रवर्ती | 2 | 0 | 30 | 0 |
| पैट कमिंस | 4 | 0 | 50 | 1 |
| सुनील नरेन | 4 | 0 | 21 | 2 |
| आंद्रे रसेल | 2 | 0 | 29 | 1 |

# श्रेयस अय्यर में कप्तानी के स्वाभाविक गुण: रवि शास्त्री

मुंबई, एजेंसी



कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान के रूप अपना प्रभाव छोड़ने वाले श्रेयस अय्यर को लेकर भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री कर मानना है कि मुंबई का यह खिलाड़ी स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता है। श्रेयस को आईपीएल 2022 से पहले केकेआर का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी दी गई थी। उनकी कप्तानी में टीम ने तीन मैचों में जीत हासिल की है जबकि इतने में ही उन्हें हार का सामना भी करना पड़ा। शास्त्री का दावा है कि जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ेगा श्रेयस कप्तान के तौर पर और बेहतर होते जाएंगे।

शास्त्री ने स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, कप्तानी श्रेयस (अय्यर) के लिए स्वाभाविक चीज है। उनकी आक्रामक कप्तानी को देखें, आपको लगेगा ही नहीं कि वह पहली बार केकेआर का नेतृत्व कर रहे हैं। ऐसा लगता है कि वह उनके पिछले तीन या चार सत्र टीम का नेतृत्व कर रहे है और यह बात उनके विचारों की स्पष्टता में दिखाई देती है। भारत के इस पूर्व हरफनमौला ने कहा, उनके दिमाग में यह बात साफ है कि उन्हें एक बल्लेबाज के रूप में किस तरह की क्रिकेट खेलने की जरूरत है। साथ ही, उन्हें पता है कि एक कप्तान के रूप में उन्हें अपनी टीम को प्लेऑफ में पहुंचाना और फिर खिताब जिताना है। शास्त्री ने कहा, मैच से पहले और बाद के संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने जिस तरह से बात की है, वह मुझे पसंद आया और इससे पता चलता है कि वह योजना को लेकर बिल्कुल स्पष्ट हैं। मुझे विश्वास है कि कप्तान के तौर पर वह एक लंबा सफर तय करेंगे।

वेस्टइंडीज के पूर्व क्रिकेटर इयान बिशप ने भी इस मुद्दे पर शास्त्री का समर्थन किया। बिशप ने कप्तान के तौर पर श्रेयस का समर्थन किया और कहा कि उनके पास एक अच्छा दिमाग है और केकेआर में मौजूद कुछ अनुभवी खिलाड़ियों का सहयोग और समर्थन भी प्राप्त है। बिशप ने कहा, मुझे लगता है कि लगातार दो हार हार झेलने के बावजूद, श्रेयस के लिए अपनी टीम के साथ जोरदार वापसी करना संभव है।

# जर्मनी के खिलाफ मिली दोनों जीत वास्तव में टीम के लिए अच्छी रही : अमित रोहिदास

भुवनेश्वर, एजेंसी

जर्मनी के खिलाफ अपने आखिरी होम लेग डबल हेडर से सभी छह अंक हासिल करने के बाद, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच प्रो लीग अंक तालिका में 12 मैचों में 27 अंकों के साथ शीर्ष पर अपनी बढ़त मजबूत कर ली है। भारत के पास अब दूसरे स्थान पर काबिज जर्मनी के साथ 10 अंकों का अंतर है।



अमित रोहिदास की अगुआई वाली भारतीय टीम ने पिछले हफ्ते जर्मनी के खिलाफ 3-0 और 3-1 से जीत दर्ज करके होम लेग का शानदार समापन किया। भारतीय टीम के प्रदर्शन पर कप्तान अमित ने कहा, जर्मनी के खिलाफ दूसरा मैच कठिन था। उन्होंने वास्तव में अच्छा खेला। मुझे लगता है कि हमारे पास फिनिशिंग में थोड़ी कमी है। मुझे लगता है कि यह वह क्षेत्र है जिसमें हमें आगे खेलते समय सुधार करने की आवश्यकता है। लेकिन, कुल मिलाकर दोनों जीत वास्तव में टीम के लिए अच्छी रही। इस बीच, भारतीय पुरुष टीम के मुख्य कोच ग्राहम रीड ने कहा, सबसे पहले, जर्मनी के खिलाफ पूर्ण अंक पाना हमारे लिए बेहतर रहा और मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि दोनों मैचों में हमारे खिलाड़ियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने आगे कहा, मैंने लड़कों से कहा कि इन दोनों खेलों से हमें सीखने के नजरिए से बहुत कुछ हासिल होगा। हमने खुद को छह अंक हासिल करने का लक्ष्य रखा है, और लगातार अंक प्राप्त करना हमेशा अच्छा होता है। लेकिन हम जर्मनी के खिलाफ पिछले दो मैचों को भी ऐसे देख रहे थे जैसे हम सेमीफाइनल और गोल्ड मेडल का मैच खेल हों। इसलिए, हमने खेल को कुछ महत्व देने की कोशिश की क्योंकि प्रो लीग में कभी-कभी एक चीज जो हमें याद आती है, वह है क्वार्टर या सेमी या फाइनल खेलने का अवसर।

बेल्जियम और नीदरलैंड जैसी टीमों के खिलाफ बचे चार मैचों को लेकर भारतीय मुख्य कोच ने कहा, हमारे पास जितने अंक हैं, वह हमारे द्वारा खेले गए खेलों की संख्या के कारण है, इसलिए हाँ, हम इस समय शीर्ष पर हैं।, लेकिन हमारे पास बेल्जियम और नीदरलैंड के खिलाफ चार मैच बचे हैं, और वे ही निर्धारित करेंगे कि हम कहां खड़े हैं।

# वेदांत माधवन ने डेनिश ओपन तैराकी में स्वर्ण जीता

नई दिल्ली, एजेंसी

अपना शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए भारत के उदीयमान तैराक वेदांत माधवन ने कोपेनहेगन में डेनिश ओपन में पुरूषों की 800 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। सोलह वर्ष के माधवन ने अपना निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 8:17.28 की टाइमिंग निकाली। उन्होंने स्थानीय तैराक अलेक्जेंडर एल ब्योर्न को 0.10 सेकंड से हराया। वेदांत ने इस स्पर्धा में भले ही स्वर्ण जीत लिया हो लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर से यह काफी पीछे है। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले अमेरिका के राबर्ट फिंके ने 7:41.87 का समय निकाला था। विश्व रिकॉर्ड 7:32.12 का है। मशहूर अभिनेता आर माधवन के बेटे वेदांत ने हालांकि अपने प्रदर्शन में काफी सुधार लाया है। उनका प्रदर्शन टूनामेंट दर टूनामेंट बेहतर होता जा रहा है। इससे पहले उन्होंने 1500 मीटर फ्रीस्टाइल में रजत पदक जीता और 200 मीटर फ्रीस्टाइल में अपना टाइमिंग दुरूस्त किया। भारत के अनुभवी तैराक साजन प्रकाश पुरूषों की 100 मीटर बटरफ्लाय ए के फाइनल में 54.24 सेकंड के साथ पांचवें स्थान पर रहे। वहीं तानिश जॉर्ज मैथ्यू सी फाइनल में 56.44 के साथ शीर्ष रहे। हीट्स के शीर्ष आठ तैराक ए फाइनल के लिये क्वालीफाई करते हैं। अगले आठ बी में और उसके अगले आठ सी में उतरते हैं। महिला वर्ग में शक्ति बालाकृष्णन 200 मीटर फ्रीस्टाइल में 42 तैराकों में 34वें स्थान पर रही।



# हमने अंतिम पांच ओवरों में अपनी योजनाओं पर अमल नहीं किया : रवीन्द्र जडेजा

पुणे, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस (जीटी) के खिलाफ पांचवीं हार का सामना करने के बाद निराश चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान रवींद्र जडेजा ने कहा कि उन्होंने शानदार शुरूआत की लेकिन उनकी टीम मैच के आखिरी पांच ओवर में अपनी योजनाओं पर अमल करने में नाकाम रही। डेविड मिलर के नाबाद अर्धशतक और राशिद खान की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत रविवार को यहां महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में गुजरात ने चेन्नई को तीन विकेट से हरा दिया। मैच के बाद जडेजा ने कहा, हमने शानदार ढंग से शुरूआत की। पहले छह ओवर एक गेंदबाजी इकाई के रूप में अच्छे थे, लेकिन क्रेडिट मिलर को दिया जाना चाहिए, उन्होंने कुछ अच्छे क्रिकेट शॉट्स खेले। जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे, विकेट धीमा था और गेंद रूक कर आ रही थी, इसलिए हमने माना कि 169 का स्कोर एक सम्मानजनक स्कोर था। मिलर के नाबाद 94 और कप्तान राशिद खान के 21 गेंदों में बनाए गए 40 रनों की विस्फोटक पारी की बदौलत गुजरात ने सीएसके को सात विकेट से हराया। गुजरात को अंतिम तीन ओवरों में 48 रन चाहिए थे, राशिद ने क्रिस जॉर्डन द्वारा फेंके गए 18वें ओवर में 3 छक्कों और एक चौके की बदौलत 25 रन बनाए। जिसके बाद गुजरात को अंतिम 12 गेंदों पर 23 रनों की जरूरत थी, जिसे गुजरात ने आसानी से बना लिया। जडेजा ने कहा, हमने अंतिम पांच ओवरों में अपनी योजनाओं पर अमल नहीं किया। मुझे लगता है कि क्रिस जॉर्डन अनुभवी हैं, इसलिए मैंने सोचा कि मुझे उनके साथ जाने दिया जाए। वह 4-5 यॉर्कर फेंक सकते हैं। दुर्भाग्य से, ऐसा नहीं हुआ।

# लखनऊ सुपर जाइंट्स और आरसीबी के बीच आईपीएल में वर्चस्व की लड़ाई

नवी मुंबई, एजेंसी

जीत के रथ पर सवार लखनऊ सुपर जाइंट्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर आईपीएल के मैच में आज भिड़ेंगे तो मुकाबला केएल राहुल और क्विंटोन डिकॉक के बल्ले और दिनेश कार्तिक तथा ग्लेन मैक्सवेल के धुआंधार फॉर्म के बीच होगा। लखनऊ ने पिछले मैच में मुंबई इंडियंस को और आरसीबी ने दिल्ली कैपिटल्स को हराया है। दोनों के छह मैचों में आठ अंक है और जीत की लय को वे कायम रखना चाहेंगे।

लखनऊ के खिलाफ आरसीबी को अपने शीर्षक्रम की बल्लेबाजी को दुरुस्त करना होगा। पहले मैच के बाद से कप्तान फाफ डु प्लेसी चल नहीं सके हैं और सलामी बल्लेबाज अनुज रावत भी लगातार फॉर्म में नहीं हैं। विराट कोहली का बल्ला भी खामोश है और अच्छे फॉर्म में दिखने के बावजूद वह बड़ी पारी नहीं खेल पा रहे हैं। मैक्सवेल के आने से बल्लेबाजी मजबूत हुई है। आस्ट्रेलिया के इस हरफनमौला ने दिल्ली के खिलाफ 34 गेंद में 55 रन बनाये थे। वहीं कार्तिक अपने दम पर टीम को मैच जिताते आ रहे हैं और एक फिनिशर की भूमिका उन्होंने बखूबी निभाई है। इस सत्र में विकेटकीपर बल्लेबाज कार्तिक का नया ही रूप देखने को मिला है। भारतीय टीम में वापसी की कोशिश में जुटे कार्तिक का बल्ला जमकर चला है जिसके दम पर आरसीबी लीग तालिका में शीर्ष चार में हैं। इंजीनियर से क्रिकेटर बने शाहबाज अहमद ने भी बल्लेबाजी में प्रभावित किया है। गेंदबाजी में जोश हेजलवुड ने दिल्ली के खिलाफ शानदार स्पैल डालकर मैच का रुख बदल दिया और आस्ट्रेलिया का यह तेज गेंदबाज इस फॉर्म को जारी रखना चाहेगा। श्रीलंका के लेग स्पिनर वानिंदु हसरंगा पर भी सभी की नजरें होंगे जबकि डैथ ओवरों के विशेषज्ञ हर्षल पटेल भी अपने प्रदर्शन की छाप छोड़ना चाहेंगे। दूसरी ओर लखनऊ के कप्तान राहुल 235 रन बना चुके हैं और बेहतरीन फॉर्म में हैं। उन्होंने मुंबई के खिलाफ शतक जमाया और सर्वाधिक रनों के मामले में राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर (272) से ही पीछे हैं।



**बल्लेबाजी**

- लखनऊ के खिलाफ आरसीबी को अपने शीर्षक्रम की बल्लेबाजी को दुरुस्त करना होगा

डिकॉक भी अच्छे फॉर्म में हैं जबकि युवा आयुष बदोनी, दीपक हुड्डा और कृणाल पंड्या बड़ी पारियां खेल सकते हैं। जैसन होल्डर और मार्कस स्टोइनिस टीम को मजबूती देते हैं। तेज गेंदबाज आवेश खान और स्पिनर रवि बिश्नोई पर भी सभी की नजरें होंगी।

# दिल्ली कैपिटल्स का विदेशी खिलाड़ी कोविड-19 जांच में पॉजिटिव, टीम की पुणे यात्रा में विलंब

मुंबई, एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स टीम के एक विदेशी खिलाड़ी के कोरोना वायरस संक्रमित पाये जाने के बाद फ्रेंचाइजी को इंडियन प्रीमियर लीग के अपने अगले मैच के लिए पुणे की यात्रा स्थगित करनी पड़ी। टीम को बुधवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के लिए पुणे रवाना होना था। समझा जाता है कि ऑस्ट्रेलिया के एक हरफनमौला खिलाड़ी में बीमारी के कुछ लक्षण दिखे, जिसके बाद रैपिड एंटीजन जांच का नतीजा पॉजिटिव आया।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सूत्र ने सोमवार को बताया, दिल्ली कैपिटल्स को आज पुणे की यात्रा करनी थी, लेकिन दल के सभी सदस्यों को अपने-अपने कमरे में ही रुकने के लिए कहा गया है। यह पता लगाने के लिए आरटी पीसीआर किया जा रहा है कि दल में कोविड-19 का कोई प्रकोप तो नहीं है या यह पैट्रिक फरहार्ट जैसा इकलौता मामला है। समझा जाता है कि सहयोगी स्टाफ के एक अन्य सदस्य में भी इसके लक्षण हैं लेकिन उसके आरटी-पीसीआर जांच के नतीजे का इंतजार है। सूत्र ने कहा, सभी टीमें पुणे के कोनराड होटल में ठहरी हुई हैं, जहां बीसीसीआई ने बायो-बबल बनाया है। दिल्ली कैपिटल्स को यात्रा करनी थी, लेकिन अब इसमें देरी हो गई है। जाहिर है कि जांच में जिनके परिणाम नेगेटिव होंगे वे कल आगे की यात्रा पर जाएंगे। टीम फिजियो फरहार्ट के पिछले सप्ताह जांच में पॉजिटिव आये थे।



**कोविड**

- जांच में जिनके परिणाम नेगेटिव होंगे वे कल आगे की यात्रा पर जाएंगे

टीम के एक सूत्र ने कहा, हमें आज यहां से रवाना होना था, लेकिन अगली सूचना तक कमरे में रहने के लिए कहा गया है। आईपीएल बायो-बबल के बाहर कोविड-19 के मामले बढ़ने लगे है। बायो-बबल के अंदर भी वायरस का खतरा भी बढ़ गया है। पिछले सत्र में कोरोना वायरस की दूसरी लहर के बीच टूर्नामेंट को स्थगित करना पड़ा था। इसे सितंबर-अक्टूबर में यूएई में पूरा किया गया।

# भारत की महिला सॉफ्टबॉल टीम एशियाई खेलों में करेगी पदार्पण

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय महिला सॉफ्टबॉल टीम वाइल्ड कार्ड मिलने के बाद हांगझोऊ में आयोजित होने वाले आगामी एशियाई खेलों में पदार्पण करेगी। भारतीय हैंडबॉल संघ ने सोमवार को यह जानकारी साझा करते हुए बताया कि सॉफ्टबॉल एशिया ने 23 फरवरी को अपनी कार्यकारी समिति की बैठक के दौरान भारतीय टीम की वाइल्डकार्ड प्रविष्टि को मंजूरी दी थी। भारतीय सॉफ्टबॉल संघ की अध्यक्ष नीतल नारंग ने कहा, वाइल्ड कार्ड के जरिये एशियाई खेलों में महिला टीम का प्रवेश वास्तव में भारत में सॉफ्टबॉल के लिए एक मील का पत्थर है। हांगझोऊ खेलों से हमें महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने और उन्हें तैयार करने का एक अवसर मिलेगा क्योंकि सभी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में महिलाओं की श्रेणी शामिल है।

उन्होंने कहा, एशियाई खेलों में प्रदर्शन करना हमारा पहला कदम है। इससे हमारी जिम्मेदारी और बढ़ेगी क्योंकि हम 2028 के लॉस एंजिल्स ओलंपिक से पहले एक मजबूत टीम बनने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से और अधिक सहयोग मिलने की उम्मीद जतायी। सॉफ्टबॉल तोक्यो ओलंपिक का हिस्सा था और 2028 के लॉस एंजिल्स खेलों में भी शामिल होगा।

# रॉब की इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम का प्रबंध निदेशक नियुक्त

लंदन, एजेंसी

ब्रॉडकास्टिंग के क्षेत्र में अपने एक सफल करियर के बाद केंट व इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज रॉब की को इंग्लैंड की पुरुष क्रिकेट टीम का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है। वह तत्काल ही पदभार ग्रहण करेंगे। इसके लिए उन्हें स्काय स्पोर्ट्स के साथ अपने काम से त्यागपत्र देना होगा।

अब रॉब इंग्लैंड क्रिकेट टीम की रणनीति और उसके प्रदर्शन के प्रति जवाबदेह होंगे। इसके साथ ही वह मौजूदा अंतरिम मैनेजिंग डायरेक्टर ऐंड्रयू स्ट्रॉस द्वारा शुरू की गई उच्च कोटि के प्रदर्शन की समीक्षा को सुनिश्चित करने में भी अहम भूमिका अदा करेंगे। भले ही रॉब अतीत में किसी प्रशासनिक पद पर नहीं रहे हैं, इसके बावजूद वह इस पद के प्रबल दावेदारों में से एक थे। रिपोर्ट्स के मुताबिक इस रेस से मार्कस नॉर्थ के बाहर होने ने रॉब के मार्ग को और प्रशस्त कर दिया। रॉब ने ऐसे वक्त में पदभार संभाला है, जब इंग्लैंड क्रिकेट टीम उधेड़बुन की स्थिति से गुजर रही है। जो रूट ने हाल ही में इंग्लैंड की टेस्ट कप्तानी छोड़ी है। रॉब के सामने सबसे बड़ी चुनौती इंग्लैंड क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच की नियुक्ति है। अपनी नियुक्ति को लेकर रॉब ने कहा, ₹इस भूमिका का मिलना निश्चित तौर पर मेरे लिए गौरव की बात है। इंग्लैंड पुरुष क्रिकेट टीम के आगामी दौर को स्वर्णिम दौर बनाने के लिए मैं भरपूर प्रयास करूंगा। स्काय के साथ बिताए क्षणों का मैंने बहुत लुत्फ उठाया। कभी सोचा नहीं था कि इस अभूतपूर्व अवसर के लिए मुझे स्काय का साथ छोड़ना होगा। मैं व्यक्तिगत तौर पर ब्रायन हेंडरसन और उनकी पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करना चाहता हूं। रॉब ने इंग्लैंड क्रिकेट टीम के मौजूदा हालात पर अपने विचार प्रकट करते हुए कहा, ₹भले ही इस समय इंग्लैंड क्रिकेट टीम चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रही है। लेकिन मेरे लिए याद रखने के लिए यह एक रोचक समय है।



मैं इंग्लैंड टीम को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सबको साथ लाने का प्रयास करूंगा।₹ रॉब स्ट्रॉस की बागडोर को अपने हाथों में संभालेंगे। ऐशेज में मिली 0-4 की करारी हार के बाद पहले एश्ले जाइल्स की बर्खास्तगी और कैरेबियाई धरती पर मिली एक और हार के बाद रूट के कप्तानी से विदा लेने के बाद रॉब पदभार ग्रहण करने जा रहे हैं। टेस्ट श्रृंखला में इंग्लैंड लगातार खराब प्रदर्शन कर रही है। पिछली पांच सीरीज में वह एक भी मर्तबा जीत हासिल नहीं कर पाई है। इतना ही नहीं, विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में भी वह अंतिम पायदान पर है।

स्ट्रॉस ने कहा है कि उच्च कोटि के प्रदर्शन की समीक्षा का लक्ष्य इंग्लैंड को हर फॉर्मैट की टॉप बनाने का होगा। हालांकि इस संबंध में अभी और विस्तृत जानकारी आना बाकी है। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी टॉम हैरिसन ने रॉब की नियुक्ति पर बात करते हुए उनके अंदाज की सराहना की है। हैरिसन ने कहा, ₹अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू स्तरीय खेल के प्रति उनकी समझ और खेल के प्रति उनका जुनून काबिल-ए-तारीफ है। मुझे पूरी उम्मीद है कि टीम के खिलाड़ी और स्टाफ को रॉब के साथ काम करने में बहुत आनंद आएगा।₹

# हरियाणा ने सीनियर महिला टी20 चैम्पियनशिप में पंजाब को हराया

रांची, एजेंसी

कप्तान शेफाली वर्मा के 23 गेंद में 50 रन की मदद से हरियाणा ने सीनियर महिला टी20 चैम्पियनशिप में पंजाब को तीन विकेट से हरा दिया। हरमनप्रीत ने 38 गेंद में नाबाद 64 रन बनाकर पंजाब को 20 ओवर में तीन विकेट पर 155 रन तक पहुंचाया। हरियाणा ने चार गेंद बाकी रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

शेफाली ने अपनी पारी में सात चौके और तीन छक्के जड़े। वहीं सुमन गूलिया ने 25 गेंद में 31 और मानसी जोशी ने 16 गेंद में नाबाद 25 रन बनाये। राजकोट में गत चैम्पियन रेलवे ने हिमाचल प्रदेश को 64 रन से हराया। एस मेघना के 40 गेंद में 47 और स्वागतिका रथ के 44 गेंद में 69 रन की मदद से रेलवे ने चार विकेट पर 181 रन बनाये। नियमित कप्तान मिताली राज ने यह मैच नहीं खेला जिनकी जगह स्नेह राणा ने कप्तानी की। जवाब में हिमाचल की टीम 19.2 ओवर में 117 रन पर आउट हो गई।



देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com
@Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com
@Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें

### पश्चिमी यूक्रेन के ल्वीव शहर में मिसाइल हमलों से कई विस्फोट

कीव। पश्चिमी यूक्रेन के ल्वीव शहर में सोमवार तड़के संभवतः मिसाइल हमलों के कारण कई विस्फोट हुए। प्रत्यदर्शियों ने यह जानकारी दी। ल्वीव और पश्चिमी यूक्रेन के बाकी हिस्से, देश के अन्य हिस्सों की तुलना में रूसी आक्रमण में कम प्रभावित हुए हैं और अभी तक शहर को अपेक्षाकृत सुरक्षित आश्रय माना जाता रहा था। ल्वीव के मेयर एंड्री सदोवी ने सोशल मीडिया मंच फेसबुक पर बताया कि शहर पर पांच मिसाइलें दागी गईं और आपात सेवाएं कर्मी मौके पर मौजूद हैं। विस्तृत जानकारी जल्द दी जाएगी।

### अब तक यूक्रेन के 470 से अधिक ड्रोनों को किया गया नष्ट : रूस

मास्को। रूस ने यूक्रेन में सैन्य अभियान शुरू होने के बाद से यूक्रेन के 470 से अधिक ड्रोन नष्ट करने का दावा किया है। रूस के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनाशेनकोव ने रविवार को कहा कि सैन्य अभियान की शुरूआत के बाद से कुल मिलाकर 136 विमान, 471 मानव रहित हवाई वाहन, 249 एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइल सिस्टम, 2,308 टैंक और अन्य बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, 254 मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम, 998 फील्ड आर्टिलरी बंदूकें और मोर्टार तथा 2,171 विशेष सैन्य वाहनों को नष्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि रूसी रॉकेट बलों और तोपों ने चार यूक्रेनी कमांड पोस्ट, चार तोपखाने बैटरी, दो ईंधन डिपो और 100 से अधिक अन्य यूक्रेनी लक्ष्यों को भेदा है। उल्लेखनीय है कि रूस ने 24 फरवरी को यूक्रेन में अपना सैन्य अभियान शुरू किया है।

### अफगानिस्तान में हवाई हमलों में मरने वालों की संख्या 44 हुई

काबुल। अफगानिस्तान के पूर्वी प्रांत खोस्त में पाकिस्तान की ओर से किये गये हवाई हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 44 हो गई है। अफगानिस्तान के प्रांतीय स्वास्थ्य विभाग के एक सूत्र ने यह जानकारी दी है। अफगानिस्तान समाचार एजेंसी खामा प्रेस ने शनिवार को बताया था कि अफगानिस्तान के खोस्त और कुनार प्रांतों में हवाई हमले में कई लोगों की मौत हुयी है। इन हमलों में कुल 39 लोगों की जान गई है, जिनमें पांच बच्चे और एक महिला शामिल है। वहीं अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी ने हवाई हमलों पर विरोध दर्ज कराने के लिए काबुल में पाकिस्तान के राजदूत को तलब किया है। सूत्र ने रविवार को बताया कि हवाई हमले में मारे गए कुछ लोगों का अभी पता नहीं चल पाया है।

### अमेठी सड़क हादसे में हुई मौतों पर प्रधानमंत्री ने जताया शोक

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तर प्रदेश के अमेठी जिले में बारातियों से भरी एक जीप और एक ट्रक के बीच भीषण टक्कर के कारण हुई जनहानि पर सोमवार को गहरा शोक जताया और इस हादसे में घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। पीएमओ ने एक ट्वीट में कहा, उत्तर प्रदेश में अमेठी के गौरीगंज में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। जान गंवाने वालों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। इसके साथ ही घायल लोगों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। रविवार रात अमेठी जिले के गौरीगंज क्षेत्र में बाबूगंज सगरा आश्रम के पास बारातियों से भरी एक जीप और एक ट्रक के बीच हुई भीषण टक्कर में छह लोगों की मौत हो गयी तथा चार अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये।

# हमारे खिलाफ "कोई छोटा सा कदम" उठाने पर भी इजराइल को भुगतना पड़ेगा अंजाम : ईरान

तेहरान, एजेंसी

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने सोमवार को चेतावनी दी कि अगर इजराइल उनके देश के खिलाफ कोई छोटा सा कदम भी उठाता है, तो ईरानी सशस्त्र बल उसे निशाना बनाएंगे। उन्होंने यह बात तब कही जब ईरान की परमाणु क्षमताओं पर लगाम लगाने के लिए एक समझौते पर बातचीत रुकी हुई है। ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम का शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए उपयोग करने का दावा करता है। इजराइल, यह कहते हुए समझौते का विरोध करता है कि यह ईरान के परमाणु कार्यक्रम या पूरे क्षेत्र में उसकी सैन्य गतिविधियों को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। इजराइल के अधिकारियों ने कहा है कि वे अपने देश की रक्षा के लिए एकतरफा कदम उठाएंगे। रायसी ने ईरान के सशस्त्र बलों की वार्षिक परेड में एक भाषण के दौरान सीधे इजराइल को संबोधित किया।

तेल अवीव का जिक्र करते हुए रायसी ने कहा, यदि आप ईरान के खिलाफ कोई छोटे से छोटा कदम भी उठाते हैं, तो हमारे सशस्त्र बलों का निशाना जायनी (यहूदीवादी) शासन



- तेल अवीव का जिक्र करते हुए रायसी ने कहा, यदि आप ईरान के खिलाफ कोई छोटे से छोटा कदम भी उठाते हैं, तो हमारे सशस्त्र बलों का निशाना जायनी (यहूदीवादी) शासन का केंद्र होगा।

का केंद्र होगा। रायसी ने विस्तार से नहीं बताया, लेकिन कहा कि ईरान इजराइल के हर कदम पर बारीकी से नजर रखता है। ईरान ने 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद से इजराइल को मान्यता नहीं दी है। इस क्रांति ने पश्चिम समर्थक राजशाही को हटा दिया और इस्लामवादियों को सत्ता में पहुंचाया। यह हमास और हिजबुल्लाह जैसे इजराइल विरोधी आतंकवादी समूहों का समर्थन करता है। रायसी ने कहा कि ईरान की सैन्य शक्ति एक प्रतिरोधक है। उन्होंने कहा कि तेहरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर देश पर वर्षों से लगाए गए प्रतिबंधों के बावजूद सेना अपनी क्षमताओं में सुधार करने में सफल रही है। सोमवार की परेड में जेट लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टर, ड्रोन और वायु रक्षा प्रणालियों के साथ-साथ सैन्य टैंक, मिसाइल और नौसेना के जहाजों का प्रदर्शन किया गया।

इजराइल ने हाल के वर्षों में फारस की खाड़ी में पड़ोसी अरब देशों के साथ संबंधों में सुधार किया है, जिससे ईरान के नेता नाराज हैं। तेहरान ने अपने परमाणु स्थलों की तोड़फोड़ और अपने परमाणु वैज्ञानिकों की हत्याओं के लिए इजराइल को भी दोषी ठहराया है। परमाणु समझौता चार साल पहले टूट गया था जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने देश को इस समझौते से अलग करते हुए ईरान पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए थे। इस बीच, ईरान ने अपने परमाणु कार्य का व्यापक विस्तार किया है।

### यूक्रेन युद्ध के अगले चरण में शामिल होने को तैयार हैं सीरियाई लड़ाके

**बेरूत।** यूक्रेन के विभिन्न शहरों में लगातार हमले कर रहे रूसी सैनिकों की मदद के लिए कुछ सीरियाई लड़ाके भी इस युद्ध में शामिल होने की योजना बना रहे हैं। दरअसल, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2017 में सीरिया की अपनी यात्रा के दौरान सीरियाई सेना के एक जनरल की प्रशंसा करते हुए कहा था कि भविष्य में सीरिया और रूसी सेना के सहयोग से बड़े उद्देश्यों को पूरा किया जा सकता है। सीरियाई सेना के इस जनरल ने देश में लंबे समय से चल रहे गृहयुद्ध में विद्रोहियों को हराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। पुतिन का वह वक्तव्य अब सही साबित होता दिखाई दे रहा है और ब्रिगेडियर जनरल सुहेल अल-हसन की टुकड़ी के सैकड़ों सीरियाई लड़ाके रूसी सैनिकों की ओर से यूक्रेन में कथित तौर पर लड़ने के लिए तैयार हैं। सीरिया के रेगिस्तान में इस्लामिक स्टेट के खिलाफ वर्षों तक लड़ाई लड़ने वाले सीरियाई सैनिकों, पूर्व विद्रोहियों और अनुभवी लड़ाकों को यूक्रेन में रूसी सेना की मदद के लिए भेजा जा सकता है। रूस के अधिकारियों ने युद्ध की शुरूआत में दावा किया था कि पश्चिम एशिया से 16 हजार से अधिक लड़ाकों ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में शामिल होने की इच्छा जताते हुए प्रशिक्षण के लिए आवेदन किया है। हालांकि, विश्लेषकों का कहना है कि रूस पूर्वी यूक्रेन में बड़े पैमाने पर हमले के साथ युद्ध के अगले चरण की तैयारी कर रहा है।

# श्रीलंका के राष्ट्रपति ने 17 मंत्रियों की नयी कैबिनेट का गठन किया

कोलंबो, एजेंसी



- देशभर में हजारों लोग आपातकाल और कर्फ्यू की अवहेलना करते हुए सरकार की निंदा करने के लिये सड़कों पर उतर आए थे, जिसके बाद प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को छोड़कर मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था।

श्रीलंका के राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने सोमवार को 17 मंत्रियों की नयी कैबिनेट का गठन किया, जिसमें उनके भाई प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे, राजपक्षे परिवार की ओर से एक मात्र सदस्य हैं। इस महीने की शुरूआत में देशभर में हजारों लोग आपातकाल और कर्फ्यू की अवहेलना करते हुए सरकार की निंदा करने के लिये सड़कों पर उतर आए थे, जिसके बाद प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे को छोड़कर मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों ने इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद राष्ट्रपति को विपक्षी सदस्यों को साथ लेते हुए समावेशी कैबिनेट के गठन का रास्ता साफ करने को मजबूर होना पड़ा था। हालांकि विपक्ष ने पेशकश को ठुकरा दिया था।

महिंदा राजपक्षे ने सोमवार को 17 सदस्यीय मंत्रिमंडल के साथ शपथ ली। इससे पहले तीन मंत्रियों को नियुक्त किया गया था। नये मंत्रिमंडल में परिवार की ओर से पूर्व सदस्यों चामल राजपक्षे और महिंदा के बेटे नामल राजपक्षे को जगह नहीं दी गई है। ये दोनों कैबिनेट मंत्री थे जबकि शशिंद्र राजपक्षे राज्यमंत्री थे। श्रीलंका 1948 में ब्रिटेन से आजादी मिलने के बाद, अब तक के सबसे बदतर आर्थिक हालात से गुजर रहा है।

आर्थिक संकट के चलते देश में राजनीतिक उथल-पुथल मची हुई है। इसके चलते लोग पिछले दिनों घंटों बिजली गुल रहने व ईंधन, खाद्य सामग्री, तथा रोजमर्रा की जरूरत के सामान की कमी के कारण सड़कों पर उतर आए और राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे के इस्तीफे की मांग करने लगे।

# 'टेस्ला' शेयरधारकों के एक समूह ने मस्क के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

डेट्रॉयट (अमेरिका), एजेंसी

टेस्ला कम्पनी के शेयरधारकों के एक समूह ने कम्पनी को निजी बनाने के बारे में मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एलन मस्क के 2018 के कुछ ट्वीट को लेकर उन पर मुकदमा कर दिया है और संघीय न्यायाधीश से मस्क को मामले पर टिप्पणी करना बंद करने का आदेश देने का अनुरोध किया है।

अदालती दस्तावेजों में टेक्सास स्थित कम्पनी के शेयरधारकों के वकीलों ने कहा कि मामले में एक न्यायाधीश ने फैसला सुनाया था कि टेस्ला को निजी बनाने के लिए निधि सुरक्षित रखने से जुड़े मस्क के ट्वीट झूठे थे और उनकी टिप्पणी 2018 के अदालती समझौते का भी उल्लंघन करती है। समझौते के तहत मस्क और टेस्ला ने दो-दो करोड़ डॉलर का जुमार्ना देने पर सहमति व्यक्त की थी।

गौरतलब है कि मस्क ने बृहस्पतिवार को टेड 2022 सम्मेलन में एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि



उनके पास 2018 में टेस्ला को निजी बनाने के लिए धन था। उन्होंने कहा कि उन्होंने केवल इसलिए समझौता कर लिया क्योंकि बैंक अधिकारियों ने उन्हें कहा था कि अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो वे धन मुहैया करना बंद कर देंगे और टेस्ला कम्पनी दिवालिया हो जाएगी।

टेस्ला शेयरधारकों के वकीलों ने शुक्रवार को दायर अदालती दस्तावेजों में आरोप लगाया कि मस्क मुकदमे में संभावित ज्यूरी के सदस्यों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं।

वकीलों का कहना है कि मस्क संभावित ज्यूरी के सदस्यों को प्रभावित करने के लिए अभियान चला रहे हैं, क्योंकि मामले पर जल्द सुनवाई शुरू होने वाली है। उन्होंने तर्क दिया कि मस्क ने 2018 के ट्वीट में टेस्ला को निजी बनाने के लिए 420 डॉलर प्रति शेयर की कीमत केवल शेयर की कीमतों में फेरबदल करने के लिए बताई थी।

वकीलों ने सैन फ्रांसिस्को में न्यायाधीश एडवर्ड एम. चेन से अनुरोध किया कि सुनवाई पूरी होने तक मस्क को इस मुद्दे पर आगे सार्वजनिक टिप्पणी करने से रोका जाए। इसके बाद, चेन ने मस्क के वकीलों से बुधवार तक मामले पर अपला रुख स्पष्ट करने को कहा।

मुकदमा ऐसे समय में दायर किया गया है, जब ट्विटर को खरीदने की पेशकश को लेकर पिछले कुछ दिनों से मस्क एक बार फिर चर्चा में बने हैं। मस्क ने ट्विटर के प्रत्येक शेयर के लिए 54.20 डॉलर की पेशकश की है। कुल मिलाकर यह पेशकश 43 अरब डॉलर से अधिक की है।

### यूक्रेन और मोल्दोवा को मानवीय सहायता प्रदान करेगा यूरोपीय संघ

**ब्रुसेल्स।** यूरोपीय संघ (ईयू) रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध से प्रभावित लोगों के लिए मानवीय सहायता के रूप में और पांच करोड़ यूरो (लगभग 54.03 अमेरिकी डॉलर) आवंटित करेगा। यूरोपीय संघ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार 4.5 करोड़ यूरो (लगभग 48.63 डॉलर) यूक्रेन में मानवीय परियोजनाओं के लिए आवंटित किये गये हैं, और 50 लाख यूरो (लगभग 5.4 डॉलर) पड़ोसी मोल्दोवा में परियोजनाओं के लिए आवंटित किये गये हैं, जहां सैकड़ों हजारों यूक्रेनी शरणार्थियों ने शरण ली है। बयान के अनुसार, नयी फंडिंग के साथ ही इस युद्ध के बाद यूरोपीय संघ की ओर से आवंटित कुल मानवीय सहायता निधि 14.3 करोड़ यूरो (लगभग 154.53 डॉलर) हो जायेगी। यह रकम आपातकालीन चिकित्सा सेवाएं, सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता तक पहुंच, आश्रय एवं सुरक्षा, नकद सहायता और लिंग आधारित हिंसा के खिलाफ समर्थन प्रदान कर अनिवार्य मानवीय जरूरतों को पूरा करने के लिए आवंटित की गयी है। यूरोपीय संघ ने बयान में कहा, यूक्रेन में भीषण लड़ाई और मिसाइल हमलों के कारण लगातार महत्वपूर्ण नागरिक बुनियादी ढांचे नष्ट हो रहे हैं।

# शंघाई में कोविड-19 की मौजूदा लहर के दौरान संक्रमण से तीन मरीजों की मौत

बीजिंग, एजेंसी

चीन के सबसे बड़े शहर एवं वैश्विक वित्तीय केंद्र शंघाई में कोविड-19 की मौजूदा लहर के दौरान सोमवार को संक्रमण के कारण तीन मरीजों की मौत दर्ज की गयी। चीन के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने सोमवार को बताया कि शंघाई में रविवार को कोविड-19 से तीन मरीजों की मौत हुई। मृतकों में सभी की उम्र 89 से 91 वर्ष बताई जा रही है तथा तीनों ने ही टीके की एक भी खुराक नहीं ली थी। करीब 2.6 करोड़ की आबादी वाले शंघाई में कोरोना वायरस के ओमीक्रोन स्वरूप के कारण संक्रमितों की संख्या काफी तेजी से बढ़ रही है। हांगकांग से प्रकाशित होने वाले साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की एक रिपोर्ट के मुताबिक चीन में एक मार्च से अब तक कोविड-19 के 3,72,000 मामलों की पुष्टि हो चुकी है।

चीन में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 2,723 नये मामले दर्ज किए गए, जिसमें से केवल शंघाई में ही 2,417 नये मामले सामने आए।



राष्ट्रींगय स्वास्थ्य आयोग के मुताबिक चीन में रविवार को स्थानीय स्तर पर कोरोना वायरस संक्रमण के 20,639 मामलों की पुष्टि हुई, जिनमें बीमारी का कोई लक्षण मौजूद नहीं था।

शंघाई की स्थानीय सरकार ने शहर में उत्पादन इकाईयां फिर से शुरू करने के लिए रविवार को औद्योगिक उद्यमों के लिए कोविड-19 संबंधी नये दिशा-निर्देश जारी किए। इस बीच, शंघाई में कई दिनों से लोगों को लॉकडाउन समेत अन्य कोविड-19 संबंधी पाबंदियों का कड़ाई से पालन करना पड़ रहा है। शंघाई में तीन बार व्यापक स्तर पर लोगों की जांच की जा चुकी है। सामुदायिक स्तर पर बनाए गए पृथकवास केंद्रों में रह रहे लोगों को भयावह परिस्थितियों का सामना करना पड़ रहा है। बेबेई (30) नामक एक महिला ने अपने अनुभवों के बारे में बताया कि उन्हें एक ऊंची छत वाले केंद्र में रखा गया है जहां चारपाइयों की कतारें हैं और हजारों अजनबियों की मौजूदगी में उन्हें एक ही छत के नीचे सोना पड़ता है। बेबेई का कहना है कि लाइटें 24 घंटे जली रहती हैं और नहाने के लिए गर्म पानी भी बड़ी मुश्किल से उपलब्ध हो पाता है।

बेबेई का कहना है कि पृथकवास केंद्र में साफ-सफाई का स्तर भी बहुत खराब है और अन्य मूलभूत सुविधाओं की भी कमी है। कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद घर में 10 दिन पृथकवास में बिताने के बाद पिछले मंगलवार को बेबेई और उनके पति को शंघाई में राष्ट्रीय प्रदर्शनी और सम्मेलन केंद्र में बने पृथकवास केंद्र में जाने का आदेश दिया गया था। चीन के सरकारी पृथकवास केंद्रों में रह रहे कई अन्य लोगों ने भी इसी तरह के अनुभव साझा किए हैं।

# यमन में हादी ने सऊदी अरब के दबाव में राष्ट्रपति पद से दिया इस्तीफा

साना, एजेंसी

यमनी के राष्ट्रपति अब्दराबुह मंसूर हादी ने सऊदी अरब के दबाव में अपने पद से इस्तीफा दे दिया है और अब वे नजरबंद हैं।

अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। अखबार ने रविवार को सऊद अरब और यमन को अधिकारियों के हवाले से रविवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद ने कथित तौर पर रियाद में बातचीत के दौरान श्री हादी को एक लिखित आदेश दिया, जिसमें राष्ट्रपति परिषद की शक्तियों का उपयोग करने के लिए प्रतिनिधिमंडल का प्रावधान है। अखबार के मुताबिक सऊदी अरब अधिकारियों ने श्री हादी पर पद छोड़ने के लिए दबाव डाला और उसकी कथित भ्रष्ट गतिविधियों के सबूत जारी करने की धमकी दी। सऊदी अरब के



एक अधिकारी ने बताया कि सऊदी अधिकारियों ने श्री हदी को रियाद में उसके घर तक सीमित कर दिया है और उसके साथ संचार को प्रतिबंधित कर दिया है। इन दावों को हालांकि कुछ अन्य अधिकारियों ने खारिज किया है। उल्लेखनीय है कि श्री हादी ने इस महीने की शुरूआत में यमन के देश में सात साल से चल रहे युद्ध के बाद पद छोड़ दिया था और अपनी शक्ति नव निर्मित राष्ट्रपति परिषद को सौंप दी, जिसमें आठ राजनीतिक नेता शामिल हैं।

### विश्व विरासत दिवस के मौके पर सभी स्मारकों में निःशुल्क प्रवेश

**नई दिल्ली।** विश्व विरासत दिवस के मौके पर देश भर के ऐतिहासिक स्मारकों में लोग निःशुल्क प्रवेश कर सकेंगे। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) द्वारा संरक्षित सभी स्मारक जैसे लालकिला, कुतुबमीनार, ताजमहल में लोगों का प्रवेश निःशुल्क होगा। इसके साथ संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय बावलियों पर अनूठी प्रदर्शनी का आयोजन कर रहा है। सुबह 11.30 बजे से इस प्रदर्शनी का उद्घाटन होगा। हमारे पूर्वजों और पुराने समय की यादों को संजोकर रखने वाले इन अनमोल वस्तुओं की कीमत को ध्यान में रखकर ही संयुक्त राष्ट्र की संस्था युनेस्को ने वर्ष 1983 से हर साल 18 अप्रैल को विश्व विरासत दिवस मनाने की शुरूआत की थी। इससे पहले हर साल 18 अप्रैल को विश्व स्मारक और पुरातत्व स्थल दिवस के रुप में मनाया जाता था। युनेस्को ने हमारे पूर्वजों की दी हुई विरासत को अनमोल मानते हुए इस दिवस को विश्व विरासत दिवस में बदल दिया।

# शहबाज ने जतायी भारत के साथ शांतिपूर्ण संबंध की इच्छा

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर दोनों देशों के बीच शांतिपूर्ण संबंधों की इच्छा व्यक्त की है और कहा है कि जम्मू-कश्मीर सहित सभी पुराने विवादों के शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से ही इसे सबसे अच्छी तरह हासिल किया जा सकता है।

स्थानीय अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से रविवार को बताया कि यह पत्र श्री मोदी के बधाई वाले ट्वीट के जवाब में लिखा गया है, जिसमें भारतीय प्रधानमंत्री ने आतंक-मुक्त वातावरण में संबंधों को बेहतर बनाने की इच्छा व्यक्त की थी। श्री मोदी ने 11 अप्रैल को श्री शरीफ को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के रूप में चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा, भारत क्षेत्र में आतंक से मुक्ति तथा शांति एवं स्थिरता चाहता है, ताकि हम अपनी विकास चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित कर सकें और अपने लोगों की भलाई एवं समृद्धि सुनिश्चित कर सकें। समाचार रिपोर्ट



- स्थानीय अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से रविवार को बताया कि यह पत्र श्री मोदी के बधाई वाले ट्वीट के जवाब में लिखा गया है।
- भारतीय प्रधानमंत्री ने आतंक-मुक्त वातावरण में संबंधों को बेहतर बनाने की इच्छा व्यक्त की थी।

के अनुसार, श्री शरीफ ने श्री मोदी को पत्र लिखकर इसी तरह की भावनाएं व्यक्त की। अखबार के अनुसार, श्री शहबाज ने पत्र में कहा, आपकी भावनाओं के अनुरूप, मैं यह बताना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध है। पाकिस्तान भारत के साथ शांतिपूर्ण और सहयोगपूर्ण संबंध चाहता है।

पत्र में कहा गया है, आतंकवाद से लड़ने और उसका खात्मा करने में हमारा बलिदान और योगदान विख्यात है और विश्व स्तर पर इसे मान्यता दी जाती है।

श्री शरीफ ने स्वीकार किया कि पाकिस्तान और भारत के बीच शांतिपूर्ण तथा सहयोगात्मक संबंध दोनों देशों के लोगों की प्रगति और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के साथ-साथ इस क्षेत्र के लिए अनिवार्य हैं।

उन्होंने कहा, यह जम्मू-कश्मीर के मूल मुद्दे सहित सभी पुराने विवादों के सार्थक एवं शांतिपूर्ण समाधान के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है। आइए शांति बनाए रखें और अपने लोगों की प्रगति और समृद्धि के लिए काम करें। गौरतलब है कि पीटीआई के इमरान खान को अपदस्थ करने के बाद 11 अप्रैल को संयुक्त विपक्ष के उम्मीदवार श्री शरीफ को देश का 23वां प्रधानमंत्री चुना गया।

### बुलडोजर एक्शन के विरोध में सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में बुलडोजर एक्शन के विरोध में जमीयत-उलेमा-ए-हिंद ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात में हो रही कार्रवाई को अवैध बताया गया है।

सभी राज्यों को इसे रोकने का निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकारें बिना किसी कानूनी प्रक्रिया का पालन किए ही आरोपितों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई कर रही हैं। आपराधिक कानून में इस तरह का दंड दिए जाने का कहीं कोई प्रावधान नहीं है।

ऐसा करना कानून का उल्लंघन है। याचिका में कहा गया है कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री और गृहमंत्री समेत कई विधायकों और मंत्रियों ने आरोपितों के खिलाफ आपराधिक जवाबदेही संबंधी बयान दिया जिसमें अल्पसंख्यक समुदाय को उनका घर तोड़ने की धमकी दी गई ।

**चर्चा** स्वास्थ्य और कल्याण क्षेत्र के विचारशील नेताओं ने हीमोफिलिया और अन्य रक्तस्राव विकारों और देश में देखभाल व उपचार के लिए स्थायी और न्यायसंगत पहुंच बढ़ाने पर चर्चा

# स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से HFI द्वारा आयोजित एक संवेदीकरण कार्यक्रम और भविष्य की राह

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

हीमोफिलिया फेडरेशन (इंडिया) (HFI) देश में हीमोफिलिया से पीड़ित व्यक्तियों (PwH) के कल्याण के लिए सामूहिक स्तर पर काम करने वाला एक शीर्ष संगठन है। इस संगठन द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से होटल इन, एयरो सिटी में एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भारत सरकार में संसदीय कार्य एवं संस्कृति राज्य मंत्री माननीय श्री अर्जुन राम मेघवाल थे। कॉन्फ्रेंस में उपस्थित प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए श्री मेघवाल ने कहा कि हीमोफिलिया फेडरेशन इंडिया हीमोफिलिया केयर VI कॉन्फ्रेंस 2022 की के तौर पर देशभर के बेहतरीन चिकित्सा पेशेवरों




- इस संगठन द्वारा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सहयोग से होटल इन, एयरो सिटी में एक दिवसीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।

को एक मंच पर लाया है। यह लोग मिलकर इस समस्या का सबसे अच्छा समाधान खोजने और नीति स्तर पर आवश्यक परिवर्तनों पर चर्चा कर रहे हैं। यह एक बहुत अच्छा कदम है। इस विषय पर जागरूकता बेहद महत्वपूर्ण है और इस तरह के आयोजन हीमोफिलिया की जानकारी पूरे देश के साथ साझा करने में मदद करते हैं। माननीय श्री मोहम्मद फैजल पी पी, सांसद, लक्षद्वीप, एनसीपी और माननीय श्री हर्ष मंगला, आईएएस, निदेशक, एनएचएम, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने भी सम्मेलन में उपस्थिति दर्ज की। उन्होंने भारत में दुर्लभ बीमारियों के बारे में जागरूकता पैदा करने व सर्वोत्तम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए नए कदमों और नई नीतियों के बारे में बताया। कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन अवसर पर HFI के प्रेसिडेंट श्री प्रेमरूप अल्वा ने कहा, विश्व हीमोफिलिया दिवस दुनियाभर में 140 देशों में मनाया जाता है। यह हमारी मुख्य पहलों में से एक है। इस दिन हमारे साथ जितने अधिक लोग जुड़ेंगे और इस विषय पर बात करेंगे, उतना ही हीमोफिलिया समुदाय को अपने मुद्दों को सबके सामने रखने के अवसर प्राप्त होंगे। हमें खुशी है कि स्वास्थ्य मंत्रालय हीमोफीलिया की व्यापक देखभाल के लिए HFI के साथ पूर्ण सहयोग कर रहा है। हमने एक लंबा सफर तय किया है। हमें आगे भी बहुत लंबा सफर तय करना है। हीमोफिलिया समुदाय के सामने कई तरह की मुश्किलें हैं, जैसे- पहचान न कर पाना, सरकारी खरीद में भारी अभाव, असमान वितरण। यह ऐसी समस्याएं हैं जिन्हें राज्य और केंद्रीय स्तर पर अच्छी हीमोफिलिया नीति बनाकर दूर किया जा सकता है।

# देश में कोरोना से 214 और मरीजों की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

देश भर में कोरोना संक्रमण के घटते-बढ़ते मामलों के बीच मृतकों की संख्या में 214 की वृद्धि हुई है, जिसके साथ ही देश में इस महामारी से मरने वालों की कुल संख्या 521965 हो गयी है। देश में इस समय कोरोना से होने वाली मौतों की दर 1.21 प्रतिशत है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने सोमवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 186 करोड़ 54 लाख 94 हजार 355 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के 2183 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश के विभिन्न अस्पतालों में इलाज करवा रहे कोरोना रोगियों की संख्या 11 हजार 542 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.03 प्रतिशत है। वहीं दैनिक संक्रमण दर 0.32 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया





कि इसी अवधि में 1985 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख 10 हजार 773 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.76 प्रतिशत है।

देश में पिछले 24 घंटे में दो लाख 61 हजार 440 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में अब तक कुल 83 करोड़ 21 लाख चार हजार 846 कोविड परीक्षण किए हैं।

पिछले 24 घंटे में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सबसे अधिक 256 सक्रिय मामले बढ़े हैं। इसके बाद यहां पर कोरोना मरीजों की संख्या 1518 हो गयी है। इस दौरान 261 लोगों के स्वस्थ होने से ठीक होने वाले मरीजों की कुल संख्या 1840872 हो गयी। पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 से किसी मरीज की मौत नहीं हुई और मृतकों का आंकड़ा 26,160 पर स्थिर रहा। केरल में कोरोना के सक्रिय मामलों में 516 की कमी आने के कारण इनकी संख्या 2466 रह गयी है। वहीं, इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6466280 हो गयी है और मृतकों का आंकड़ा 68615 हो गया है। कर्नाटक में 23 सक्रिय मामले बढ़ने से इनकी संख्या 1506 हो गयी है। इस दौरान 31 मरीजों के स्वस्थ होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 3904806 हो गयी है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 40057 पर स्थिर है।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोट: प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129, 9430990555